
■ पृष्ठ 12
■ मूल्य रु. 3.00
■ वर्ष 31 अंक 80
■ जबलपुर बुधवार 10 सितम्बर 2025
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



# भयंकर बवाल-जल उठा नेपाल : प्रदर्शन से पस्त पीएम ने दिया इस्तीफा

## संसद भवन में घुसे प्रदर्शनकारी, सुरक्षाबलों के हथियार लूटे, 25 से ज्यादा सांसदों का सामूहिक इस्तीफा

काठमांडू।

नेपाल में हिंसा, पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ का दौर जारी है। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ युवाओं के प्रदर्शन ने ओली सरकार को पूरी तरह से हिला दिया। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गृहमंत्री रमेश लेखक, कृषि मंत्री रामनाथ अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा है। विपक्षी दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 25 से ज्यादा सांसद भी सामूहिक इस्तीफा दे चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के इस्तीफे की भी खबरें आईं थी, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। नेपाल में लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एडवायजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एडवायजरी में भारतीय नागरिकों को नेपाल यात्रा न करने की सलाह दी गई है। मंगलवार को भी जेन-जी का प्रदर्शन सुबह से जारी रहा। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं सामने आ रही हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निजी आवास पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। कर्फ्यू और सुरक्षा के सख्त इंतजामों के बावजूद विरोध प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है। काठमांडू के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है और पूरा शहर छावनी में तब्दील हो गया है। काठमांडू के मेयर ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे को जीत बताते हुए प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील की है। सोशल मीडिया बैन, भ्रष्टाचार और नेपोटिज्म के खिलाफ शुरू हुआ यह जेन-जी प्रोटेस्ट अब तख्तापलट की शक्ल ले चुका है।

### सुप्रीम कोर्ट भी प्रदर्शनकारियों की जद में

प्रदर्शनकारियों की मांग है कि काठमांडू के मेयर बालेन शाह को अंतरिम सरकार में प्रधानमंत्री बनाया जाए। साथ ही ओली के इस्तीफे के बाद संसद को भंग किया जाए और देश में फिर से चुनाव कराए जाएं। नेपाल में सोमवार से शुरू हुए जेन-जी रिवोल्यूशन नाम के प्रदर्शन को 24 घंटे से ज्यादा का वक्त बीच चुका है और इस एक दिन के भीतर काठमांडू में काफी कुछ बदल गया है। नेपाल के संसद भवन से लेकर सुप्रीम कोर्ट अब प्रदर्शनकारियों की जद में हैं और पूरे काठमांडू पर आम जनता का कब्जा है।



### विदेश मंत्री को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

कई मंत्री प्रदर्शनकारियों के निशाने पर हैं, यहां तक कि नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और विदेश मंत्री आर्जू राणा देउबा पर हमला किया और उनकी पिटाई कर दी। प्रदर्शनकारियों ने वित्त मंत्री को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। सरकार ने सोशल मीडिया पर बैन लगाने का फैसला बीते दिन ही वापस ले लिया था

### कास्की जेल से 900 कैदी फरार

नेपाल के कास्की जिले की जेल से मंगलवार शाम 900 कैदी फरार हो गए। प्रदर्शनकारियों ने जेल पर धावा बोलकर ताले तोड़े और कैदियों को बाहर निकाल दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने जेल में घुसकर ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों की पिटाई की और फिर कैदियों को छुड़ाकर ले गए। कास्की जिला पुलिस कार्यालय ने बताया कि कैदियों के भागने के बाद प्रदर्शनकारी भी मौके से फरार हो गए। इससे पहले नक्खू जेल से आज 1500 कैदी फरार हो गए थे।

### पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया

*प्रदर्शनकारियों ने नेपाल के पूर्व पीएम झालानाथ खनल की पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार को जिंदा जला दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घर में बंदी बना लिया और घर में आग लगा दी। यह घटना काठमांडू के दल्लू इलाके में उनके घर पर हुई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, राज्यलक्ष्मी चित्रकार को कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।*

## तबाही देख भावुक हुए प्रधानमंत्री

### पंजाब को 1600 करोड़ पैकेज की घोषणा



**गुरदासपुर।** तिब्बड़ी कैंट में बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत करने के बाद बाहर निकले भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ व राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने करीब आधा घंटे किसानों से बातचीत की व उनकी समस्याएं सुनी। भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब आधा घंटा किसानों की बात सुनी। किसी ने बांध टूटने तो किसी ने अपनी दिहाड़ी टूटने की बात प्रधानमंत्री के आगे रखी। गरीब मजदूरों ने अपने घर टूटने की बात भी प्रधानमंत्री के आगे रखी। किसानों ने बताया कि कई किसानों ने ठेके पर जमीनें ली हुई थीं, जो कि बाढ़ के कारण बर्बाद हो गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी की बात सुनने के बाद विश्वास दिलाया कि वह उनके साथ खड़े और वह उनकी पूरी मदद करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब के लिए 1600 करोड़ की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने एक एक किसान और खेती मजदूरों को ध्यान से सुना। किसानों ने अवैध खनन, अवैध कटाई, धुस्सी की सही रिपेयर न होना धुस्सी टूटने का मुख्य कारण बताया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिक्र किया कि उन्होंने 1995 की बाढ़ अपनी आंखों से देखा था।

## खनिज विभाग ने लगाया 3.17 करोड़ का जुर्माना

सीधी।

सीधी जिले में खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई की है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने इसकी जानकारी दी। जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई। प्रशासन ने ग्राम नौगवादर्शन सिंह में भारत मिनरल्स की भंडारण अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन करने पर की गई। विभाग ने 3 करोड़ 17 लाख 79 हजार 727 रुपए का अर्थदंड प्रस्तावित किया है।

## जनता सीधे चुनेगी निकाय अध्यक्ष

### कैबिनेट का फैसला: मप्र में वाहन स्क्रैप कराने पर टैक्स में 50 प्रतिशत छूट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। कैबिनेट ने नगरीय निकायों में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के अध्यादेश को भी मंजूरी दे दी है। अब जनता सीधे अध्यक्ष चुन सकेगी। साथ ही बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि मध्यप्रदेश में वाहन स्क्रैप कराने वाले व्यक्ति को आरटीओ टैक्स में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। ये छूट बीएस-1 और बीएस-2 कैटेगरी के वाहनों को स्क्रैप कराने पर मिलेगी। स्क्रैप करने वाली संस्था को इंडस्ट्री का दर्जा दिया जाएगा। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष के लिए अगला चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। इसके लिए अभी दो साल का समय है। इसकी प्रक्रिया पूरी करने में समय लगना है, इसलिए अभी से इसका फैसला किया गया है। ऐसे में जो लोग नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाहते हैं, वे अभी से सीधे चुनाव के लिए तैयारी कर सकेंगे। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि कि वाहन स्क्रैप कराने पर भारत सरकार ने भी सब्सिडी देने की बात कही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए यह सरकार का बड़ा फैसला होगा। बीएस 5 गाड़ी आने लगी हैं। ऐसे में धीरे-धीरे बीएस 1, बीएस 2 और अन्य कैटेगरी के वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा।

### 17 को स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार थीम पर कार्यक्रम

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को धार जिले के बदनावर में पीएम मित्र पार्क का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर स्वस्थ नारी -सशक्त परिवार, स्वदेशी, एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम, जनमन योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और मिशन कर्मयोगी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## 68 घंटे बाद शिप्रा में मिला लेडी कॉन्स्टेबल का शव

**उज्जैन।** उज्जैन में नदी में बही कॉन्स्टेबल आरती पाल की कार शिप्रा में मिल गई है। आरती पाल का शव कार के पिछले हिस्से में मिला है। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि जिस पुल से कार गिरी थी, वहां से लगभग 70 मीटर आगे मिली है। एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम कंफर्म कर रही है। हमारी पहली प्राथमिकता उनकी बॉडी को सुरक्षित बाहर निकालना है। गाड़ी लोकल गोताखोर मोहम्मद इरफान ने खोजी है। गोताखोर इरफान ने बताया कि चार दिन से गाड़ी की सर्चिंग चल रही थी। आज मैंने टीआई से 15 मिनट का टाइम लिया था। अपने अंदाज से जहां कार गिरी थी, वहीं से गाड़ी की सर्चिंग की। उसी जगह पर कार और कॉन्स्टेबल आरती पाल का शव मिला है। जिसके बाद टीम को सूचना दी।

## सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे

### 'इंडिया' के बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया



**नई दिल्ली।** सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले। वहीं 'इंडिया' कैंडिडेट बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। कांग्रेस ने 'इंडिया' के 315 सांसदों के मतदान का दावा किया था, जिससे 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी को 15 वोट कम मिले। बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इनकार कर दिया। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष एकजुट रहा। हमारा प्रदर्शन सम्मानजनक रहा है। 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 40 प्रतिशत वोट मिले। जबकि 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष को 26 प्रतिशत वोट मिले थे। अंकों में भाजपा भले जीती हो लेकिन ये उनकी नैतिक हार है। वैचारिक लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।




नई दिल्ली।

वैसे तो आत्महत्या से 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं की मौत के दो सबसे प्रमुख कारणों में हमेशा रही है, लेकिन वर्ष 2020 से यह इस आयु वर्ग में मौत का सबसे बड़ा कारण बन गई है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी 'सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस)- भारत में मौत के कारण' के आंकड़े युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता को बढ़ाते हैं। नई रिपोर्ट वर्ष 2021 से 2023 के लिए है। इस अवधि में 15 से 29 आयु वर्ग में 17.3 प्रतिशत मौत खुदकुशी के कारण हुई। दूसरा बड़ा कारण वाहन एक्सीडेंट है जो 16.4 प्रतिशत युवाओं की मौत की वजह बना। एसआरएस की पिछली रिपोर्ट (2020-22) में युवाओं की मौत में खुदकुशी 17.1 प्रतिशत की वजह थी, वाहनों के एक्सीडेंट के कारण 15.6 प्रतिशत जान गई थी। नई रिपोर्ट के अनुसार सभी आयु वर्ग को मिलाकर देखें तो सबसे अधिक, 31 प्रतिशत मौतों का कारण दिल (कार्डियोवस्कुलर) की बीमारी है। उसके बाद श्वसन संबंधी इन्फेक्शन (9.3 प्रतिशत) और ट्यूमर (6.4 प्रतिशत) हैं। पाचन रोग 5.3 प्रतिशत मौतों की वजह बना तो 4.9 प्रतिशत मौतें अज्ञात बुखार के कारण हुईं।

पिछले दो दशक के आंकड़ों का विश्लेषण देखें तो वर्ष 2004-06 की रिपोर्ट के अनुसार उस दौरान युवाओं की 15.8 प्रतिशत मौत खुदकुशी के कारण हुई थी। खुदकुशी के कारण युवाओं में मौत का सबसे अधिक (18 प्रतिशत) अनुपात 2010-13 के दौरान देखने को मिला था। उस अवधि को छोड़ दें तो 2004-06 से लेकर 2016-18 तक यह अनुपात 17 प्रतिशत से कम रहा है। लेकिन 2017-19 से 2021-23 की अवधि में युवाओं की मौत में खुदकुशी का अनुपात हमेशा 17 प्रतिशत से अधिक रहा, सिवाय 2019-21 के जब यह अनुपात 16.3 प्रतिशत था।

## शिक्षित महिला नहीं कह सकती कि वह गुमराह है : हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शिक्षित और स्वतंत्र महिला अपनी मर्जी से एक शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध रखती है, तो वह यह दावा नहीं कर सकती कि उसे गुमराह या शोषित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को खारिज करते हुए सुनाया, जिस पर शादी का झांसा देकर, धोखाधड़ी और ठगी के साथ-साथ शिकायतकर्ता ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने रेप का मामला खारिज करते हुए कहा- शिकायतकर्ता को पता था कि आरोपी ने किसी और से शादी कर ली है, फिर भी वह उसके साथ स्वेच्छा से रही और यौन संबंध बनाए रखे। ये परिस्थितियां पुष्ट करती हैं कि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से थे और शादी के झूठे वादे से प्रेरित नहीं थे। ऐसे मामलों में वयस्कों को अपनी मर्जी से लिए गए फैसलों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने शादी का वादा करके कई बार उसका रेप किया और बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली। कोर्ट में बताया गया कि शिकायतकर्ता और आरोपी की शादी को लेकर दोनों के घरवालों के बीच बातचीत हुई थी। हालांकि, दहेज की मांग के कारण शादी टूट गई। फिर भी, शिकायतकर्ता और आरोपी एक-दूसरे से मिलते रहे, साथ घूमते-फिरते रहे और सहमति से शारीरिक संबंध भी बनाए। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि न्याय प्रणाली रेप के मामलों से जुड़े केस के बोझ तले दबी जा रही है।

अक्सर लंबे समय तक सहमति से बने संबंधों के बाद शादी के झूठे वादे के आधार पर रेप के आरोप लगाए जाते हैं। जस्टिस ने कहा- अदालतों में ऐसे कई मामले आते हैं जहां बालिग होने के बावजूद लोग स्वेच्छा से लंबे समय तक यौन संबंध बनाते हैं और अंत में तालमेल की कमी या किसी अन्य मतभेद के कारण संबंध टूट जाता है, तो रेप के आरोप लगाते हैं।

## ट्रेडिंग कारोबारी की 34.36 करोड़ की प्रॉपर्टी सीज

**भोपाल।** ईडी ने इंदौर में डब्बा ट्रेडिंग के नाम पर हवाला चैनल, क्रिप्टो करेंसी और ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोपियों की 34.36 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। मंगलवार को ईडी से मिली जानकारी के मुताबिक इस कार्रवाई के पहले ईडी इनके यहां से आपत्तिजनक रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण, नकदी, चांदी, सोना और क्रिप्टो करेंसी जब्त कर चुका है। ईडी मुख्यालय की नई दिल्ली यूनिट ने डब्बा ट्रेडिंग मामले में यह कार्रवाई विशाल अग्निहोत्री, तरुण श्रीवास्तव, हितेश अग्रवाल, धर्मेश रजनीकांत त्रिवेदी, श्रीनिवासन रामासामी, करण सोलंकी, धवल देवराज जैन और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ की है।

## युद्ध 4 दिन का टेस्ट मैच नहीं: सेना प्रमुख

### जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना

नई दिल्ली।



आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा- पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की। आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आई है, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हवाई शक्ति की अहमियत बताई थी। इधर, सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा- कुछ लोगों ने कहा कि ये तो चार दिन का टेस्ट मैच था, लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था कि ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि ये इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत हथियारों के मामले में राइफल से लेजर हथियारों तक जाना चाहता है। हम ऐसे टैंक सेना में शामिल कर रहे हैं जो बिना किसी व्यक्ति के संचालित हो सकें। सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्ध में डेविड एंड गोलियथ सिस्टम अहम है। इसका मतलब है कि कम डेवलप देश भी बड़े और ताकतवर दुश्मन को हरा सकते हैं। इसके लिए फोर्स एप्लिकेशन और फोर्स प्रोटेक्शन दोनों ही जरूरी हैं। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, सेना के लिए नए हेलिकॉप्टरों की खरीद पर भी बात चल रही है। मैं कुछ दिन पहले ही इस सिलसिले में विदेश गया था। हम सैनिकों की जिंदगी बेहतर करने पर जोर दे रहे हैं।

### भारत के सामने ढाई मोर्चों की चुनौती

जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत के सामने ढाई मोर्चों की चुनौती है, ऐसे में थल सेना का दबदबा बनाए रखना जरूरी है। युद्ध की प्रकृति लगातार बदल रही है और भारतीय सेना भी नई तकनीकों और आधुनिक हथियारों को तेजी से शामिल कर खुद को बदल रही है।

# भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित : ओमप्रकाश धुर्वे






## सेवा पखवाड़ा केवल पार्टी का कार्यक्रम नहीं बल्कि जनसेवा का अवसर : नेताम

डिंडौरी; स्वतंत्र मत

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धुर्वेए भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य अतिथियों ने भारत माताए पंण् दीनदयाल उपाध्याय और डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि श्री धुर्वे ने कहा कि भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहितए सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है। सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहींए बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी जैसे विचारों से जोड़ना समय की आवश्यकता है।

जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मंत्र सेवा परमो धर्म हमें प्रेरणा देता है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि का मार्ग बनाने का अभियान है। रक्तदान शिविरए स्वच्छता अभियानए वृक्षारोपणए मरीजों को फल वितरण एवं दिव्यांग जनों से संपर्क जैसे कार्यक्रम इसके अंतर्गत होंगे।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा जिला प्रभारी जय सिंह मरावी ने किया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह मरावी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेए जिनमें महेश पाराशरए बद्री प्रसाद साहूए सुधीर दत्त तिवारीए स्कंद चौकसेए सपना जैनए अंजू ब्यौहारए प्रियंका आमोंए पवन शर्माए राहुल पांडेए जय सिंह राजपूतए मनोहर ठाकुरए महेश सिंह धूमकेतु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



## दो माह से मानदेय से वंचित ग्राम रोजगार सहायक महासंघ ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन



डिंडौरी, स्वतंत्र मत

जिले में ग्राम रोजगार सहायक संघ.मनरेगाए ग्राम रोजगार सहायक महासंघ एवं पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ के संयुक्त संगठन ;मोर्चाद्ध मध्यप्रदेश ने ग्राम रोजगार सहायकों ;सहायक सचिवोंद्ध का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग उठाई है। संगठन द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। संयुक्त संगठन ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ;मनरेगाद्ध के आयुक्त एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि विगत दो माह से ग्राम रोजगार सहायक मानदेय से वंचित हैं। इस दौरान रक्षाबंधनए जन्माष्टमीए स्वतंत्रता दिवस और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख त्यौहार बिना मानदेय के ही बीत गए। संगठन ने कहा कि भुगतान में लगातार हो रही देरी से ग्राम रोजगार सहायक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी कार्य क्षमता और मनोबल पर पड़ रहा है। ग्राम स्तर पर विकास योजनाओं के सफल संचालन की जिम्मेदारी उन्हीं पर हैए लेकिन समय पर परिश्रम का प्रतिफल न मिलना खेदजनक है।

# हादसों का खतरा: झूलते तारों और कम वोल्टेज से ग्रामीणों की मुश्किलें

## डिंडौरी जनपद चटुवा गाँव में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान

डिंडौरी; स्वतंत्र मत



जनपद पंचायत डिंडौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा के ग्रामीण लंबे समय से बिजली की समस्याओं से जूझ रहे हैं। झूलते हुए तारए कम वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती ने ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुँचे जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने बताया कि गाँव में खंभों से जुड़ी तारें कई जगहों पर नीचे तक झूल रही हैंए जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पहले भी दो बार धान के भूसे में आग लग चुकी है। बरसात के दिनों में तारों से करंट उतरने का खतरा बढ़ जाता है और ग्रामीणों की जान पर बन आती है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब बिजली आती भी है तो वोल्टेज इतना कम रहता है कि घरों में अंधेरा ही छाया रहता है। अंधेरे के कारण सर्प और कीड़े.मकोड़ों का खतरा बना रहता है और बच्चे ढंग से पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

श्री चंदेल ने बताया कि कई बार जनपद पंचायत की सामान्य सभा एवं बिजली विभाग को समस्या से अवगत कराया गयाए लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार कार्य नहीं किया गया। हाल ही में समीपस्थ गाँव में तार टूटने की घटना हुईए उस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों के फोन तक नहीं उठा रहे थे। शिकायत करने आए जनपद सदस्य संतोष सिंह चंदेल ने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर तारों की मरम्मतए आवश्यक सुधार कार्य एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की हैए ताकि गाँव में सुरक्षित माहौल बन सके और बच्चे सुचारु रूप से पढ़ाई कर सकें।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 75 आवेदन, अधिकांश का हुआ त्वरित निराकरण

डिंडौरी, स्वतंत्र मत



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण कर दिया गया। वहीं जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं थाए उनके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय.सीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौरए अपर कलेक्टर जेण्पीण् यादवए एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ग्राम कुटेलीदादर के ग्रामीणों ने जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि अधूरा कार्य बंद होने से विद्यार्थियों और आमजन को पाँच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

इसी तरह ग्राम जमुनिया के एक आवेदक ने वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए पात्र घोषित होने के बावजूद आज तक आवास न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। ग्राम बरबसपुर के निवासियों ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी।

ग्राम पंचायत चटुवा के लोगों ने गाँव में लगे जर्जर विद्युत तारों की मरम्मत और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की माँग की। उनका कहना था कि तारों के टूटने से हादसों का खतरा बना रहता है और पर्याप्त रोशनी न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

ग्राम पंचायत पंकू टोला के ग्रामीणों ने बरसात के मौसम में कच्चे रास्तों की समस्या उठाई। उन्होंने वैकल्पिक सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी देने एवं राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बिलासर की दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने तालाब में मछली पालन कार्य प्रभावित होने और पंचायत प्रतिनिधियों की अनदेखी की शिकायत अधिकारियों से की।

इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने पेयजल संकटए राजस्व भूमि विवाद और शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएँ भी अधिकारियों के सामने रखीं।

# कमिश्नर ने दूर-दराज से आए लोगों की सुनी समस्याएं




शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर निवासी सुखधारी लाल वर्मा ने बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य पर रोक लगवाने, कल्याणपुर निवासी सेवा निवृत्त लैबटेक्नीशियन रामप्रसाद पनिका ने अर्जित अवकाश की राशि भुगतान कराने, गोहपारू निवासी कमल गुप्ता सेवा निवृत्त सहायक ग्रेड-2 ने वेतन एरियर्स की राशि का भुगतान कराने, जिला उमरिया के मानपुर निवासी अश्वनी सोनी ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए।

कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले भर से आए आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्या, निराकरण करने के दिए निर्देश



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में रामललि पाण्डेय सिंहपुर निवासी स्थानातंरण प्रमाण पत्र दिलवाने, ग्राम झगरहा निवासी मोहम्मद इस्माइल ने ऋण पुस्तिका बनवाने, ग्राम मसीरा जयसिंहनगर निवासी सरोज केवट ने उज्जवला योजना का लाभ दिलाने, सोहागपुर वार्ड नम्बर 1/3 शहडोल निवासी राकेश कुशवाहा ने मकान क्षति में सहायता राशि दिलवाने, घरौला मोहल्ला शहडोल निवासी आशा विष्वकर्मा ने नाली बंद कराने हेतु जन सुनवाई में आवेदन किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। आवेदनों को कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## अवैध रेत परिवहन पर पुलिस की कार्यवाही



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत रात्रि गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जरवाही की ओर से एक लाल-पीले रंग का डग्गी अवैध रेत का परिवहन करते हुए ग्राम पकरिया की दिशा जा रही है। प्राप्त सूचना पर तत्काल बुढ़ार पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोककर परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत वाहन में रेत भरी पाई गई। चालक से पूछताछ करने पर उक्त ने अपना नाम कन्हैया ढीमर बताया एवं रेत परिवहन संबंधी वैध अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसपर वाहन क्रमांक सीजी 10बीएल 9775 (डग्गी) सहित अवैध रेत कुल अनुमानित मूल्य 15,08,000 विधिवत मौके पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। चालक कन्हैया ढीमर से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह अवैध रेत परिवहन केशव यादव के कहने पर किया जा रहा था, जिसपर बुढ़ार पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर बी.एन.एस. एवं खान एवं खनिज अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोशिएयन की बैठक आर. एल. तिवारी जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रांतीय संगठन मंत्री रवि करण त्रिपाठी के निज निवास में आयोजित की गयी, बैठक में 14 सितम्बर को संगठन का स्थापना दिवस मनाये जाने पर विचार विमर्स कर रूप रेखा तय की गयी। स्थापना दिवस का आयोजन राजीव गाँधी कम्पुटर कॉलेज दूर संचार के पीछे या लॉ कॉलेज शहडोल में किया जाना प्रस्तावित हैं बैठक में मुख्य रूप से उप प्रान्ताध्यक्ष के. पी. महेंद्रा, गोपी नाथ सिंह, प्रदेश विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष के. के. सिंह, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता शम्भू प्रसाद तिवारी, जिला संरक्षक एच. व्ही. नगाइच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. पी. दुवे, सम्भागीय उपाध्यक्ष आर. पी. पटेल, जिला उपाध्यक्ष अरुण पाण्डेय, राजाराम शर्मा, जिला सचिव अशोक द्विवेदी सयुक्त सचिव वी.जी. पटेल, कोषाध्यक्ष राममिलन शर्मा, तहसील सोहागपुर अध्यक्ष लालमणि जैसवाल बुढार अध्यक्ष ओंकार सिंह, कार्यकारणी सदश्य बलभद्र प्रसाद व्दिवेदी हरछठ प्रसाद नापित, सुरेन्द्र प्रसाद दुबे, अच्छेलाल राठौर, आर. आर. शर्मा, रामसजीवन विश्वकर्मा, के साथ सैकड़ो की तादात में सदस्यगण उपस्थित रहे बैठक का सफल संचालन लोकेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया।

# पुलिस का बड़ा एक्शन, विवेचना पर बढ़ाई गई धाराएं

## दहेज के लोभियों ने उजाडा एक बेटी का घर, हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत, गिरफ्तारी तय






**ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)।** शासन के सख्त कार्यवाही और समाज के लाख कोशिसो के बाद भी दहेज जैसी कुप्रथा बंद होने का नाम नहीं ले रही है। अब दहेज की कुप्रथा ने एक और बेटी की जिंदगी को नर्क बना दिया है। सांची सोनी नाम की पीड़िता ने पति और ससुराल पक्ष पर कार व 5 लाख रुपये की मांग, सात साल तक प्रताडना, तीन बार जवरन गर्भपात, मारपीट और कैद जैसे अमानवीय अत्याचारों के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अदालत से जमानत खारिज होन के बाद आरोपिंों की गिरफ्तारी अब तय माना जा रहा है। दहेज जैसे अमानवीय कुप्रथा ने फिर एक बेटी की जिंदगी को नर्क बना दिया है। फरियादिया सांची सोनी पति राहुल सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 सोहागपुर, हाल मुकाम मायका ब्यौहारी वार्ड नं 11 ने अपने पति राहुल सोनी, सास क्षमता सोनी, ससुर राजकुमार सोनी, देवर रोहित सोनी एव ननद जया सोनी के खिलाफ पुलिस में दिल दहला देने वाली शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में विस्तार से लिखा है कि शादी 29 अप्रैल 2018 को सोहागपुर निवासी राहुल सोनी से हुईं थी। विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी हैंसियत से बढकर 3,51,000 नगद, 15 तोला सोना, 3 किलो चांदी, टीवी, फ्रिज, पलंग, अलमरी व अन्य गृहस्थी का पूरा सामान दिया। इसके बावजूद ससुराल पक्ष कभी संतुष्ट नहीं हुआ। शादी के चंद दिनो बाद से ही कार और नगद 5 लाख की मांग शुरू हो गईं।

**सात साल से जारी रहा प्रताडना**-पीड़िता के अनुसार पति व ससुराल जन आए दिन ताने मारते, गालियां देते और मारपीट करते थे। सोने-चांदी के जेवर छीन लिए गए और यहां तक कि तीन वार जबरन गर्भपात भी कराया गया। एक बार लोहे की पाइप से हमला कर सिर फोड़ दिया, जिससे पीडिता का भोपाल अस्पताल में ऑपरेशन कराना पड़ा। जब भी प्रताडना बढ़ती, पीड़िता के पिता व परिजन समझाने की कोशिश करते, लेकिन आरोपी पक्ष हर बार अपने वादे तोड़ता रहा। 2018 से लेकर 2025 तक पति राहुल सोनी का कईं जिले में ट्रांसफर हुआ, नरसिंहपुर, भोपाल और खंडबा। हर जगह पीड़िता को मारपीट और कैद जैसी स्थिति में रखा गया। भोपाल में तो कमरे में ताला लगाकर घंटों बंद किया जाता था और कैमरा लगाकर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती थीं। पराकाष्ठा यह रही कि गर्भपात के बाद भी पीडिता को मारपीट और धमकियों से नहीं छोडा गया।

**खंडवा नें ताजा वारदात**-पीडिता ने बताया कि अप्रैल 2025 से पति और ससुराल वाले रोजाना कार व नगद 5 लाख की मांग कर रहे हैं। 1 से 2 मईं की रात उसे बुरी तरह पीटा गया नाक आर मुंह से खून बह निकला। पिता और परिजन खंडवा पंहुचे तो उन्होंने पीड़िता की हालत देख कर 100 डायल की मदत ली। भयभीत पीड़िता अंत: अपने मायके ब्यौहारी लौट आई और थाना ब्यौहारी मे सख्त कार्यवाही की गुहार लगाई।

**पुलिस की सख्त कार्यवाही**-पीड़िता की शिकायत पर थाना ब्यौहारी मे प्रकरण दर्ज कर धारा 85, 296,115, 351(3),3(5) बीएनएस और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। शुरू मे रूण हत्या की धारा नहीं लगायी गयी थी लेकिन विवेचक वीरेंद्र तिवारी ने चर्चा के दौरन स्पष्ट किया कि अब धाराएं बढ़ा दी गयी है और सम्भवत: पुलिस शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

**जमानत पर नाकामी, अब गिरफ्तारी तय**-आरोपी पक्ष ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले ब्यौहारी न्यायालय और फिर उच्च न्यायालय तक अग्रिम जमानत की कोशिश की, लेकिन कहीं कोई राहत नहीं मिली। अब पुलिस के पास खुली छूट है और कानून का शिकंजा इन दहेज लोभियों पर कसने ही वाला है। यह मामला दहेज जैसी घृणित प्रथा की क्रूर सच्चाईं को उजागर करता है। एक ओर सरकार और समाज दहेज उन्मूलन की बात करता है, वहीं दूसरी ओर इस लालच ने एक बहू को सात साल तक लगातार प्रताड़ित किया। दहेज कानून के बावजूद ऐसे मामले इस बात का सबूत हैं कि समाज में अभी भी लोभ और कुप्रथा का बोलबाला कायम है।

# घनी बस्तियों में ओवरलोडेड डंपरों का आतंक, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

## गोसलपुर का मामला, प्रदूषण से फैला बीमारियों का खतरा

सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।

गोसलपुर बस्ती के निवासियों को इन दिनों ओवरलोड हाईवे डंपरों और 10-चक्का वाहनों के आतंक का सामना करना पड़ रहा है। ये भारी वाहन, जो अतरिया, पौड़ी, सिलुआ, झांसी, टिकरिया और खमरिया की खदानों से खनिज पदार्थ लेकर निकलते हैं, सीधे बस्ती के अंदर से होकर गुजर रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, और प्रदूषण का स्तर भी खतरनाक रूप से बढ़ गया है।



### दुर्घटनाओं का बढ़ता सिलसिला

ग्रामीणों का कहना है कि इन वाहनों में क्षमता से कहीं ज्यादा खनिज भरा होता है। इसके कारण ये वाहन बेहद धीमी गति से चलते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। साथ ही, ओवरलोड होने की वजह से कई बार ये वाहन नियंत्रण खो देते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। पिछले कुछ महीनों में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें से कुछ में लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

### धूल और प्रदूषण से बीमारियों का खतरा

इन ओवरलोड डंपरों से खनिज पदार्थ लगातार सड़कों पर गिरता रहता है, जिससे पूरे इलाके में भारी मात्रा में धूल और डस्ट उड़ रही है। यह धूल हवा में मिलकर सांस लेने वालों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके कारण उन्हें लगातार सांस संबंधी बीमारियों, जैसे अस्थमा और ब्रोंकाइटिस का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों बुजुर्गों के लिए यह स्थिति ज़्यादा खतरनाक है।

### बस्ती से बंद हो वाहनों का आवागमन

स्थानीय लोग लगातार प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि इन भारी वाहनों का आवागमन बस्ती के अंदर से बंद किया जाए। उनकी मांग है कि इन डंपरों के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए, ताकि बस्ती के लोग सुरक्षित रह सकें और प्रदूषण से भी बच सकें। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर प्रशासन को तुरंत ध्यान देना चाहिए। लोगों के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# आवारा श्वानों के नियंत्रण पर बनाई जाएगी मॉडल कार्ययोजना

### जनसंगठन, एक्टिविस्ट, पशु चिकित्सा सहित ननि अधिकारी करेंगे बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तहत् आवारा श्वानों पर नियंत्रण करना जरूरी हो गया है। इस हेतु वेटेरीनरी कालेज के वैज्ञानिक, जनसंगठन, एक्टिविस्ट तथा शासकीय पशु चिकित्सा एवं नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर एक ऐसी कार्ययोजना बनायेंगे जो पूरे प्रदेश के लिए मॉडल योजना बन जायेगी।

यह घोषणा मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान कही । तदानुसार उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश जारी किये।



### आक्रामक हो रहे श्वान

डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि बर्तमान में श्वानों का ब्रीडिंग सीजन चल रहा है ऐसे में वे ज्यादा ही आक्रामक हो रहे हैं। हाल ही में सिवनी में कुत्तों के नोचने से एक बच्ची की मौत हो गई है। ऐसे में नागरिकों को इस सीजन में सतर्क रहना होगा, यह संदेश नगर निगम द्वारा सभी ओर फैलाना चाहिए।

विभिन्न संगठनों ने एकमतेन मांग की है कि श्वानों का बधियाकरण तथा टीकाकरण कर सुस्ती से काम न हो इस हेतु ताबड़तोड़ कार्ययोजना बनना जरूरी है। इस अवसर पर रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंह, एड. वेदप्रकाश आधौलिया, सुशीला कनौजिया, पीएस राजपूत, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अतिवृष्टि से किसानों में छाया गहरा संकट : पं पुरूषोत्तम तिवारी



जबलपुर (स्वतंत्र मत) ।

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर पुरूषोतम तिवारी ने बताया कि मप्र देश का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक राज्य है। वर्ष 2023-24 में प्रदेश ने लगभग 54.7 लाख टन (5.47 मिलियन टन) सोयाबीन उत्पादन किया था, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 42 प्रतिशत है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था और किसानों की आजीविका का मुख्य आधार सोयाबीन है। लेकिन इस वर्ष हुई अतिवृष्टि और जलभराव के कारण लाखों हेक्टेयर में खड़ी सोयाबीन की फसल चौपट हो गई है। खेतों में पौधे सड़कर नष्ट हो रहे हैं और किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है।लगातार बारिश और जलभराव से खेतों की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। किसानों की आय और आजीविका पर गहरा संकट छा गया है। श्री तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश के लाखों किसान सोयाबीन संकट से बेहाल हैं। यदि सरकार ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह संकट न केवल किसानों बल्कि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी गहरा आघात पहुंचा सकता है ।

# अवैध उत्खनन पर प्रशासन ने की कार्यवाही

### पहाड़ को काटकर किया जा रहा था उत्खनन, मौके से पोकलेन मशीन जब्त

**जबलपुर।** बरगी क्षेत्र अंतर्गत मानेगांव ग्राम बढ़ैयाखेड़ा में पहाड़ कारटकर अवैध उत्खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन के द्वारा कार्यवाही की गई है। प्रशासन-पुलिस की टीम ने मौके से अवैध उत्खनन कर रही पोकलेन मशीन को भी जब्त किया है। वहीं अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्यवाही की तैयारी की जा रही है।



जानकारी अनुसार ग्राम बढ़ैया खेड़ा स्थित नहर के समीप अवैध रूप से पहाड़ी काटकर उत्खनन करने की शिकायत अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड को स्थानीयजनों एवं अधिवक्ताओं द्वारा की गई। जिस पर अपर कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार रवीन्द्र कुमार पटेल मौके पर पहुंच गए। जहां मौके पर पोकलेन मशीन द्वारा पहाड़ी काटकर उत्खनन किया जा रहा था।

तहसीदार द्वारा मौके पर मौजूद लोगों से लीज, उत्खनन की परमीशन आदि दस्तावेज मांगे गए लेकिन उत्खनन कर रहे लोगों द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद तहसीलदार द्वारा पोकलेन मशीन जब्त करने की कार्यवाही कर बरगी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। अधिवक्ता राजकुमार यादव,सुरेश कुशवाहा, हेमंत पटेल, सोमदत्त यादव, यशस्वी, सुनील पटेल, हिमांशु गुप्ता, प्रथम आदि ने बताया कि यहां शासकीय भूमि पर अवैध उत्खनन कर लाखों-करोड़ों के वारे न्यारे किए जा रहे थे। जिसकी उनके द्वारा शिकायत की गई है। वहीं अधिकारियों से अवैध उत्खनन करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# स्वामी रामचंद्रदास महाराज का 86वां वर्धापन दिवस मनाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** ।स्वामी रामचंद्र दासजी महाराज ने 85 वर्ष पूर्ण कर 86 वे वर्धपन जन्मोत्सव दिवस पर नर्मदा पूजन गोमाता पूजन कर विराट हॉस्पिस की संचालक पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में बाबरा आश्रम में सुबह मरीजो के लिए राशि भेंट की ।राधा संकीर्तन मंडल के सदस्य अग्रवाल सेवा समिति सहित शरद अग्रवाल, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, देव सोनी, अरुण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया आश्रम में गौशाला नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा के अलावा 14 सालों से 200 लोगों को भोजन करने की व्यवस्था क्षेत्र में घूम-घूम कर चलित प्रसादम सेवा के नाम से प्रतिदिन की जाती है । हाल में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चलित प्रसादम सेवा जबलपुर ने 1 लाख 15000 भक्तों को अयोध्या में भोजन कराया गया है।



# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।

मझौली में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विकास खंड में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की यूनेस्को थीम डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना पर केंद्रित यह कार्यक्रम लोगों को आजीवन शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया। साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत विकास खंड के सभी विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें रैलियां, नारे, सर्वेक्षण और निबंध प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना था। मुख्य समारोह विकास खंड स्तर पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, जनपद उपाध्यक्ष रमेश झारिया, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बृज किशोर गर्ग, संकुल प्राचार्य अनिल पीटर और भूतपूर्व शिक्षक किशोरी लाल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




### स्व. रतन चंद नामदेव की पुण्यतिथि पर आज होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत** । भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भूमिगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मुंबई फिल्म जगत में मटका संगीत के जनक स्व रतन चंद नामदेव जी की 30वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शैलेष सतीश नामदेव एडवोकेट एवं एडवोकेट योगेश नामदेव के निवास दूरसंचार ऑफिस के पास राईट टाउन में 10 सितंबर 2025 दिन बुधवार को 11.30 बजे से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जा रही है । इस आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एव विधायक लखन घनघोरिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सीतलानी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रासहित व समस्त कांग्रेस जनों से 10 सितंबर को प्राप्त 11.30 बजे आयोजन में सपरिवार हित उपस्थिति होने की अपील की है ।

# जुआं फड़ पर पुलिस की रेड 1.39 लाख की नगदी जब्त

### कटंगी के चरगवां रोड पर स्पेशल टीम की कार्यवाही

**जबलपुर।** कटंगी थाना क्षेत्रांतर्गत चरगवां रोड स्थित कल्लू सिंह के खेत में बने मकान पर आबाद जुआं फड़ की सूचना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गई। जिसके बाद रामपुर और बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित कर मौके पर रेड मारी गई। जहां से पुलिस ने पांच जुआरियों को इक्का-बली पर दांव लगाते हुए धर दबोचा। वहीं कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे।

पुलिस ने फड़ से एक लाख 39 हजार तीन सौ रुपये की नगदी, पांच स्मार्ट मोबाईल फोन व तीन मोटर साइकिल सहित एक कमांडर जीप जप्त की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कटंगी चरगवां रोड स्थित कल्लू सिंह के खेत में बने मकान पर जुआं फड़ संचालित होने की सूचना मिली थी। जिसकी तस्दीक करायी गई। सूचना सही पाये जाने पर रामपुर चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह, बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस लाईन की टीम ने मौके पर दबिश दी।

जहां से पुलिस ने राजकुमार लोधी पटैल पिता रमेश चंद्र लोधी उम्र 53 वर्ष निवासी दोनिया थाना पनागर, विक्रम उर्फ विक्की खटीक उम्र 35 वर्ष निवासी खेरमाई वार्ड थाना हनुमातल, कमलेश सिंह लोधी उम्र 36 वर्ष निवासी चौरई थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह, आशीष पटैल पटैल उम्र 42 वर्ष निवासी पंसारी मोहल्ला थाना गोरखपुर एवं संदीप जैन उम्र 34 वर्ष निवासी मेन रोड गंगई सेन्ट्रल बैंक के पास चरगंवा बताया।



# लाखों रूपये लेने के बाद भी बिल्डर नहीं दे रहा घर

### पीड़ित ने कलेक्टर से शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

**जबलपुर।** सोनपुर घाना के रहवसियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर बिल्डर मयंक राजपूत के विरुद्ध धोखाधड़ी करने की शिकायत की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिल्डर द्वारा मकान की पूरी राशि लेने के बाद भी उनको मकान नहीं दि 205 शुभम रेसीडेंसीए तिलहरी जबलपुर दिनांक 18/4/2023 को निर्माण का अनुबंध किया था, जिसका सौदा 22 लाख 50,000 हजार रूपये मकान बनाने का पूरा कार्य और मकान को सौंपने का अनुबंध के आधार पर हुआ था तथा निर्माण कार्य की समयसीमा 12 माड तय थी। जिसके निर्माण कार्य के समय बैंक से विनय कुमार ने लोन फायनेंस कराया था, जिसका पैसा 19,75,000 अंकन उन्नीस लाख पचहत्तर हजार रूपये बैंक के नाध्यम से मयंक राजपूत को प्राप्त हुआ एवं विनय कुमार से वकैश 2.25.000 हजार रूपये मयंक राजपूत को प्राप्त हो चुका है, जिसकी अंतिम किस्त 50,000 रूपये बाकी थी। परन्तु भवन निर्माण अनुबंध के आधार पर कोई भी कार्य सही ढंग से नही किया गया तथा समय से निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ इस कारण बैंक द्वारा 50,000 की किश्त नहीं भुगतान की है। सस्ता एवं घटिया मटेरियल का इस्तेनाल कर निर्माण कार्य किया गया। पीड़ित ने बताया कि बिल्डर से बात करने पर वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है। अधिकारियों ने शिकायत पर जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# निर्माणी कर्मचारी संगठनों ने मिलकर किया निगमीकरण का विरोध

### कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार पर साधा निशाना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** ।देश के सभी आयुध निर्माणियों का निगमीकरणी किए जाने का कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में शहर में भी मंगलवार को आयुध निर्माणी के कर्मचारी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि देश के तमाम आयुध निर्माणयों को 1 अक्टूबर 2021 को मौजूदा सरकार द्वारा निगम में परिवर्तित कर कुल 41 आयुध निर्माणयों को 7 भागो में बाट कर उन्हें 7 डीपीएसयू में परिवर्तित कर दिया गया था। तब से ही आयुध निर्माणयों में बतौर सरकारी कर्मचारी नियुक्त हुए कर्मचारी अधिकारी अपने ही निर्माणी में मानित प्रतिनियुक्ति (डीम्ड डेप्युटेशन) में कार्य कर रहे है। परन्तु इसकी अवधि भी 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रही है। सरकार द्वारा कर्मचारियों से विकल्प लेने तथा नीति तैयार करने हेतु एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया गया है , जिसका काम है कि इस संबंध में संपूर्ण जानकारी 31 दिसंबर तक पूर्ण कर सुचारू रूप से लागू करवाना ।रक्षा मंत्रालय के इस निर्णय के बाद आयुध निर्माणयों में काम कर रही सभी महासंघ सीडीआरए एवं एसोसिएशन इस के विरोध में अपना विरोध प्रदर्शन आरम्भ कर दिया है। इस संबंध में एआईडीइफ के संगठन मंत्री अर्नब दास गुप्ता ने कहा कि हम सरकार के इस निर्णय के बिलकुल खिलाफ है, हम बतौर सरकारी कर्मचारी नियुक्त हुए है और सेवानिवृति तक हमे सरकारी कर्मचारी बने रहने से कोई नहीं रोक सकता उन्होंने यह भी बताया कि एआईडीईएफ द्वारा चेन्नई उच्च न्यायालय में निगमीकरण के खिलाफ याचिका दायर किया गया था । जहां पर महाधिवक्ता द्वारा स्वयं जवाब में कहा गया था कि जब तक सरकारी कर्मचारी स्वयं निगम में जाने का विकल्प न दे तब तक उन्हें सरकारी कर्मचारी बने रहने से कोई नहीं हटा सकता ।



**एक माह तक चलेगा प्रदर्शन**

महासंघ के आह्वान पर मंगलवार को एआईडीईएफ, बीपीएमएस, एनपीडीईएफ, सीडीआरए एवं कुछ एसोसिशन द्वारा सयुंक्त रूप से इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन का शंखनाथ किया गया, जो कि अगले 1 माह तक जारी रहेगा। प्रथम चरण में सभी निर्माणयों में पर्चा वितरित कर पर्चा के माध्यम से सभी कर्मचारियों को निगम के हानियों के विषय में जानकारी दी गई, कल निर्माणयों में द्वार सभा आयोजित किए जाएंगे ,उसके बाद अगले एक माह तक कर्मचारियों के मध्य जन जागरण अभियान चलाया जाएगा ।

इस दौरान खमरिया से पुष्पेंद्र सिंह रुपेश पाठक, सुकेश दुबे, दीपक सैनी, जीसीएफ से विनय गुप्ता, रोहित यादव, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, राकेश रजक, व्हीकल फैक्ट्री से अमरीश सिंह, असीम दुबे, रामभुवन जीआईएफ से राकेश दुबे, राजेश पटेल, मनोज साहू आदि मौजूद रहे।

### स्कूटर में अवैध शराब लेकर जा रहा आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** विजय नगर पुलिस ने एलआईसी आफिस के पास से एक बिना नंबर की चेतक स्कूटर पर अवैध शराब लेकर जा रहे आरोपी को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने 320 पाव देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने स्कूटर व शराब जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की।पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एलआईसी आफिस के पास दबिश दी गई। जहां बिना नंबर की चेतक स्कूटर लेकर खड़े आरोपी सुरेन्द्र उर्फ पप्पू श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष निवासी स्नेहनगर यादव कालोनी को हिरासत में लिया गया।

# जनपद सीईओ बैहर का 10 दिनों का वेतन कटेगा, पटवारी और सचिव होंगे निलंबित

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्राम मंडवा में लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से 09 सितम्बर को बैहर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली नक्सल प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायत लातरी के ग्राम मंडवा में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इस शिविर मे बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, सीआरपीएफ 123 बटालियन के कमांडेंट हजारीलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, बैहर एसडीओपी करणदीप सिंह, परसवाड़ा एसडीओपी अरविंद कुमार साह ग्रामीणो की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने पहुंचे थे। वहीं लापरवाही पाए जाने पर जनपद बैहर सीईओ, सचिव और पटवारी पर कार्रवाई करने की निर्देश दिए गए।

इस शिविर में जनता दरबार की तर्ज पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम लातरी, मंडवा, नव्ही, डोंगरिया, लहंगाकन्हार, पाथरी, जगला के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आए थे। शिविर में लातरी पंचायत के ग्राम डोंगरिया की सुंदरीबाई शिकायत लेकर आयी थी कि उसे पेंशन योजना का लाभ नही मिल रहा है। ग्राम लहंगाकन्हार के सोनटोला की सुभिया धुर्वे शिकायत लेकर आयी थी कि उसे एक बार आहार अनुदान योजना की राशि मिली है, लेकिन पिछले डेढ़ साल से इस योजना की राशि नही मिल रही है। ग्राम मंडवा की बिजनबाई एवं ग्राम लातरी के मक्खन सिंह शिकायत लेकर आए थे कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना की राशि नही मिल रही है। ग्राम लिमोटी की समारीन बाई एवं लहंगाकन्हार की सुकरवतीबाई आहार अनुदान योजना की राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आयी थी।

**02 कर्मचारियों पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश** – कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद मौके पर ही अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा आहार अनुदान, पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की राशि नही मिलने संबंधी की गई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मीना ने जनपद सीईओ, तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को सख्त निर्देश दिये कि 02 दिनों के भीतर सभी पात्र लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके लिए यदि कोई दस्तावेज आवश्यक हो या कोई प्रक्रिया बाकी हो तो उसे शिविर लगाकर पूर्ण करें। उन्होंने अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण जनपद सीईओ बैहर का 10 दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का लाभ दिलाने में लापरवाही पाए जाने पर बैहर एसडीएम को लातरी के पटवारी लक्ष्मण महोबिया के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आहार अनुदान योजना का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में लापरवाही पाए जाने पर पंचायत सचिव देवेंद्र सिंह के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

**आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास में प्रशासन करेगा मदद** – पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलियों की विचारधारा खोखली और विकास की विरोधी है। वे आपके क्षेत्र का विकास नहीं होने देंगें। नक्सलियों को किसी भी तरह की मदद नहीं करें। नक्सलियों की मदद करने वालों पर पुलिस कार्यवाही करेगी। जो नक्सलियों की मदद नहीं करता है उसे पुलिस कुछ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश



सरकार ने आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति बनाई है। नक्सली जब भी गांव में आयें तो उनसे आत्म समर्पण करने के लिए कहें, पुलिस एवं प्रशासन उनके पुनर्वास में मदद करेगा। श्री कुमार ने कहा कि केवल नक्सल प्रभावित ग्रामों के युवाओं की विशेष सहयोगी दस्ते में भर्ती की जा रही है।

**शिविर में 240 मरीजों का किया गया उपचार** – मंडवा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था की गई थी। इस शिविर में 240 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 31 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए, 03 मरीज मलेरिया से ग्रसित पाए गए। सिकल सेल के 02 एवं टीबी के 03 मरीज पाये गए। नेत्र रोगियो की जांच में मोतियाबिंद के 12 मरीज पाए गए। सीबीसी टेस्ट के लिए 08 मरीजों के सेम्पल लिए गए। शिविर में जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवा भी वितरीत की गई।

**आईजी एवं कलेक्टर ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे मंडवा** – पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से 09 सितम्बर को बैहर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली नक्सल प्रभावित क्षेत्र की ग्राम पंचायत लातरी के ग्राम मंडवा में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इस शिविर मे बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, सीआरपीएफ 123 बटालियन के कमांडेंट श्री हजारीलाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्शकांत शुक्ला, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, बैहर एसडीओपी श्री करणदीप सिंह, परसवाड़ा एसडीओपी श्री अरविंद कुमार साह ग्रामीणो की समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने पहुंचे थे।

**10 ग्रामों के ग्रामीण पहुंचे शिविर में** – इस शिविर में जनता दरबार की तर्ज पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के लिए शिविर लगाया गया था। शिविर में ग्रामीणों के आधार कॉर्ड बनाने और समग्र ई-केवायसी की भी व्यवस्था की गई थी। इस शिविर में ग्राम लातरी, मंडवा, नव्ही, डोंगरिया, लहंगाकन्हार, पाथरी, जगला के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आए थे।

**ग्रामीणों ने खुलकर-बेहिचक बतायी अपनी समस्या** – शिविर में लातरी पंचायत के ग्राम डोंगरिया की सुंदरीबाई शिकायत लेकर आयी थी कि उसे पेंशन योजना का लाभ नही मिल रहा है। ग्राम लहंगाकन्हार के सोनटोला की सुभिया धुर्वे शिकायत लेकर आयी थी कि उसे एक बार आहार अनुदान योजना की राशि मिली है, लेकिन पिछले डेढ़ साल से इस योजना की राशि नही मिल रही है। ग्राम मंडवा की बिजनबाई एवं ग्राम लातरी के मक्खन सिंह शिकायत लेकर आए थे कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना की राशि नही मिल रही है। ग्राम लिमोटी की समारीन बाई एवं लहंगाकन्हार की सुकरवतीबाई आहार अनुदान योजना की राशि नही मिलने की शिकायत लेकर आयी थी।

ग्राम पाथरी के माड़ी-आमाटोला की झारीबाई गांव के नाले में पुलिया निर्माण की मांग लेकर आयी थी। ग्राम पाथरी के गुदरावाड़ा के ग्रामीण शिकायत लेकर आए थे कि उनके गांव में नलजल योजना आ गई है, लेकिन इससे उन्हें पानी नही मिल रहा है। ग्राम लातरी के बीरबल सिंह पेंशन योजना का लाभ नही मिलने की शिकायत लेकर आए थे। ग्राम जगला के ग्रामीण ग्राम के स्कूल एवं आंगनवाड़ी में बिजली कनेक्शन नही होने की समस्या लेकर आए थे। ग्राम लालपुर के ग्रामीण शिकायत लेकर आए थे कि उनके गांव में पेयजल के लिए उपलब्ध पानी की गुणवत्ता ठीक नही है, इसके कारण ग्रामीणो का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। ग्राम नव्ही की रामकली बाई उचित मूल्य दूकान से राशन नही मिलने की शिकायत लेकर आयी थी।

**जनपद सीईओ का 10 दिन का वेतन काटने एवं 02 कर्मचारियों पर निलंबन की कार्यवाही के निर्देश** – कलेक्टर श्री मीना ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद मौके पर ही अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा आहार अनुदान, पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की राशि नही मिलने संबंधी की गई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मीना ने जनपद सीईओ, तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव को सख्त निर्देश दिये कि 02 दिनों के भीतर सभी पात्र लोगो को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके लिए यदि कोई दस्तावेज आवश्यक हो या कोई प्रक्रिया बाकी हो तो उसे शिविर लगाकर पूर्ण करें। उन्होंने अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण जनपद सीईओ बैहर का 10 दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का लाभ दिलाने में लापरवाही पाए जाने पर बैहर एसडीएम को लातरी के पटवारी लक्ष्मण महोबिया के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आहार अनुदान योजना का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में लापरवाही पाए जाने पर पंचायत सचिव देवेंद्र सिंह के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

**आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास में प्रशासन करेगा मदद** – पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलियों की विचारधारा खोखली और विकास की विरोधी है। वे आपके क्षेत्र का विकास नहीं होने देंगें। नक्सलियों को किसी भी तरह की मदद नहीं करें। नक्सलियों की मदद करने वालों पर पुलिस कार्यवाही करेगी। जो नक्सलियों की मदद नहीं करता है उसे पुलिस कुछ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति बनाई है। नक्सली जब भी गांव में आयें तो उनसे आत्म समर्पण करने के लिए कहें, पुलिस एवं प्रशासन उनके पुनर्वास में मदद करेगा। श्री कुमार ने कहा कि केवल नक्सल प्रभावित ग्रामों के युवाओं की विशेष सहयोगी दस्ते में भर्ती की जा रही है।

**पात्र लोगो को मिलेगा वन अधिकार पट्टा** – कलेक्टर श्री मीना ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि शिविर में ग्रामीणों द्वारा जिन स्थानों पर पेयजल एवं नलजल योजना में समस्या बतायी गई है, उसका परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करें। उन्होंने शिविर में वन अधिकार पट्टा के लिए आवेदन करने वाले ग्रामीणों से कहा कि पूर्व में जिनके द्वारा आवेदन किये गए है, उन्हे ऑनलाईन कर दिया गया है। ग्राम सभा एवं खंड स्तरीय समिति से अनुमोदन के पश्चात जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र लोगो को वन अधिकार पट्टा स्वीकृत कर दिया जाएगा। शिविर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन लोगो द्वारा राशन नही मिलने की शिकायत की गई है उनकी पात्रता पर्ची शीघ्र दिलवाए।

**शिविर में 240 मरीजों का किया गया उपचार** – मंडवा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की व्यवस्था की गई थी। इस शिविर में 240 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 31 मरीज बुखार से पीड़ित पाए गए, 03 मरीज मलेरिया से ग्रसित पाए गए। सिकल सेल के 02 एवं टीबी के 03 मरीज पाये गए। नेत्र रोगियो की जांच में मोतियाबिंद के 12 मरीज पाए गए। सीबीसी टेस्ट के लिए 08 मरीजों के सेम्पल लिए गए। शिविर में जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवा भी वितरीत की गई।

## 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तहसील न्यायालयों, श्रम न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य न्यायालयों में किया जाएगा। बालाघाट शहर में यह आयोजन प्रातः 10:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक, विद्युत, चेक डिसऑनर, दीवानी एवं शमनीय मामलों के अलावा बैंक, श्रम, दूरसंचार, राजस्व, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे।

## मानसिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में 09 सितम्बर को च्मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक परामर्शज्ञ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत पिंचा तथा उनके सहयोगियों ने विद्यालय पहुँचकर विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे द्वारा भाषण अभिवादन से किया गया। प्राचार्य श्री तुमसरे ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब यह छात्रों को मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक स्तर पर सशक्त बनाए। उन्होंने मानसिक संतुलन को जीवन की सफलता का आधार बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पिंचा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण तथा समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में



तनाव और दबाव हर विद्यार्थी के जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें सही सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण से संभाला जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परामर्श लेना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी और साहस का प्रतीक है। उनके सहयोगियों ने संवादात्मक गतिविधियों और समूह चर्चाओं के माध्यम से छात्रों को अपनी भावनाएँ साझा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कई विद्यार्थियों ने अपनी समस्याएँ खुलकर रखीं, जिन पर विशेषज्ञों ने उन्हें सरल और व्यावहारिक समाधान दिए। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। शिक्षकों के लिए भी यह कार्यक्रम उपयोगी रहा। डॉ. पिंचा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदाता ही नहीं, बल्कि छात्रों के मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत होते हैं। इसलिए उन्हें चाहिए कि वे विद्यार्थियों की मानसिक समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से समझें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री अमर नारायण शुक्ल ने मुख्य अतिथि एवं उनके सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहन मिल सके।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान का प्रशिक्षण संपन्न



उमरिया (स्वतंत्रमत)

सेक्टर इंदवार व सेक्टर अमरपुर की समस्त आशा व आशा पर्यवेक्षक की राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान का प्रशिक्षण सीएचसी अमरपुर मे संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक भानु विश्वकर्मा एवं ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइजर राजेंद्र वर्मा के द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 23 सितंबर को सभी स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्रो मे 1 से 19 साल तक के बच्चे को कृमी की गोली सभी बच्चों को खाना खाने के बाद खिलाई जानी है जिससे कृमी से मुक्ति मिल सके व 20 से 49 वर्ष तक की प्रजनन काल वाली सभी महिलाओ को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है जो इस दिवस मे गोली खाने से से छूट जाते है तो 26-09-2025 को मापअप दिवस पर खिलाई जानी है, कृमि की गोली से उम्र अनुसार 1 से 2 साल के बच्चे को आधी गोली पीसकर, व 2 से 3 साल के बच्चे को एक गोली पीसकर खाना खाने के बाद खिलाई जाएगी।

इसी प्रकार 4 से 19 साल तक के बच्चे को खाना खाने के बाद एक गोलीं चबाकर सभी स्कूल मे शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी व आंगनवाड़ी केंद्र मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा खिलाया जाना है व शाला त्यागी बच्चे व प्रजनन काल की 20 वर्ष से 49 वर्ष की सभी महिलाओ को आशा द्वारा कृमि की गोली खिलाई जाएगी, और एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की प्रशिक्षण दिया गया, जिसमे 6 माह से 59 माह के बच्चे को आयरन सिरप का सेवन सप्ताह मे 2 बार व शुक्रवार को, 5 से 10 साल के बच्चे को आयरन की 1 गुलाबी गोली प्रति मंगलवार,11 से 19 साल तक के बच्चे को आयरन की 1 नीली गोली खाना खाने के 1 से 2 घंटे बाद खिलाई जाएगी, और 20 से 49 वर्ष की सभी धात्री व प्रजनन काल वाली महिलाओ को एक लाल गोली खिलाई जाती है जिसका प्रशिक्षण दिया गया, इसके साथ ही सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई।



## जिले के 111 हितग्राहियों के खाते में दो करोड़ रूपये से अधिक की सहायता राशि अंतरित हुई

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने संबल योजना अंतर्गत 7953 हितग्राहियों के खाते 175 करोड़ रूपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की । जिले के 111 हितग्राहियों के खाते में दो करोड़ 45 लाख रूपये की सहायता राशि अंतरित हुई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एनआईसी उमरिया में देखा एवं सुना गया।

इस अवसर पर विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल,कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कैलाश मीना, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर कलसी, सीईओ पाली कुंवर कन्हाई, सीएमओ मानपुर राजेन्द्र कुशवाहा, श्रम कार्यालय से यू के त्रिपाठी, शंभू लाल खट्टर,हरि गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच पठारी गोविंद प्रसाद गौतम सहित बडी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रतीकात्मक हितग्राहियों को दो लाख रूपये का डमी चेक प्रदान किया गया।

## कान्हा से लाये गए जंगली हाथी को बांधवगढ़ में सेटेलाइट रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ा गया...!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों के संरक्षण एवं प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार 09 सितम्बर को कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, उमरिया में एक जंगली हाथी को लाकर सेटेलाईट रेडियो कॉलर लगाकर खुले वनक्षेत्र में स्वच्छंद विचरण हेतु छोड़ा गया।

उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2024 में उक्त जंगली हाथी द्वारा अनूपपुर जिले में मानव-हाथी द्वंद की गंभीर घटना घटित हुई थी। मानव जीवन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), भोपाल के आदेश के तहत बाँधवगढ़ एवं संजय टाइगर रिजर्व की संयुक्त रेस्क्यू टीम द्वारा हाथी को पकड़ा गया और इसके बाद इसे व्यवहार आकलन हेतु कान्हा टाइगर रिजर्व में कैप्टिविटी में रखा गया।

जंगली हाथी के व्यवहार एवं स्वास्थ्य का विस्तृत आकलन करने हेतु एक समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात एलीफैंट एडवाइजरी कमेटी की आयोजित बैठक में पाया गया कि हाथी पूर्णतः स्वस्थ है तथा खुले वन क्षेत्र में छोड़े जाने योग्य है। समिति ने निर्णय लिया कि इसे रेडियो कॉलर लगाकर बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खुले वन क्षेत्र में, जंगली हाथियों के झुंड के समीप छोड़ा जाए।

निर्णय के परिपालन में प्रधान वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा



अनुमति प्रदान की गई। आदेशानुसार कान्हा एवं बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने आज सफलतापूर्वक उक्त जंगली हाथी का परिवहन कर कान्हा से लाकर बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मुक्त कर दिया गया है। हाथी को पूर्व में ही दिनांक 4 सितंबर को कान्हा में ही रेडियो कॉलर कर दिया गया था।

इस पहल से न केवल जंगली हाथियों के संरक्षण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन को बल मिलेगा, बल्कि रेडिसेयो कॉलरिंग के माध्यम से उनकी गतिविधियों की निगरानी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे भविष्य में मानव-हाथी द्वंद की स्थितियों को रोकने में भी मदद मिलेगी। इस कार्यवाही से अब बांधवगढ़ में रेडियो कॉलर युक्त हाथियों की संख्या 3 हो गई है।

## बांधवगढ़ में मैदानी अमले की कार्य क्षमता वृद्धि के लिए 'मेरी बीट-मेरा अभिमान' प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान जो अपनी प्रचुर जैव विविधता के लिए विश्व विख्यात है, वहीं मध्य भारत के अन्य पार्कों की तुलना में यहां का प्रबंध करना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। जहां इस उद्यान में एक तरफ सबसे कम वन क्षेत्र में अत्यधिक बाघों का घनत्व है वही हाथी जैसे विशालकाय जीव का एकमात्र रहवास बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बन गया है जिस कारण बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व को बाघों के साथ-साथ हाथियों से मानव टकराव की चुनौतियां हमेशा बनी रहती है ऐसी स्थिति में पार्क के क्षेत्रीय अमले को चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा सजग तत्पर एवं प्रोफेशनल तरीके से काम करने की जरूरत होती है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा पार्क के वन सुरक्षा कर्मी मानव संसाधन की कार्य क्षमता उन्नयन एवं उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत बनाने हेतु लास्ट वाइल्डनेस



फाउंडेशन संस्था के सहयोग से मेरी बीट मेरा अभिमान नामक चार दिवसीय रहवासी कौशल उन्नयन कार्यशाला 9 सितंबर से प्रारंभ की गई है । कार्यशाला में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के समस्त रेंजों के वनकर्मी दो पारियों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक वनकर्मियों को अपने कार्य क्षेत्र में आत्मविश्वास बढ़ाने, परस्पर सहयोग करने एवं सामुदायिक सहभागिता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने जैसे विषयों को संवाद एवं गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिससे और प्रभावी एवं कुशल तरीके से वन एवं वन्य प्राणी प्रबंधन का कार्य किया जा सके। कार्यशाला में हंसने का व्यायाम, मानसिक शांति और सकारात्मकता बढ़ाना, पासिंग का लूपज्ञ खेल के माध्यम से क्षमता का सही आकलन करना, बीट का नक्शा बनाकर क्षेत्रीय योजना पर काम करना, कंचा और पाइप जैसे साधनों से टीम तालमेल मजबूत करना, ईको विकास समिति की जानकारी देकर ग्राम स्तर पर सरकारी योजनाओं से जोड़ना ,रस्सी में गांठ लगाने जैसी गतिविधियों से टीम भावना बढ़ाना प्रस्तुति कौशल विकसित कर कार्यों को प्रभावी रूप से करना शामिल है।


### कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला उमरिया (म. प्र. )
Email-cmomanpur.uma@mpurban.gov.in

क्रमांक / 2047/ न.परि./ 2025 — मानपुर, दिनांक 08/09/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 के वर्णित नियमों व भूमि विकास नियम 2012 के नियमानुसार एवं परिषद प्रस्ताव क्रमांक 11 दिनांक 03.09.2025 के पारित निर्णय अनुसार निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त भूमिस्वामी से विकसित भूमि पर निम्नानुसार विकास शुल्क की दरों को निकाय गठन वर्ष से प्रभावशील किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | जोन क्रमांक | वार्ड क्रमांक | प्रभावशील दल | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आवासीय | व्यवसायिक |
| 1 | 01 | 05, 06, 07, 08, 09 | 10 रू. प्रति वर्गफिट (108 रू. प्रति वर्गमीटर) | 15 रु. प्रति वर्गफिट (162 रू. प्रति वर्गमीटर) |
| 2. | 02 | 10, 11 | 08 रु. प्रति वर्गफिट (87 रू. प्रति वर्गमीटर) | 13 रू. प्रति वर्गफिट (140 रू. प्रति वर्गमीटर) |
| 3. | 03 | 01, 02, 03, 04, 12, 13, 14, 15 | 05 रू. प्रति वर्गफिट (54 रू. प्रति वर्गमीटर) | 10 रू. प्रति वर्गफिट (108 रू. प्रति वर्गमीटर) |

उक्त दरों को प्रभावशील किये जाने में निकाय क्षेत्रान्तर्गत किसी भी भवन भूमिस्वामी को यदि आपति है तो अपनी आपत्ति लिखित रूप से सूचना जारी होने के दिनांक से 07 दिवस के अन्दर कार्यालयीन समय में कार्यालय के राजस्व शाखा में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय व्यतीत हो जाने उपरांत किसी भी प्रकार की आपति मान्य नहीं होगी और ना ही सुनवाई की जावेगी ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मानपुर**

# गांवों से पलायन बेरोजगारी और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत से कब रूबरू होगा जिला प्रशासन

मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।

बिछिया विधानसभा क्षेत्र से हर वर्ष रोजगार की तालाश में पलायन होता है महिला पुरुष अपने बच्चों के साथ रोजगार के लिए महानगरों की ओर चले जाते हैं। खासकर मवई क्षेत्र से लगातार पलायन हो रहा है। यहां पर बिजली पानी रोजगार का अभाव तो है ही साथ ही दलालों का बड़ा ग्रुप भी दिखाई देता है जो तमाम प्रलोभन देकर मजदूरों को महानगर ले जाया करता है। छत्तीसगढ़ राज्य से जुड़े इस क्षेत्र से मजदूरों का बड़ा दल कम मजदूरी में मिल जाया करता है। मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले सहित समूचे ग्रामीण भारत में एक चिंताजनक परिवर्तन तेजी से पलायन उभर रहा है एक समय था जब गांवों में श्रम, खेती और सामूहिक जीवन की खुशबू बसी होती थी। आज वही गांव खाली होते जा रहे हैं।



युवा, महिलाएं, यहां तक कि पूरा-पूरा परिवार रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। यह सिर्फ एक सामाजिक समस्या नहीं बल्कि नीति-निर्माण की विफलता की भी कहानी है। गांवों की मिट्टी से जुड़ा हर किसान और मजदूर अपने परिवार के बेहतर भविष्य का सपना देखता है लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। जिले के अनेक गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। रोजगार के अवसर सीमित हैं खेती किसानी मौसम पर टिकी रहती है और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर तथा पारदर्शी तरीके से नहीं पहुंच पाता। यही वजह है कि युवा और कामकाजी लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजनाओं के नाम पर कागजों में बहुत कुछ है लेकिन जमीनी स्तर पर वे अधूरी ही रह जाती हैं। मनरेगा जैसी योजनाएं समय पर भुगतान न होने और कार्यों में पारदर्शिता की कमी से प्रभावित होती हैं।

दूसरी ओर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी भी गांव के जीवन को और कठिन बना देती है। पलायन की यह मजबूरी न केवल गांवों को खाली कर रही है बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं पर भी असर डाल रही है। खेत सूने हो रहे हैं घरों में बुजुर्ग और महिलाएं अकेली रह जाती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर सरकार की योजनाएं ईमानदारी से लागू हों और स्थानीय स्तर पर उद्योग-धंधों को बढ़ावा मिले तो पलायन को रोका जा सकता है। गांवों में ही रोजगार और शिक्षा के अवसर मिलें तो लोग अपनी मिट्टी और संस्कृति से जुड़े रहेंगे। मंडला जैसे आदिवासी और ग्रामीण अंचलों के लिए ज़रूरी है कि योजनाओं की जमीनी हकीकत को गंभीरता से परखा जाए। वरना गांवों का यह पलायन आने वाले समय में सामाजिक और आर्थिक संतुलन को और चुनौतीपूर्ण बना देगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की शुरुआत एक ऐतिहासिक कदम था। इस योजना ने ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की नींव रखी थी। किसान अपने खेतों में समतलीकरण, तालाब निर्माण, मेढ़बंधान जैसे कार्य कराते थे। इससे उत्पादन बढ़ा, भूमिहीनों को रोजगार मिला और गांवों में ही आजीविका के साधन सृजित हुए। लेकिन आज यह योजना खुद संकटग्रस्त है। न तो पर्याप्त कार्य स्वीकृत हो रहे हैं न ही समय पर मजदूरी भुगतान हो रहा है।

पंचायतों में कार्य स्वीकृति की गति धीमी हो गई है जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा। नतीजा गांव खाली हो रहे हैं। जिला जो पहले ही पिछड़ेपन और उपेक्षा का शिकार रहा है आज बेरोजगारी की नई परतें झेल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से 35 से 40 परिवार तक दूसरे राज्यों में मजदूरी के लिए पलायन कर चुके हैं। केरल, तमिलनाडु, हैदराबाद जैसे महानगरों में आदिवासी मजदूर न्यूनतम मजदूरी पर जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के। और जब कोई दुर्घटना होती है तो मृत शरीर तक गांव नहीं लौट पाता। सरकार बार-बार दावा करती है कि वह ग्रामीण विकास और रोजगार पर ध्यान दे रही है। लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और कहती है। टेंडर आधारित कार्यों में बाहरी ठेकेदार अपने ही मजदूर लाते हैं जिससे स्थानीय श्रमिकों को काम नहीं मिल पाता। 5 किलो मुफ्त राशन बांटने से न तो बेरोजगारी दूर होगी न पलायन रुकेगा। आवश्यकता है कि सरकार मनरेगा को सशक्त और पारदर्शी बनाए स्थानीय कार्यों की स्वीकृति तेज करे पर्यावरणीय कार्यों जैसे वृक्षारोपण, चेक डैम, नर्सरी आदि से रोजगार जोड़े मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करे जिससे कम पानी और बिना खाद के भी खेती संभव हो। गांव की जमीन को फिर से जीवंत करना होगा आज भी ग्रामीण किसानों की अधिकांश जमीनें पड़ती हैं न सिंचाई न संसाधन। यदि मनरेगा को सही दिशा में पुनर्जीवित किया जाए तो खेतों में काम होगा उत्पादन बढ़ेगा, और गांवों में ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

अगर अब नहीं चेते तो गांव इतिहास बन जाएंगे अगर यही हाल रहा तो आने वाले वर्षों में गांव केवल सरकारी योजनाओं की फाइलों में ही रह जाएंगे। नई पीढ़ी गांव से नाता तोड़ रही है क्योंकि गांव उसे कुछ नहीं दे पा रहा। यह केवल ग्रामीण विकास का सवाल नहीं बल्कि गांव की आत्मा के अस्तित्व का प्रश्न है। सरकार को चाहिए कि वह सिर्फ कागजी उपलब्धियों से बाहर निकलकर जमीन पर काम करे, तभी ग्रामीण भारत और विशेषकर आदिवासी क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे।

## प्राचार्य नंदनी यादव सम्मानित



**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में जिले की प्राचार्य कुमारी नंदनी यादव को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य अनुकरणीय योगदान और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए प्रयासों के लिए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा ही समाज की दिशा तय करती है और शिक्षक ही विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को संस्कार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है सम्मान प्राप्त कर प्राचार्य कुमारी नंदनी यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का है।

## जयदत्त बनें भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी आशीष दुबे जबलपुर सांसद, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके एवं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में अपनी स्पष्ट एवं बेबाक छवि के लिए पहचाने जाने वाले अधिवक्ता जयदत्त झा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हाल ही में मंडला जिला कार्यकारिणी भाजपा की घोषणा की गई है। जिसमें श्री झा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर सानंद अग्रवाल, रानू राजपूत सुधीर दुबे, आकाश छत्री, अनुराग चौरसिया, दिनेश चौधरी, सौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा सहित अनेक मित्रों व कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है।

## सृजेता नवयुवक मण्डल के कार्यक्रम

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** बम्हनी बंजर के ग्राम सर्री के सृजेता नवयुवक मण्डल सर्री मे समय समय पर सांस्कृतिक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विभिन्न आयोजन किया गया। जिसमे गणेश उत्सव, एवं डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जयंती के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 9 बजे से किया गया जिसमे रिकॉर्डिंग डांस एवं कराऊके गीत की प्रस्तुति मंच के माध्यम से दी गई। रिकॉर्डिंग डांस मे समीर जंघेला, राहुल आर्मो, अभिलाष बरमैया, अक्षत सोनी, करिश्मा सिंगौर, विशाली एडं ग्रुप, सतीश झोलटू राम साथ ही कराऊके गीत मे अर्जुन हरदहा, आदित्य सिंगौर, उमा शंकर हरदहा, उमेश जंघेला, योगेश कुमार सिंगौर, अक्षय सोनी, जगन्नाथ रजक, श्रेष्ठ सिंगौर, अंकित सिंगौर, योगेश्वर सिंगौर जैसे प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। मंच का संचालन मुकेश सिंगोर ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ग्राम सरपंच प्रेमलाल उइके, मुख्य अतिथि डीहा राम जंघेला, विशिष्ट अतिथि मिश्री लाल सिंगौर रहे।

## जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण की पहल की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में 93 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने जनसुनवाई में पहुंचे तथा आवेदकों की समस्याएं सुनी। संपन्न हुई जनसुनवाई में समग्र आईडी, राशन कार्ड, आवास योजना, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति तथा दिव्यांग योजना आदि विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## शशि को मिली सहायता राशि

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर के निर्देश पर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण होने से आवेदक खुशी जाहिर कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप तत्काल सहायता भी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के मण्डला विकासखंड के बूढी माई महाराजपुर निवासी शशि बाई बरमैया ने कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से शशि बाई को 5 हजार 1 सौ रूपए का चैक देकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। शशि बाई ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया है।

## डिजिटल शिक्षा का मिलेगा लाभ

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शासकीय महाविद्यालय निवास के विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं तकनीकी विकास के उद्देश्य से 15 कम्प्यूटर सिस्टम प्रदान किए गए। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडला संसदीय क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं निवास विधानसभा के विधायक चैनसिंह बरकडे, जबलपुर के सहायक महाप्रबंधक राजभूषण आजाद उपस्थित रहे। सांसद कुलस्ते ने कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा विद्यार्थियों की प्रगति के लिए आवश्यक है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बैठक का आयोजन

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।

जिले में एनक्यूएएस प्रमाणित नारायण गंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हाल ही में हुए एक सड़क हादसे के बाद उपजे जनाक्रोश को शांत करने और स्वास्थ्य केंद्र में आ रही समस्याओं को सुलझाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और मरीजों को आ रही परेशानियों का समाधान खोजना था। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के सामने और आसपास के अतिक्रमण को हटाने और एक निजी वाहन जो ऑनकॉल पर



लगाया गया था को हटाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई बैठक में उपस्थित पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मागन लाल सोनी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इन सुझावों में मरीजों और उनके परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार करना समय पर उपचार प्रदान करना और अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही देना शामिल था सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने समस्त स्टाफ को निर्देश दिए कि वे भविष्य में ऐसी किसी भी घटना से बचने के लिए मरीजों के साथ विनम्रता से पेश आएं और अनावश्यक रूप से किसी को परेशान न करें।

उन्होंने यह भी जोर दिया कि मरीजों को बाहर की दवाइयां न लिखी जाएं बल्कि उन्हें अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही दी जाएं बैठक में निर्णय लेते हुए अस्पताल में राजेश अग्रवाल का ऑनकॉल में लगे वाहन को तत्काल हटाया गया।

इसके साथ ही अस्पताल के चारों ओर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए स्थानीय सरपंच, तहसीलदार और एसडीएम को तुरंत पत्र लिखकर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। बताया गया कि आयोजित हुई बैठक में लिए गए निर्णय से अस्पताल के प्रवेश द्वार और आसपास की जगह साफ होगी जिससे मरीजों और एंबुलेंस को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधियों के साथ हुई इस बैठक के बाद मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार की उम्मीद है।

## शिक्षक की भूमिका सिर्फ विद्यार्थी नही बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण : कलेक्टर





**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं। वह भावी पीढ़ी को संस्कार ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। शिक्षक की भूमिका ना सिर्फ विद्यार्थी के जीवन में बदलाव लाती है बल्कि समाज को भी बेहतर बनाने में सहायक होती है। शिक्षक ही विद्यार्थी के व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं और उन्हें भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं। शिक्षक हमें जीवन में सही दिशा दिखाते हैं समाज में उनका योगदान अतुलनीय है। पढ़ाना सिर्फएक नौकरी नहीं बल्कि एक पवित्र कार्य है जिसे हर कोई नहीं कर सकता है। एक शिक्षक पीढ़ी का सृजन और विनाश दोनों ही कर सकता है। विद्यार्थी के जीवन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में शिक्षक अपनी पूरी मेहनत से जुटा रहता है। यह बात कलेक्टर ने जिला योजना भवन में आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम में कही।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग का सृजन ही बच्चों को पढ़ाने के लिए हुआ है।अब शिक्षकों को अपनी भूमिका से और आगे बढ़ना होगा। अब पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अन्य गतिविधियों में भी आगे लाना होगा। उन्होंने जिले में नवाचार के तहत प्रारंभ किए गए नेत्र ज्योति, प्रोजेक्ट अपराजिता और प्रोजेक्ट वाटर बेल का जिक्र किया। इसके अलावा इस सप्ताह प्रोजेक्ट सुरक्षा कवच के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। पिछले शैक्षणिक सत्र में मंडला जिले ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में प्रदेश में क्रमशः दूसरा और चौथा स्थान हासिल किया है। इस वर्ष भी जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसकी तैयारी रहे। जिले का नाम प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर हो हमें इसी में जुटना है। जिला पंचायत सीइओ श्रेयांश कूमट ने कहा कि शिक्षक अपनी टीम के बलबूते साल भर बच्चों का मनोबल बनाए रखते हैं। शिक्षण कार्य में शिक्षक की भूमिका अहम होती है। बच्चों के शत प्रतिशत अंक आने पर शिक्षक से ज्यादा खुशी किसी को नहीं होती है। शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर रूपलाल मरकाम, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय योगेश कुमार श्रीवास्तव, शासकीय पीएमश्री हाईस्कूल सेमरखापा अखिलेश कुमार चन्द्रौल, शासकीय कन्या हाईस्कूल पुरवा शैलकुमार दुबे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर अनूप कुमार अग्रवाल, शासकीय उत्कृष्ट उमावि नैनपुर उमेश कुमार अवधवाल, आदर्श उमावि अंजनिया बिछिया सुशील कुमार पटैल शामिल है हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों में विकासखंड मंडला के शासकीय कन्या हाईस्कूल पड़ाव वार्ड, शासकीय कन्या हाईस्कूल पुरवा, शासकीय हाईस्कूल खारी, शासकीय हाईस्कूल बिंझिया, शासकीय हाईस्कूल सिलपुरा, शासकीय हाईस्कूल पटपरा रैयत, शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा, शासकीय हाईस्कूल वरिष्ठ मूलशाला, शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर, शासकीय हाईस्कूल ग्वारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमरूआ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फूलसागर, शासकीय नर्मदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिंगापौंड़ी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार के प्राचार्य शामिल हैं इसी तरह नैनपुर विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल मक्के, शासकीय हाईस्कूल रमपुरी, शासकीय हाईस्कूल रामदेवरी, शासकीय हाईस्कूल रैवाड़ा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर, शासकीय नवीन उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंण्डरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरवेली के प्राचार्य को सम्मानित किया गया बिछिया के शासकीय हाईस्कूल बोकर, शासकीय हाईस्कूल हर्राभाट, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर,मवई के शासकीय हाईस्कूल अंजनी, शासकीय हाईस्कूल सोंढ़ा, शासकीय हाईस्कूल परसाटोला, घुघरी के शासकीय हाईस्कूल छाता, मोहगांव के शासकीय कन्या हाईस्कूल मोहगांव, शासकीय हाईस्कूल झुरगीपोंड़ी, शासकीय हाईस्कूल बिलगढ़ा, नारायणगंज के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगलगंज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलिया, बीजाडांडी के शासकीय हाईस्कूल मानिकसरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव के प्राचार्यों को भी प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बाई वरकड़े, एसी ट्राइबल श्रीमती वंदना गुप्ता सहित शिक्षक एवं प्राचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

मण्डला। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने एवं सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों के सफल संचालन यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में किसी भी पदाधिकारी को जब बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है तो यह उनके पूर्व कार्यों की सराहना का प्रतीक होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी नीरज मरकाम ने आगामी आयोजनों की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं मंच पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती मरावी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह कोकड़िया सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा अनुमोदित जिला पदाधिकारियों की घोषणा




की गई है जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री हितानंद, संभाग प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी आशीष दुबे, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके की सहमति से मंडला जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद में जयदत्त झा, राजेश कस्तूरचंद जैन, मंजू कछवाहा, प्रिया धुर्वे, महेंद्र पटेल, शैलेष मिश्रा, महेंद्र राठोर, रामप्रकाश साहू, पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक नियुक्त किया गया। जिला महामंत्री के पद में पंडित सिंह धुर्वे, संतोष रजक, नरेश चंद्रौल को दायित्व सौंपा गया है। जिला मंत्री के पद में देवेन्द्र झा, श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जोरावर सिंह, श्रद्धा उइके करवेती, शशिकांत श्रीवास्तव, कौशल्या मरावी, रक्षा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अखिल सिहारे को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## स्वरोजगार पर दिया प्रशिक्षण

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सेंट आरसेटी द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी बनाने हेतु स्व-सहायता समूह एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली महिलाओं को शॉप कीपर का 6 सितंबर तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें व्यवसाय संबधी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संस्थान में व्यक्तित्व विकास के गुणों पर बल दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

## छात्र संघ ने दिया चेतावनी मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा आंदोलन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर मध्यप्रदेश छात्र संघ मंडला इकाई ने प्राचार्य को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों ने प्रमुखता से 5 मुख्य मांगों को उठाया है, जिसमें छात्रवृत्ति, नियमित कक्षाएं, साफ-सफाई, सुरक्षा और खेल सुविधाओं में सुधार शामिल है। मप्र छात्र संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। मप्र छात्र संघ के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार चड़ार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि छात्रवृत्ति समस्या का समाधान किया जाए, नियमित कक्षाएं और समय सारणी को नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए। साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था की जाए। महाविद्यालय में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने और सभी छात्रों के लिए आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य करने की मांग की गई है। खिलाडियों के लिए महाविद्यालय के मैदान में क्रिकेट पिच का निर्माण करने और नई बिल्डिंग में बैडमिंटन के लिए हॉल उपलब्ध कराने की मांग की गई है, जिससे छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और महाविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। ज्ञापन के दौरान मध्यप्रदेश छात्र संघ के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार चड़ार के साथ मनीष झारिया, विजय ठाकुर, राजेंद्र कुमार परते, मुकुल झारिया, रमन सोनी, हरिओम उइके, ऋतिक मर्सकोले, श्रीकांत झारिया, मोनू, ललित और अमरनाथ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## नैनपुर पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही

### 11 चालानों में 41सौ रुपये का राजस्व वसूला

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार यातायाता सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत वाहन चालकों की विशेष जांच रक अभियान के तहत की जा रहैन्हि । मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन पर एसडीओपी पुलिस अनुभाग नैनपुर मनीष राज के मार्ग दर्शन में थाना क्षेत्र नैनपुर में इस तरह की कार्यवाही शुरू की गई है। नैनपुर पुलिस द्वारा मंडला सड़क मार्ग पर इस अभियान को संचालित किया। जिसके तहत 11 चालान काट कर कुल 41 सौ रुपए की राजस्व वसूली की गई। इस दौरान मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को पुलिस ने यातायात के नियमो का पालन करने की समझाइश भी दी गई। अक्सर वाहन चालक वाहन बीमा, हेलमेट, और गाड़ी के जरूरी कागजातों कर बिना ही सफर करते हैं। कागजी कमी पाए जाने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत और समझाइश दी गई। सड़क मार्ग में होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने इस तरह की कार्यवाही का समय समय मे संचालन जरूरी माना जा रहा है।


**न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मंडला (म.प्र.)**

**(पीठासीन अधिकारी अल्तमश रहमान) पीआरओ नंबर 334/25**

उ.प्र.क्रं. 29/2025

नियत दिनांक - 27/09/25

अक्षय वैद्य ..............आवेदक

विरूद्ध

आम जनता एवं अन्य ..अनावेदक

**आम इश्तहार**

प्रति,

आम जनता,

आवेदक अक्षय वैद्य पिता श्री रमेश वैद्य, आयु 41 वर्ष निवासी वार्ड नं. 19 श्वेताम्बर जैन मंदिर के सामने, मेनरोड बालाघाट, तहसील व जिला बालाघाट (म.प्र.) ने इस न्यायालय के समक्ष उनकी स्वर्गीय मां श्रीमति चंद्रकांता वैद्य पत्नि श्री रमेश वैद्य के द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्यन ईकाई, मंडला जिला मंडला में टेण्डर क्रमांक **MP23MTN081** में अग्रिम गारंटी एवं अन्य मदों की जमा राशियां 10,86,567/- रुपये को संकलित करने हेतु भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम की धारा 372 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया है। जो दिनांक 27/09/25 को इस न्यायालय के समक्ष नियत है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक या उसके पूर्व मय दस्तावेजों के स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक तक आपत्ति प्राप्त ना होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

टीप -यदि नियत दिनांक को किसी कारण वश अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्यदिवस तक आपत्ति पेश की जा सकती है।

आम इश्तहार आज दिनांक 02/09/25 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मंडला (म.प्र.)**

संपादकीय

## अमेरिकी असर या चीन की चाल

जेन-जी के नेतृत्व में नेपाल में बड़े पैमाने पर जो विरोध प्रदर्शन हो रहा वो लंबे समय से पनप रहा था लेकिन इसका अचानक से भड़क जाना बेहद चौंकाने वाला है। नेपाल के विरोध-प्रदर्शन का निशाना प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली रहे जिन्होंने अब इस्तीफा दे दिया है। खास बात यह है कि ओली हाल ही में चीन से लौटे हैं और सितंबर के अंत में भारत यात्रा पर आने वाले थे। लेकिन युवाओं की नाराजगी में ओली सरकार बच नहीं सकी। आंदोलन की हालिया वजह सरकार का सोशल मीडिया ऐप्स पर बैन लगाने का फैसला बताया जा रहा है लेकिन पिछले एक हफ्ते से 'नेपो किड्स' और 'नेपो बेबीज' जैसे शब्दों के ट्रेंड होने से यह साफ था कि असंतोष धीरे-धीरे बढ़ रहा था। ये ट्रेंड्स संकट की तरफ इशारा कर रहे थे। ये विरोध प्रदर्शन खुद से शुरू हुए लगते हैं। इस समय यह नतीजा निकालना जल्दबाजी होगी कि इसके पीछे कोई बाहरी ताकत है। लेकिन नेपाल लंबे समय से अस्थिर चल रहा है जिसका फायदा उठाने के लिए अब बाहरी और घरेलू ताकतें सक्रिय हो सकती हैं।

इन विरोध-प्रदर्शनों का समय भी अहम है क्योंकि यह ओली के चीन से लौटने और भारत दौरे की तैयारी के ठीक बीच में भड़के हैं। भारत के विदेश सचिव हाल ही में ओली की यात्रा की तैयारी के लिए नेपाल गए थे। ओली भी तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में शामिल होने के बाद चीन से लौटे हैं। नेपाल की स्थिति भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यह दूसरा पड़ोसी देश है जहां एक साल के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल हुई है। ओली के नेतृत्व में दिसंबर 2024 में नेपाल ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने के लिए फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया था। दूसरी ओर, अमेरिका मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन के तहत नेपाल में 50 करोड़ डॉलर के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। पिछले महीने भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से व्यापार मार्ग खोला। इस पर ओली ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा कि यह इलाका नेपाली क्षेत्र है, जबकि वास्तव में यह भारतीय सीमा के भीतर है और भारत का अभिन्न हिस्सा है। 2015 के बाद पहली बार था जब किसी नेपाली नेता ने इस तरह का बयान सीधे चीनी राष्ट्रपति के सामने दिया। नेपाल की मौजूदा अशांति को लेकर कई थ्योरी सामने आ रही हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि ओली चीन समर्थक हैं, इसलिए इसमें अमेरिका की भूमिका हो सकती है, जैसे बांग्लादेश में हुआ था। दूसरी ओर, कुछ का मानना है कि चीन विरोध को भड़का रहा है, ताकि अमेरिका के एमसीसी निवेश को कमजोर किया जा सके। वहीं, कुछ लोग मानते हैं कि जेन-जी का 'नेपो किड्स' आंदोलन, प्रॉ-मोनार्की समर्थकों से जुड़ा है, जिन्हें प्रॉ-इंडिया भी माना जाता है। अचानक से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, बीजिंग और 'डीप स्टेट' की भागीदारी की खबरों का फैलना मुश्किल को और बढ़ा सकता है। नेपाल अब एक ऐसा मैदान बन गया है, जहां चीन की बीआरआई और अमेरिका की एमसीसी फंडिंग के चलते अंतरराष्ट्रीय हितों की टकराहट हो रही है। हालांकि नेपाल में फैले इन प्रदर्शनों में बीजिंग की सीधी भूमिका नहीं है। चीन इतनी बड़ी अशांति पूरे नेपाल में नहीं फैला सकता, खासकर तराई क्षेत्र में। उसका प्रभाव ज्यादातर काठमांडू घाटी तक ही सीमित है।

# निराशा से आशा की ओरः आत्महत्या के खिलाफ जंग



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।

आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता का डर और




तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं।

भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज़ से संबंधित थे।

छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, परिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है।

दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते। किसानों की आत्महत्या, आर्थिक तंगी, व्यापार में नुकसान, रिश्तों का टूटना, तलाक और अभाव की स्थिति आत्महत्या की सबसे बड़ी जड़ें हैं। समाज और परिवार का विघटन भी व्यक्ति को असहाय बना देता है।

आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। टॉयनबी ने ठीक ही कहा है कि कोई भी संस्कृति हत्या से नहीं बल्कि आत्महत्या से मरती है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सरकारों, संगठनों, समुदायों और परिवारों की जिम्मेदारी है कि वे संवाद और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें। जब कोई व्यक्ति संकट में हो तो परिवार, दोस्त, पड़ोसी और सहकर्मी उसे अकेला न छोड़ें बल्कि उसका हाथ थामें। हमें एक ऐसी सामाजिक संरचना बनानी होगी जहां मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस माना जाए। जहां तनाव और अवसाद को गंभीरता से समझा जाए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले। जहां बच्चों को बचपन से ही संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाए और असफलताओं को जीवन का हिस्सा समझने का दृष्टिकोण विकसित किया जाए। आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यही संदेश देता है कि आत्महत्या से बचा जा सकता है, संवाद और सहयोग से जीवन बदला जा सकता है, और हर व्यक्ति को नई शुरुआत का अवसर दिया जा सकता है। यह दिन हमें यह समझाने आता है कि जिंदगी कठिन जरूर है लेकिन जीने के विकल्प हमेशा मौजूद हैं।

# चुनाव आयोग की जल्दबाजी !



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

हमारे संविधान निर्माताओं ने जब स्वतन्त्र होने के बाद चुनाव आयोग को पूर्ण रुपेण स्वायत्तशासी व सरकार से निरपेक्ष दर्जा दिया था तो प्रत्येक भारतवासी को सत्ता में भागीदारी करने की गारंटी दी थी। क्योंकि लोकतन्त्र का मतलब ही जनता की पसन्द की अपनी सरकार होता है। चुनाव आयोग जनता की इसी इच्छा की पूर्ति कराता है और तय करता है कि हर भारतवासी की इसमें शिरकत हो। अभी तक हम देखते आ रहे थे कि हर चुनाव से पहले चुनाव आयोग 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले हर मतदाता का वोट बनाने के लिए अभियान चलाया करता था और अपील करता था कि बड़ी से बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने जायें परन्तु पहली बार यह देखने में आ रहा है कि चुनाव आयोग खुद मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम काट रहा है। वह नाम काटने का कारण भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ही बताता है। ऐसा बिहार में हुआ है जहां 65 लाख मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। बिहार में चुनाव आयोग ने कहा कि वह विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। यह कार्य जब बिहार में शुरू किया गया तो इसका विरोध देश की विपक्षी पार्टियों ने किया और आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का यह कार्य कानून को धत्ता बता कर किया जा रहा है। इस बारे में देश के सर्वोच्च न्यायालय में भी कई याचिकाएं दायर की गईं जिन पर सुनवाई चल रही है और सबसे ताजा सुनवाई 8 सितम्बर को ही होनी है।

चुनाव आयोग ने कहा कि किसी वैध मतदाता के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड व खुद उसके द्वारा जारी किया गया वोटर कार्ड ऐसे दस्तावेज नहीं हैं जो उसके वैध भारतीय नागरिक होने के प्रमाण हों। अतः उसने 11 ऐसे दस्तावेजों की फेहरिस्त पकड़ा दी जिनकी जरूरत आम आदमी को मुसीबत के वक्त ही पड़ती है। इनमें जन्म प्रमाणपत्र से लेकर जाति प्रमाणपत्र व निवासी प्रमाणपत्र शामिल थे। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह आधार कार्ड को किसी भी नागरिक के वैध होने का सबूत समझे और अपने ही जारी किये गये वोटर कार्ड का भी संज्ञान ले। अब चुनाव आयोग पूरे भारत में बिहार की तर्ज का मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाना चाहता है जबकि सर्वोच्च न्यायालय में यह याचिका लम्बित है कि चुनाव आयोग क्या इस प्रकार का कोई अभियान चला सकता है। चुनाव आयोग को आखिरकार जल्दी किस बात की है?

सवाल यह है कि चुनाव आयोग सर्वोच्च न्यायालय के अन्तिम फैसले का इन्तजार क्यों नहीं करना चाहता? भारत का संविधान स्पष्ट रूप से जब यह कहता है कि भारत में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की नागरिकता की जांच केवल गृह मन्त्रालय ही कर सकता है तो चुनाव आयोग किस वजह से अपनी टांग इस क्षेत्र में अड़ाना चाहता है? चुनाव आयोग ने अभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की बैठक आगामी 10 सितम्बर को दिल्ली में बुलाई है। इस बैठक का मन्तव्य यह माना जा रहा है कि वह आगामी 1 जनवरी, 2026 से पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाना चाहता है। जाहिर है उसके इस कदम का विरोध देश के विपक्षी दल करेंगे क्योंकि वे कह रहे हैं कि इसके बहाने आयोग देश में राष्ट्रीय नागरिकता पंजीकरण का काम करना चाहता है। निश्चित रूप से यह कार्य चुनाव आयोग का नहीं है। उसे सिर्फ यह देखना होता है कि किसी भी वयस्क भारतीय नागरिक का वोट बनने से न रह जाये। इसके अलावा उसका काम होता है कि पूरे देश में हर चुनाव पूरी तरह स्वतन्त्र तरीके से हों और मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग बिना किसी खौफ-ओ-खतर के करें। उनका वोट कोई भी उन्हें डरा कर या लालच देकर न ले सके।

मगर चुनाव आयोग यदि नागरिकों की नागरिकता की जांच करने लगेगा तो इससे वह अपने लक्ष्य से भटक जायेगा और पूरे भारतीय समाज में बेवजह डर व्याप्त हो जायेगा। लोकतन्त्र में डर केवल कानून का ही होना चाहिए। जो लोग भारत के वैध नागरिक नहीं हैं और मतदाता बने हुए हैं उनमें कानून का डर होना चाहिए। मगर यह डर भारत के उस वैध नागरिक में नहीं होना चाहिए जिसके पास किसी कारणवश जन्म प्रमाणपत्र नहीं है। भारत की पुरानी पीढ़ियों में जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की परंपरा ही नहीं थी और सारे कार्य उनकी वल्दियत के नाम पर ही होते थे। इस हकीकत को हमें स्वीकार करना चाहिए। नई पीढ़ियों में जन्म प्रमाणपत्र रखने की परम्परा जरूर पैदा हुई है जो कि देश में बढ़ती शिक्षा व्यवस्था की वजह से है। अब यदि राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की बैठक चुनाव आयोग पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की गरज से बुला रहा है तो यह उसकी जल्दबाजी होगी क्योंकि देश में इससे अगले वर्ष 2027 में जनगणना शुरू होनी है।

जनगणना के दौरान नागरिकता की पहचान भी हो सकती है। इससे चुनाव आयोग का कार्य और सरल ही होगा। बिहार में जिस तरह 65 लाख मतदाताओं के नाम चुनाव आयोग ने काटे हैं उससे पूरे देश में आशंका का वातावरण बना हुआ है जिससे लोगों का रोष चुनाव आयोग के प्रति पैदा हो सकता है। अभी तक चुनाव आयोग लोगों का मित्र ही समझा जाता है। उसकी छवि लोकमित्र जैसी है। अतः चुनाव आयोग को अपनी छवि की चिन्ता भी करनी चाहिए क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था है।

# भरोसे के आंसू

व्यंग्य

संतोष उत्सुक

महिला सशक्तिकरण पर जितने मर्ज़ी लेख लिख लो, किताबें छाप लो, उनमें से कुछ पृष्ठ पढ़ भी लो, गोष्ठियां आयोजित कर लो, ज्यादा बढ़िया कवरेज के लिए किसी महानुभाव को मुख्य अतिथि बना लो, उनके भाषण पर तालियां बजा लो, बरसों आंदोलन चला लो लेकिन मर्दानगी शब्द सुनते, कहते, पढ़ते, लिखते कुछ अलग सी भावना दिमाग में उगने लगती है जिसमें जान हो, ताकत सी लगे और ठहराव आता दिखे।

आंसुओं को सामान्य तौर पर महिलाओं का ख़ास हथियार माना जाता है। लड़कियां, महिलाएं आंसुओं के माध्यम से झूठ को सच साबित कर देती हैं। लेकिन घड़ियाली या मगरमछी आंसू तो किसी के भी प्रभावोत्पादक हो सकते हैं। कई विषयों पर विदेशी अध्ययनों और सर्वेक्षणों ने मुझे सोचने और समझने का अलग अंदाज़ दिया। आंसू सम्बन्धी मामले में भी ऐसा हुआ। पिछले दिनों विदेश में हुआ एक अध्ययन कहता है कि पुरुषों के मगरमच्छ आंसू, महिलाओं के मगरमच्छ आंसूओं से ज्यादा भरोसेमंद होते हैं।

यह विदेशी भी कैसे कैसे अध्ययन करते हैं। हमारे जैसे विश्वगुरुओं से ही कुछ विषय और ज्ञान लेकर अध्ययन करते तो कुछ और ही नतीजे होते। हमारे सर्वेक्षण और निरीक्षण करने के तरीके सबसे अलग हैं। हमारे यहां तो टीकाकरण और नसबंदी भी कमाल की जाती है। हम सीधे मूल उद्देश्य पर ही सर्वेक्षण और प्रयोग करते हैं। हमारे निरीक्षक तो वास्तविक सड़कों पर घूमकर रेत, बजरी और तारकोल का कण कण का अध्ययन करते हैं। सितम्बर के महीने में हिंदी प्रयोग बारे निरीक्षण होता है तो बहुत ज़्यादा सख्त ईमानदारी प्रयोग की जाती है।

विदेशियों ने आंसुओं का जो विश्लेषण किया उससे पता चला कि घडियाली आंसू उन लोगों के ज्यादा भरोसेमंद लगते हैं जिनसे रोने की उम्मीद कम की जाती है। देखा जाए इस सन्दर्भ में विश्लेषण की ज़रूरत न थी। जो व्यक्ति कभी कभार रोएगा वो तो जी भर कर खूब रोएगा ही और उनके क्या हमारे समाज में भी मर्दों को आंसू बहाने का मौका कम ही मिलता है। वे तो अपनी प्रेमिकाओं, पत्नियों या सहकर्मियों के आंसू निकलवाने के लिए ज़्यादा जाने जाते हैं।

विश्लेषण के मुताबिक भावनात्मक आंसुओं को अक्सर ईमानदार और सच्चा माना जाता है। दूसरों को भ्रमित करने के लिए, आंसुओं का भी इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे आंसुओं को मगरमच्छ के आंसू कहा जाता है। नकली रोने वाले लोग ज्यादा दिखावा करते हैं। आंखें सिकोड़ना, दुखी होने का दिखावा जैसे हाव भाव ज्यादा प्रयोग करते हैं।

ऐसे अध्ययन के बारे जानकर लगता है संसार में कितना समय फालतू बातों में बर्बाद किया जाता है। हमें तो इस बारे सदियों से सब कुछ पता है। अफ़सोस की बात यह है कि यह अध्ययन, प्रतिभागियों को पुरुष और महिलाओं के आंसू बहाते चेहरों की डिजिटल रूप से सम्पादित तस्वीरें दिखाकर, सवाल पूछकर किया गया और जवाब देने वालों का अध्ययन देखो जिन्होंने मर्दाना आंसुओं को ज्यादा प्रभावशाली बता दिया।

हमारे यहां पुरुष और महिलाओं का अंतर बिलकुल स्पष्ट होने के बावजूद उन्हें बराबर माना जाता है। उन्हें समान अधिकार प्राप्त हैं। थोडा बहुत ऊपर नीचे, दाएं और बाएं तो हर समाज में चलता है। दुनिया मानती है, आंसू बह जाने से हर शरीर विश्राम करता है। आंसुओं में दूसरों को द्रवित करने की शक्ति भी मानी जाती है। आंसू मर्दाना हों तो क्या भरोसा ज़्यादा बहता है।


# मटका संगीत के जनक एवं भूमिगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रतनचंद नामदेव

शैलेश सतीश नामदेव, एडवोकेट

अंग्रेज गोरो और भारतीय काले की रंग की भेद नीति सारी दुनिया के सामने अमर बेल की तरह ऐसी फैली कि गोरे शासक राजा हो गए और भारत भूमि के मूल अधिकारी गुल्ला...... गोरों की गुलाम बनाने की इस रणनीति के विरूद्ध भारत के अनेक मुस्लिम एवं हिन्दू राजाओं ने सन् 1957 में संयुक्त बैठक कर सामूहित खुद की तारीख निश्चित की जिसमें अनेक देशभक्त तथा अंग्रेज सेना में भर्ती अधिकांश भारतीय सैनिक भी थे, उन्हीं में एक सिपाही मंगल पांडे ने अतिरेक में राष्ट्र भक्ति के भावों से ओत-प्रोत होकर गदर की निश्चित तारीख के पूर्व ही मेरठ में बगावत कर दी बाद में अंग्रेज प्रोफेसर ह्यूम तथा अंग्रेज समाज सेवी महिला श्रीमती ऐनी बेसेंट ने भारती की भौतिक आजादी के पक्ष में करते हुए ब्रिटिश साम्राज्य वाद का विरोध किया तथा भारतीय स्वतंत्रता के लिये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की जिसे शनैः शनैः सारे भारत में माना भारतीय स्वतंत्रता के लिये की जाने वाली हर कोशिश में संस्कारधानी जबलपुर ने अद्वितीय एवं जानदार सहयोग किया। 1857 में झांसी वाली रानी द्वारा वर्तानिया हुकूमत के विरूच्द्ध लड़ी जाने वाली समग्र युद्ध जबलपुर की ही कवियत्री श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी क्रांतिकारी कविता खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी को पंक्तिबद्ध करते हुए लिखा है। जबलपुर कौल्हापुर में भी हलचल उक्सानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो

फिर लाल वाल पाल तथा गांधी नेहरू हो या सुभाष चंद्र बोस भारतीय क्रांति के हर मसीह का सरोकार जबलपुर से रहा। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जबलपुर आये तो उनका सभा स्थल आज भी तिलक भूमि की तलैया के नाम से प्रसिद्ध है, नेता जी सुभाष चंद्र बोस का तो शीर्षस्थ स्वरूप ही जबलपुर से बना वे 1939 में यहाँ त्रिपुरी कांग्रेस के अधिवेशन में बीमार रहते हुए भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गये। सन् 1942 में बम्बई के अगस्त क्रांति मैदान में जब भारत की जनता के नाम बापू ने करो या मरो की रणभेदी फूंकी तब नगर के बड़े-बड़े नेता गिरफ्तार हो गए तो वह आंदोलन तरूणों ने संभाला। तरूण बालक गुलाबचंद पटैल 14 अगस्त को शाम 4.00 बजे जबलपुर के हृदय स्थल कमानियागेट फुहारा घमंडी चौक के पास अंग्रेजों की सत्ता के विरोध में जुलूस निकालते हुए भारत माता की जय बोलकर अपनी जान की कुर्बानी देते हुए दुनिया के तरूणों को राष्ट्रभक्ति के लिये समर्पण का संदेश दिया। संस्कारधानी की तरूणाई के इसी दौर की उपज थे, स्व. श्री रतनचंद नामदेव जो भूमिगत होकर बंबई की फिल्मी दुनिया के अनोखे एवं एक मात्र मटका संगीतकार बने। 1 सितम्बर 1927 को जबालीपुरम् की गलियों में जन्मे पले, बढ़े श्री रतन चंद नामदेव, 10 सितम्बर 1995 को हमारे बीच से विदा हुए।

स्व. नामदेव जी अपने बड़े भाई श्री गुलाबचंद नामदेव के साथ स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा राष्ट्रीय चेतना के गीतों की आजादी की दीवानी महफिलों में सस्वर तथा मटका बजाकर संगीत देते थे, गांधी जी के अंग्रेजो भारत छोड़ो करो या मरो मंत्र की मार अगस्त क्रांति में रतन चंद नामदेव के भाई श्री गुलाब चंद नामदेव जले चले गये तो छोटे भाई रतनचंद्र नामदेव को बहुत गुस्सा आया और जिस थाने की पुलिस गुलाब चंद्र नामदेव को बंदी बनाकर ले गई उस निवाड़गंज थाना अंग्रेजों की पुलिस चौकी को ही रतनचंद नामदेव ने फूंक डाला, पुलिस ने जब सघनता से उन्हें गिरफ्तार करने की कमर कसी तो वे अंग्रेजों की पुलिस को चकमा देकर भूमिगत होकर बंबई भाग निकले उस समय उनकी उम्र 15 या 16 वर्ष के बीच ही थी। पर वे अबोध नहीं थे, इतनी कम उम्र में अपनी भारत माता के प्रति अपने दायित्वों का बोध उन्हें भली भांति था। वे मटका बहुत अच्छा बजाते थे, किसी भी गीत के गायन के साथ मटके की संगत सहजता से कर लेते थे, उन्होनें बंबई पहुंचकर सबसे पहले बंबई फिल्मकारों के कपड़े सिलने



10 सितम्बर 2025 को 30वीं पुण्यतिथि पर विशेष

बाम्बे टेलर से संपर्क साधा उनकी दुकान में काम करने लगे, उनकी गिरफ्तारी करने के लये जबलपुर की पुलिस उन्हें तलाशती हुई बंबई के उस टेलर की दुकान पर पहुंच गई। इसका जब उन्हें पता चला तो वे बंबई के फिल्म स्थान से भूमिगत होकर कार्य करने लगे, इस बीच उनका प्रसिद्ध फिल्मी हस्ती श्री तलत महमूद से संपर्क हो गया, तब उन्होनें तलत महमूद को मटके की धुन सुनाई तलत महमूद जिसे सुनकर मंत्र मुग्ध हो गए, वहीं से उनकी फिल्मों में मटके की धुन देने की शुरूआत हुई, उन्होनें फिल्म बारादरी तस्वीर बनाता हूं आह, जाता रे अब मेरा दिल पुकारे, बैजू बाबरा, दूर कोई गाए आदि फिल्मों में मटका संगीत प्रमुखता से दिया। गीत तस्वीर बनाता हूं, तस्वीर नहीं बनती को ऊँचाई मटका संगीत ने प्रदान की। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान रतनचंद नामदेव जी के साथ दो और तरूण बम्बई गए थे, वे मास्टर चन्द्री तथा मास्टर गुट्टी जो आज अब इस दुनिया में नहीं है। स्व. रतनचंद नामदेव का बम्बई के कपूर खानदान के स्टूडियो आर.के. स्टूडियो में उनके मटके का संगीत देने के लिपिबद्ध रिकार्ड विद्यमान है, मटका संगीतज्ञ श्री रतनचंद्र जी के बम्बई फिल्मी उद्योग के स्व. मोतीलाल, अशोक कुमार, राजकपूर, प्रेमनाथ, तलत महमूद आदि खासे मित्र थे। मटका संगीत के अकेले संगीतकार होने के कारण वे बम्बई फिल्मी उद्योग में परिचय के नोहताज नहीं रहे। प्रागत्य में उन्होंने फिल्मों में मटका संगीत देने का कार्य किया तथा परोक्ष्य में भूमिगत होकर स्वतंत्रता आंदोलन के लिए राष्ट्रीय चेतना जगाई, सन् 1954-55 में वे जबलपुर जब वापस आये तो परिवार के बुजुर्गों ने उनकी गृहस्थी बसा दी। उनकी शादी एक धर्मानुरागी बाला श्रीमति मीरा बाई नामदेव से कर दी। मीरा बाई की सहज प्रति भक्ति में उन्हें पुनः बम्बई फिल्म नगरी वापस जाने के बजाए संस्कारधानी जबलपुर में ही रमा दिया।

उनके 6 पुत्र तथा 1 पुत्री थे, उनमें से उनके एक पुत्र स्व. श्री सतीश नामदेव अधिवक्ता / नोटरी के रूप में संस्कारधानी की सेवा कर रहे थे तथा उनके चौथे पुत्र मनोज नामदेव कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता एवं मध्यप्रदेश नामदेव नवयुवक सभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर एवं स्व. रतनचंद नामदेव के पदचिन्हों में चलकर समाजसेवा के प्रति अपना विशेष योगदान देते आ रहे हैं। स्व. रतनचंद नामदेव के कारण अनेक फिल्मी सितारों से संस्कारधानी जबलपुर की जनता को रूबरू होने का अवसर मिला। प्रसिद्ध फिल्मी गायक 1950-51 के मुकेश जबलुपर आये। श्याम टाकीज में उन्होनें अपना प्रोग्राम दिया, फिल्म अभिनेत्री सितारा देवी और प्रसिद्ध कैबरे डांसर कुक्कू भी जबलपुर पधारीं उन्होनें सुभाष टाकीज में अपने शो किए। 10 सितम्बर 1995 को स्वतंत्रता संग्राम एवं फिल्म जगत के एकमात्र मटका संगीतज्ञ श्री रतनचंद नामदेव ने अपनी अंतिम सांसे छोड़ी ।

उड़ गया बुलबुल चमन से, साख बाकी रह गई उठ गया धूनी साधू, राख बाकी रह गई.....

उस कर्मयोगी ने सरकार व समाज से आजादी के बाद सन् 957 से सन् 1995 तक अपने जीवन के किसी भी मोड़ पर स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अपार योगदान के बदले सुविधाओं की भीख नहीं मांगी और न ही असंवेदनशील समाज व सरकार ने ऐसे सपूतों को पहचानने की कोशिश की यही कारण है कि आज हमारा देश अनेक विसंगतियों से जूझता हुआ, पुनः गुलामी के कगार पर खड़ा है, आजादी के 75 से भी अधिक वर्ष गुजर जाने के बाद सर्वहारा तक आजादी के मायने नहीं पहुंचे। जब तक समाज अपने देश के लिये समर्थ, सेवात्मक भागीदारी नहीं स्वीकारेगा, यह देश गुलामी के बंधनों से पूर्णतः मुक्त नहीं होगा, वैसे तो हम आजाद है, पर भारत की दो तिहाई आबादी 2 जून का समुचित भोजन नहीं जुटा पाती, आओ हम सब इस महामानव की पुण्यतिथि पर अपने देश के लिये संपूर्ण सेवा का संकल्प लें। प्रशासन व जागरूक समाज को चाहिये कि स्वाधीनता के लिये अपना जीवन देने वालों को स्वयं पहचाने तथा उनकी स्मृति को शास्वत रखने के पुरजोर उपाय करते हुए उनके आर्थिक रूप से कंमजोर परिवारों को आजीविका के साधन मुहैया करायें।

# आसमान न कभी मेरे लिये सीमा था और न ही मेरे वतन के लिये : शुभांशु शुक्ला

लखनऊ (वार्ता)

ग्रुप कैप्टन व आईएसएस से लौटने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि आसमान कभी न उनके लिये सीमा था और न ही भारत के लिए। उन्होने कहा कि जीवन केवल मंज़िल तक पहुँचने का नाम नहीं है, यह यात्रा का भी नाम है। उद्देश्य ज़रूरी हैं, सपने ज़रूरी हैं, योजनायें ज़रूरी हैं। लेकिन इन्हें पूरा करने की दौड़ में, प्रक्रिया का आनंद लेना मत भूलिए। आगे क्या होगा की चिंता अभी क्या हो रहा है की खुशी को ढकने न दें।

मंगलवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुभांशु शुक्ला को डीएससी की मानद उपाधि प्रदान किया। इस मौके पर शुभांशु ने मेधावी छात्र-छात्राओं से कहा कि आपके हाथों में जो यह डिग्री है, उसके पीछे है आपके माता-पिता की अनगिनत जागी हुई रातें, शिक्षकों का धैर्य और परिवार के त्याग शामिल है। यह जीवन का सबसे बड़ा सबक है कि कोई भी अकेले सफल नहीं होता। शुभांशु शुक्ला ने कहा आज भले ही यह आपको आपकी शैक्षिक यात्रा का अंत लगे, पर दीक्षांत समापन नहीं है, यह तो आपका लॉन्चपैड है। अब तक आपकी ज़िंदगी समय-सारणी, उपस्थिति और परीक्षाओं से बंधी थी। कल से न तो कोई प्राध्यापक आपको डेडलाइन याद दिलाएगा और न ही अंकपत्र बताएगा कि आप अच्छे हैं या नहीं। अब प्रतिक्रिया आपको अवसरों, विश्वास और आपके द्वारा किए गए प्रभाव के रूप में मिलेगी। यह उत्साहजनक भी है और चुनौतीपूर्ण भी।

उन्होंने कहा स्वतंत्रता रोमांचक है, लेकिन जिम्मेदारी भी साथ लाती है। आज के बाद आपके हर चुनाव, आपके जोखिम, आपके विचार और आपके मूल्य केवल आपका भविष्य ही नहीं, बल्कि भारत का भविष्य गढ़ेंगे। डॉ. कलाम ने हमें सिखाया कि सपने वे नहीं जो सोते हुए देखे जाएँ, बल्कि वे हैं जो हमें जागते रखते हैं।

शुभांशु शुक्ला ने इस दौरान अपने लखनऊ से एन.डी.ए., भारतीय वायु सेना और फिर गगनयान से अंतरिक्ष मिशन तक के सफ़र को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बर्बादी नहीं, बल्कि तैयारी है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से बाहर निकलते समय, इतनी जल्दी पहुँचने की जल्दी में मत रहिए कि जीना ही भूल जाएँ। हाँ, करियर का पीछा कीजिए, लक्ष्यों का पीछा कीजिए, सपनों का पीछा कीजिए। लेकिन अपने दोस्तों के साथ हँसना मत भूलिए, छोटी-छोटी जीतों का जश्न मनाइए। उन असफलताओं पर भी मुस्कुराइए जिन्होंने आपको सफलता से ज़्यादा सिखाया।



वायुसेना अधिकारी ने युवाओं से कहा आप ऐसे समय स्नातक हो रहे हैं जब भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा के सबसे रोमांचक चरण में है। हम इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले पहले देश बने। मिशन गगनयान भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। 2035 तक हमारा लक्ष्य है एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक एक भारतीय का चंद्रमा पर कदम रखना है। उन्होंने कहा कि यह वह भारत नहीं है जो पिछड़कर पकड़ने की कोशिश कर रहा था। यह वह भारत है जो नेतृत्व कर रहा है, नवाचार कर रहा है और भविष्य को आकार दे रहा है। और यह वही भारत है जो आपका इंतजार कर रहा है। हमारे ये लक्ष्य चुनौतीपूर्ण हैं और इसके लिए पूरे राष्ट्र के संसाधन और आप जैसे युवाओं की क्षमता चाहिए।

शुभांशु ने इस दौरान अपने दो वादों के बारे में बताते हुए कहा कि मैं मानता हूँ कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र हमारे विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में परिवर्तनकारी शक्ति रखता है। यह सिर्फ़ सपना नहीं, बल्कि ज़िम्मेदारी है जिसे हमें मिलकर निभाना है। दूसरा भारत का अंतरिक्ष उद्योग अब तेज़ी से उभर रहा है। कुछ साल पहले तक लगभग नगण्य उपस्थिति थी, और आज लगभग 400 स्टार्टअप्स इसमें काम कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में ये संख्या और बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी चुनौती प्रशिक्षित और उद्योग-तैयार मानव संसाधन की। उन्होंने कहा अक्सर छात्रों को छह महीने या उससे अधिक का अतिरिक्त प्रशिक्षण चाहिए होता है। यह अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर भरा जा सकता है। मुझे गर्व है कि एकेटीयू अपने कई परिसरों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्पेस की स्थापना करेगा। ये केंद्र न केवल विशेष प्रशिक्षण देंगे, बल्कि हाथों-हाथ सीखने और उद्योग से सीधे जुड़ने के अवसर भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा, एकेटीयू निजी अंतरिक्ष कंपनियों के साथ एमओयू भी करेगा ताकि छात्र नवीनतम तकनीकों को प्रत्यक्ष देख सकें और उनमें योगदान दे सकें। इस दौरान उन्होंने अपने छह सिद्धांतों को भी साझा किया।

# चंद्रयान 4-5 पर काम जारी, 2027 में मानव मिशन

## इसरो अध्यक्ष ने बताई भविष्य की योजनाएँ

नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने मंगलवार को घोषणा की कि इसरो चंद्रयान 4 और चंद्रयान 5 पर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अंतरिक्ष स्टेशन का पूरा मॉड्यूल 2023 तक कक्षा में स्थापित कर दिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए, इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भविष्य के लिए इसरो की योजनाओं को साझा किया और कहा कि अगले तीन वर्षों में, हम जिन उपग्रहों को स्थापित करने जा रहे हैं, उनकी संख्या वर्तमान संख्या से लगभग तीन गुना होगी। दूसरी बात यह है कि हम बिना किसी लागत में वृद्धि किए अपने मार्क लॉन्चर की पेलोड क्षमता को 4,000 किलोग्राम से बढ़ाकर 5,100 किलोग्राम करने पर काम कर रहे हैं।

वी. नारायणन ने आगे कहा कि हम चंद्रयान 4, चंद्रयान 5 पर काम कर रहे हैं और अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। 2035 तक पूरा मॉड्यूल तैयार करना होगा और गगनयान पर हम इतने सालों से काम कर रहे हैं और इस साल हमारे पास मानवरहित मिशन और 2027 की पहली तिमाही में मानवयुक्त मिशन होगा। इसरो अध्यक्ष ने कहा, हम देश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं...अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और प्रशांत नायर को अमेरिका में पर्याप्त प्रशिक्षण दिया गया है और अंतरिक्ष यात्रा के उनके संपूर्ण अनुभव का उपयोग हमारे गगनयान कार्यक्रम के लिए किया जाएगा।



इससे पहले 23 अगस्त को, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मुख्य कार्यक्रम में बोलते हुए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी. नारायणन ने घोषणा की थी कि भारत चंद्रयान 4 मिशन लॉन्च करेगा, जिसमें वीनस ऑर्बिटर मिशन भी शामिल होगा। इसरो प्रमुख ने इस बात पर ज़ोर दिया कि वर्ष 2035 तक, भारत भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा, जिसका पहला मॉड्यूल वर्ष 2035 में ही प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2040 तक चंद्रमा पर उतरेगा, जिससे भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम दुनिया में शीर्ष पर पहुँच जाएगा।

वी. नारायणन ने कहा कि उनके निर्देश और दृष्टिकोण के आधार पर, हम चंद्रयान-4 मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम वीनस ऑर्बिटर मिशन शुरू करने जा रहे हैं। हम 2035 तक बीएएस (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) नामक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने जा रहे हैं और पहला मॉड्यूल 2028 तक लॉन्च किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने एनजीएल (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्चर) को मंजूरी दे दी है... 2040 तक, भारत चंद्रमा पर उतरेगा और हम उसे सुरक्षित वापस लाएंगे। इस प्रकार, 2040 तक, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम दुनिया के किसी भी अन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के बराबर होगा।

# इजरायल ने सीरिया के शहरों पर किये कई हवाई हमले

**दमिश्क, (वार्ता)।** इजरायल के लड़ाकू विमानों ने सोमवार देर रात सीरिया के कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किये। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि निशाने वाले क्षेत्रों में मध्य सीरिया में होम्स के बाहरी इलाके, तटीय शहर लताकिया और रेगिस्तानी शहर पल्मायरा शामिल हैं। कल देर रात शहरों में तेज धमाके सुनाई दिये, हालांकि हताहतों या क्षति के बारे में तत्काल कोई जानकारी अभी सामने नहीं आयी है। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन बताते हुए इस हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया कि वह बार-बार होने वाले इजरायली हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठायें।

# नेपाल सरकार और प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण तरीके से करें चर्चा: संयुक्त राष्ट्र

नयी दिल्ली, (वार्ता)

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने नेपाल में सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी संघर्ष के बीच दोनों पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से वार्ता के जरिये हल निकालने की अपील की है।

श्री गुटेरेस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र नेपाल की स्थिति को लेकर चिंतित है और उस पर नजर बनाये हुये है। उन्होंने अधिकारियों और सरकार से लोगों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अभिव्यक्ति के अधिकार की रक्षा करने की अपील की और कहा, मैं समझता हूं कि सुरक्षा बलों को बल प्रयोग के मूल सिद्धांतों का पालन करना चाहिये। जनहानि पर हम निस्संदेह काफी दु:खी हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सरकार और प्रदर्शनकारी बैठक करें और आगे बढ़ने की कोशिश करें और विभिन्न मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा करें।

नेपाल के कई इलाकों में भ्रष्टाचार और सरकार के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब आंदोलनकारियों पर पुलिस गोलीबारी में कम से कम 19 युवकों की मौत हो गयी और करीब 350 लोग घायल हो गये।

प्रदर्शनकारी मंगलवार सुबह राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के बोहोराटार स्थित आवास में जबरन घुस गये और वहां जमकर तोड़फोड़ की। स्थानीय मीडिया के अनुसार, देश के अन्य बड़े नेताओं के घरों पर भी प्रदर्शनकारियों द्वारा हमले किये गये हैं।

प्रदर्शनकारियों ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के खुमालतार स्थित आवास पर भी पथराव किया है।

काठमांडू पोस्ट ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने उपप्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल के भैसपति स्थित आवास पर भी पथराव किया। ललितपुर में प्रदर्शनकारियों ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के घर में आग लगा दी। सोमवार को पद से इस्तीफा देने वाले गृह मंत्री रमेश लेखक के घर पर भी हमला किया गया।

प्रदर्शनकारी पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा के बुधनीलकांठा स्थित आवास तक पहुंचे लेकिन हमला करने से पहले ही उन्हें रोक दिया गया। नेपाल राष्ट्र बैंक के गवर्नर बिस्वो पौडेल के भैसपति स्थित आवास पर भी पथराव किया गया।

# अमेरिका का टैरिफ भाजपा पर भी लगा हुआ है : अखिलेश

नयी दिल्ली, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अमेरिका का आयात शुल्क सिर्फ भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं पर ही नहीं है बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी है क्योंकि उससे जब कोई भी सवाल पूछा जाता है तो उसका जवाब नहीं मिलता। श्री यादव ने संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे मतदान में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि भाजपा से यदि देश की आर्थिक स्थिति या किसी अन्य मुद्दे पर सवाल पूछा जाता है तो किसी भी सवाल का जवाब नहीं मिलता है। अमेरिका से संबंधित किसी भी सवाल पर उसकी चुप्पी बताती है कि भाजपा पर भी अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है



उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में पूरा विपक्ष एकजुट है।उनका कहना था कि यह सिद्धांतों की लड़ाई है और देश को सबसे ज्यादा खतरा सांप्रदायिक ताकत से है और यह लड़ाई उसी के खिलाफ है इसलिए पूरा विपक्ष एकजुट होकर के अपने संयुक्त उम्मीदवार बी। सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में मतदान कर रहा है।

यह पूछने पर की गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है, उन्होंने कहा कि संख्या बल महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण सिद्धांत है और विपक्षी गठबंधन सांप्रदायिकता से देश को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। देश को सबसे ज्यादा खतरा सांप्रदायिक राजनीति से है और संप्रदायिक राजनीति देश को तोड़ती है।

# सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षा अहम: योगी

बस्ती (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा से ही देशहित में सशक्त समाज का निर्माण होता है।

बसहवां में सरस्वती विद्या मन्दिर के नये भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास करने के बाद योगी ने मंगलवार को कहा कि सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षा की ऐसी नीव है जो पूरे भारत वर्ष में शिक्षा की अलख जगा रही है। 1947 में जब भारत आजादी हुआ तो उस समय शिक्षा को लेकर कोई चिन्हित नही था, नानाजी देशमुख ने शिक्षा की अलख जगाने के लिए गोरखपुर से सरस्वती शिशु मन्दिर का नींव रखी और आज पूरे भारत में 12 हजार से अधिक सरस्वती शिशु मन्दिर शिक्षा के साथ-साथ भारतीयता को अपनाने की सीख दे रहा है। नानाजी देशमुख ने शिक्षा की जो नीव रखी वह बिना सरकारी मदद से रखी थी।कभी-कभी ऐसा होता है कि सरकारें सहायता करती है या नही करती है तब भी शिक्षण संस्थान चलते रहते है, आजादी के समय शिक्षा के रास्ते में ऐसी रूकावटे उत्पन्न हो गयी थी जो कभी समाप्त होने का नाम नही ले रही थी लेकिन राष्ट्रीय स्वयं संघ ने शिक्षा दिलाने के लिए पूरी तरह से अभियान चलाया । आज सरस्वती शिशु मन्दिर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद यहां के विद्यार्थी समाज, सरकार, देश के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के अभियान का नेतृत्व कर रहे। उन्होने कहा कि शिक्षा से ही हम देश के लिए योग्य नागरिक बन सकते है और अपनी देश का संरक्षण कर सकते है । एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नही चलेंगे, इसके लिए भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसको हटाने का अभियान चलाया और इस अभियान को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से 370 हटाकर एक देश, एक कानून लागू किया और वहां के आतंकवाद का सफाया करने के लिए ठोस कदम उठाये।योगी ने कहा कि आज भारत को तोड़ने के लिए साजिशे हो रही है लेकिन इसको रोकने के लिए हमें स्वदेशी को महत्व देना है अगर हमारे देश में स्वदेशी को अपनाया गया तो भारत निश्चित रूप से विकसित भारत का सपना साकार होगा और भारत समृद्धि बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं केवल शिक्षा ही नही देती है बल्कि देशहित एवं अपने पूर्वजों के बताये हुए रास्ते पर चलने का मार्ग प्रशस्त करती है। सरस्वती शिशु मन्दिर भारतीय और भारतीयता का प्रतीक है। शिक्षा से ही भारत को आगे ले जाने की सफल कल्पना कर सकते है। आज टेक्नालोजी का समय है। हमें सचेत रहने की आवश्यकता है और टेक्नालोजी के सदुपयोग से हम विकसित भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ा सकते है। इसके दुरूपयोग से हमें बचना चाहिए। जब कोरोना काल में पूरी दुनिया चिन्ता की नीद में सोई हुई थी तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आनलाइन मीटिंग, क्लासेज का शुभारम्भ हुआ और इसके जानकार अपनी कन्टेन्ट डालकर पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारत आज भी विकसित राष्ट की श्रेणी में है भारत कभी पीछे हटना वाला नही है।



योगी ने कहा कि चार सौ साल पहले भारत अर्थव्यवस्था में नम्बर एक पर था लेकिन भारत को लूटा गया, छीना गया फिर भी भारत 1947 में आजाद हुआ और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जाना जाता है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# 58 के हुये अक्षय कुमार

मुंबई, 09 सितंबर (वार्ता) बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अक्षय कुमार आज 58 वर्ष के हो गये।

अक्षय कुमार (मूल नाम राजीव भाटिया) का जन्म 09 सितंबर 1967 को पंजाब के अमृतसर में एक मध्यम वर्गीय पंजाबी परिवार में हुआ था। उनका बचपन दिल्ली में बीता। पढ़ाई पूरी करने के बाद अक्षय बैंकाक चले गये और वहां बावर्ची का काम करने लगे। इस दौरान वह वहां मार्शल आर्ट सीखा करते थे। बैंकाक से लौटने के बाद अक्षय कुमार मुंबई आ गए और मार्शल आर्ट ट्रेनर का काम करने लगे। इसी दौरान अक्षय की मुलाकात फिल्मकार प्रमोद चक्रवर्ती से हुई। प्रमोद चकवर्ती ने उनसे अपनी फिल्म दीदार में काम करने की पेशकश की। इससे पहले हालांकि उनकी फिल्म सौगंध प्रदर्शित हो गयी।

इस बीच निर्देशक अब्बास मस्तान की नजर अक्षय कुमार पर पड़ी। उन्होंने उनसे अपनी फिल्म खिलाड़ी में काम करने का प्रस्ताव किया। वर्ष 1992 में प्रदर्शित रहस्य और रोमांच से भरी यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गये। फिल्म खिलाड़ी की सफलता के बाद अक्षय फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। खिलाड़ी के बाद अक्षय कुमार फिल्म इंडस्ट्री में खिलाड़ी कुमार के नाम से मशहूर हो गये। इसके बाद फिल्मकारों ने उन्हें लेकर खिलाड़ी टाइटल वाली कई फिल्मों का निर्माण किया। इनमें मै खिलाड़ी तू अनाड़ी, सबसे बडा खिलाड़ी, खिलाड़ियों का खिलाड़ी, मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी, इंटरनेशनल खिलाड़ी, खिलाड़ी 420 आदि है।

वर्ष 1994 अक्षय कुमार के सिने कैरियर के लिये अहम वर्ष साबित हुआ। इसी वर्ष उनकी ये दिल्लगी, मोहरा, सुहाग,एलान और मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। फिल्म ये दिल्लगी में उन्हें निर्माता निर्देशक यश चोपड़ा के साथ पहली बार काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित भी किये गये। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म मोहरा सिने करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। वर्ष 2007 अक्षय कुमार के सिने कैरियर के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी नमस्ते लंदन, हे बेबी, वेलकम और भुलभुलैया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। इन फिल्मों में अक्षय कुमार के अभिनय के विविध रूप देखने को मिले।फिल्म नमस्ते लंदन के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित किये गये।



वर्ष 2008 में प्रदर्शित फिल्म सिंह इज किंग अक्षय कुमार की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्म साबित हुयी।रोमांटिक कॉमेडी पर आधारित फिल्म सिंह इज किंग में अक्षय कुमार ने एक भोले भाले और हंसमुख सिख का किरदार निभाया और अपनी लाजवाब अदाकारी से न सिफ दर्शको का दिल जीता बल्कि वर्ष 2008 की सबसे अधिक सफल फिल्म में भी इसका नाम दर्ज करा दिया और दर्शकों के बीच अपने को फिर से किंग साबित कर दिया। अक्षय कुमार की जोड़ी सुनील शेट्टी के साथ काफी पसंद की गयी। वही अभिनेत्रियों में अक्षय कुमार की जोड़ी अभिनेत्री रवीना टंडन और कैटरीना कैफ के साथ काफी पसंद की गयी। अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ ही जोकर, ओ माई गाड, पटियाला हाउस, खिलाड़ी 786 और द बॉस, जैसी कुछ फिल्मों का निर्माण भी किया है। अक्षय कंमार की वर्ष 2015 में बेबी, गब्बर इज बैक, ब्रदर्स और सिंह इज ब्लिंग जैसी हिट फिल्म प्रदर्शित हुयी है। वर्ष 2016 अक्षय कुमार के सिने करियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ है। इस वर्ष अक्षय की एयरलिफ्ट, हाउसफुल 3 और रूसतम प्रदर्शित हुयी है। तीनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से अधिक की कमाई की है। वर्ष 2017 में अक्षय की फिल्म जॉली एलएल बी 2 और टॉयलेट एक प्रेमकथा प्रदर्शित हुयी और दोनो ही फिल्में हिट साबित हुयी। वर्ष 2018 में अक्षय की पैडमैन, गोल्ड और 2.0 जैसी हिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। 2.0 में अक्षय ने रजनीकांत के साथ काम किया। फिल्म में अक्षय कुमार नेगेटिव किरदार में नजर आये।

इसके बाद अक्षय ने केसरी, मिशनमंगल, गुड न्यूज, हाउसफुल 4 लक्ष्मी,सम्राट पृथ्वीराज, सूयर्वशी,बच्चन पांडेय, कठपुतली,अतरंगी रे, राम सेतु रक्षाबंधन, सेल्फी,ओ माई गाड 2,मिशन रानीगंज,बड़े मियां छोटे मियां, सरफिरा, खेल खेल , स्काई फोर्स, सिंघम अगेन ,केसरी चैप्टर 2, हाउसफुल 5 जैसी फिल्मों में काम किया। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्मों में वेलकम टू द जंगल, जॉली एलएलबी 3, भूत बंगला, हैवान और हेराफेरी 3 समेत कई फिल्में शामिल है।

# बैटल ऑफ गलवान' से सामने आया सलमान का फर्स्ट लुक



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान से पहला ऑफिशियल लुक इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया है। शूटिंग शुरू होते ही सामने आई इस तस्वीर में सलमान आर्मी की यूनिफॉर्म में दिखाई दे रहे हैं। सलमान अपने इस लुक में राजसी ठाठ-बाट, घनी मूंछें और तीखी नजरों के साथ देशभक्ति में डूबे हुए दिखाई दे रहे हैं। अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी यह फ़िल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है। उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी। सैनिकों ने लाठी और पत्थरों से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी, जिससे यह हाल के भारतीय इतिहास की सबसे ज़्यादा भावनात्मक कहानियों में से एक बनकर सामने आई। अपनी दमदार कहानी और कमाल की स्टार कास्ट के साथ बैटल ऑफ गलवान हाल के सालों में भारतीय सेना को समर्पित सबसे असरदार सिनेमाई श्रद्धांजलि बनने जा रही है।

# ब्रिटिश संसद में रूल ब्रेकर्स की स्क्रीनिंग! अली फ़ज़ल ने बताया गर्व और सम्मान का पल



अली फ़ज़ल को हाल ही में ब्रिटिश संसद में अपनी आगामी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म रूल ब्रेकर्स की विशेष स्क्रीनिंग के लिए आमंत्रित किया गया था। इस विशेष कार्यक्रम की मेज़बानी सांसद एलिस मैकडोनाल्ड ने की और इसमें फिल्म की स्टार कास्ट के साथ-साथ अकादमी पुरस्कार विजेता निर्देशक बिल गुटेंटैग भी शामिल हुए। स्क्रीनिंग के बाद, उपस्थित लोगों ने एक पैनल चर्चा में भाग लिया, जहाँ फ़ज़ल और गुटेंटैग ने फिल्म के निर्माण और व्यापक संदेश पर अपने विचार साझा किए। इस फिल्म का निर्देशन अकादमी पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता बिल गुटेंटैग ने किया है। इस विशेष स्क्रीनिंग के बाद फिल्म की स्टार कास्ट के साथ एक दिलचस्प पैनल चर्चा हुई, जिसमें अली ने निर्देशक के साथ मिलकर इस परियोजना के निर्माण और संदेश पर अपने विचार साझा किए। अली फ़ज़ल ने इस अवसर पर अपनी गहरी कृतज्ञता और खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ब्रिटिश संसद में रूल ब्रेकर्स की स्क्रीनिंग के लिए सांसद एलिस मैकडॉनल्ड द्वारा आमंत्रित किया जाना मेरे लिए बेहद गर्व और सम्मान की बात है। यह सिर्फ़ एक फिल्म दिखाने के बारे में नहीं है, बल्कि ऐसी कहानियों के इर्द-गिर्द संवाद बनाने के बारे में है जो मानदंडों को चुनौती देती हैं और बदलाव के लिए प्रेरित करती हैं।

# आगामी पखवाड़े हेतु भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न



## सेवा पखवाड़ा पार्टी का नहीं बल्कि जन सेवा का जनआन्दोलन : रामस्नेही पाठक

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाडे हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नही पाठक की अध्यक्षता व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक नरेश पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप पटैल, मिनेन्द्र डागा नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द सिंह पटैल, जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ.अजय सोनी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती तक भाजपा इसे सेवा पखवाड़े के रूप में मनाती आई है यह सेवा पखवाड़ा नहीं बल्कि जन सेवा का जनआन्दोलन है जिसके अंतर्गत सभी जनप्रतिधि पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता बूथ बूथ तक जाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे और जो व्यक्ति योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गये है उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करायेगें सभी को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है वर्तमान में मोदी जी द्वारा जनता व व्यापारियों के हित में ळैण्ज्ण् के तहत टेक्स में राहत दी गई है जिसका सीधा लाभ जनता व व्यापारियों तक पहुंचना है इसका भी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना है।उन्होंने आगे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में रक्तदान, स्वच्छता अभियान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, प्रबुद्धजन संवाद, पं.दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर संगोष्ठी, आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहित करने हेतु प्रदर्शन का आयोजन सहित विभिन्न कार्यक्रम किये जावेगें।पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा उस महामानव नरेन्द्र मोदी जी को समर्पित है जिन्होंने जिस दिन से प्रधानमंत्री की शपथ ली है उस दिन से आज दिनांक तक अवकाश नहीं लिया है दिन और रात जनता की सेवा में समर्पित किया है। आप सभी कार्यकर्ताओं का श्रम ही तय करेगा पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे धर्म में कहा गया है कि दरिद्र की सेवा ही नारायण सेवा है इसी बात को मोदी सरकार की योजनाएं चरितार्थ कर रही है।

आगामी सेवा पखवाड़ा उन्हीं योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का माध्यम है अत: सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करते हुए योजनाओं का लाभ शासन से दिलवाना है। सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण हों इसकी चिंता जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को करना है।गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि सेवा पखवाड़ा उस नेतृत्व को सशक्त नेतृत्व को समर्पित है जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों व नेतृत्व के कारण ही भारत को नई दिशा व ऊर्जा मिली है।

अत: सभी कार्यकर्ता मोदी जी विकसित भारत के संकल्प हेतु इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाए।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार व डॉ.अजय सोनी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द सिंह पटेल व आभार पंकज चौकसे ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष व महामंत्री सहित जिला व मंडल टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

# सिविल हॉस्पिटल में हुआ फिजियोथेरेपी शिविर



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

सिविल अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य वृद्धजन देखभाल कार्यक्रम के अंतरगत विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष में एक दिवस का फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर में आये वृद्धजनो का स्वास्थ्य मूल्यांकन, उपचार एवं परामर्श किया गया. शिविर का शुभारम्भ प्रभारी अधिक्षक डॉ. उपेन्द्र वस्त्रकार द्वारा किया गया एवं डॉ. डी. पी. पंथी कोरी , डॉ. अभिनव जैन , डॉ. शिवम ढिमोले द्वारा शिविर में आये मारिजो का परीक्षण किया गया. इस मौके पर रोटरी क्लब के समाजसेवी मिनेन्द्र डागा ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी । शिविर में मुख्य भूमिका, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ. निधि झरिया की रही, जिन्हों वृद्धजनो और आमजनो को फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में समझाया और उन्होंने बताया की केसे विभिन जोड़ो के दर्द को फिजियोथेरेपी तकनीकों द्वारा ठीक किया जा सकता है. साथ ही उन्होंने मारिजो को आसान व्यायाम का अभ्यास कराया. शिविर में श्रीमती संगीता कुशवाहा,. पुष्पेंद्र पटेल एवं अन्य स्टाफ का भी योगदान रहा ।

# कलयुगी पुत्र को कठोर कारावास

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** न्यायालय पंचम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर वैभव सक्सेना के न्यायालय द्वारा मां के हत्यारे पुत्र महेन्द्र परिहार कुर्मी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम जोवा थाना करेली जिला नरसिंहपुर को धारा 105 भाग-1 बीएनएस में दोषसिद्ध पाये जाने पर दस वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000/अर्थदंड से दंडित किया गया है जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि, फरियादिया ने सूचना लेख कराई कि मैं श्रीमती पिंकी परिहार ग्राम जोवा में रहती हूं ग्रहणी हूं मेरे पति दो भाई महेश तथा महेन्द्र हैं मेरे पति ड्रायवरी करते हैं मेरी सास करीब 3 साल से लकवा से पीडित थी कल दिनांक 16.04.2025 के रात्रि करीबन 08:30 बजे मैं घर पर थी मेरी सास घर की दहलान में पलंग पर लेटी थी उसी समय मेरा देवर महेन्द्र परिहार घर में आया तभी मेरी सास उमेदी बाई पलंग में लेटे लेटे बड़बड़ा रही थी तो इसी बात से देवर महेन्द्र गुस्सा होने लगा और कहने लगा कि शांत हो जा नहीं तो जान से मार दूंगा। लेकिन मेरी सास शांत नहीं हुई तभी देवर महेन्द्र ने गुस्से में आकर आंगन में पड़ी जलाऊ चिरमा की लकडी से सास को जान से मारने की नियत से मारपीट किया जिससे सास को सिर में पीछे तरफ बायें कान एवं बायें हाथ में चोट आई एवं खून निकला उसके बाद मैंने अपने पति महेश एवं नंदोई सोमनाथ को फोन लगाया और घटना बताई जो दोनों घर आये एवं एंबुलेंस से सास को लेकर करेली शासकीय अस्पताल में ले गये थे जहां प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर द्वारा रेफर करने पर जिला अपताल नरसिंहपुर लेकर गये थे जहां इलाज दौरान दिनांक 17.04.2025 के दोपहर में सास की मृत्यु हो गई थी। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया जाकर मामले की संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी उप निदेशक अभियोजन श्री रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्री इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय आरोपी महेन्द्र परिहार कुर्मी को धारा 105 भाग-1 बीएनएस में दोषसिद्ध पाये जाने पर दस वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000/ के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## नि:शुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर धमना में स्पॉट लेप्रोसी सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सस्पेक्टिव कुष्ठ पीड़ितों के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर धमना में आयोजित शिविर में आशा कार्यकर्ता द्वारा आसपास के ग्रामों के संदेह वाले लेप्रोसी केसेस भेजे गए। इन लेप्रोसी केसेस की निःशुल्क जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सस्पेक्टिव मरीज की जांच के दौरान चार कुष्ठ पॉजिटिव पाए गए। इनका स्पॉट पर ही पंजीयन कर एमडीटी उपचार के लिए सम्पर्क को प्रदान की गई।

## 3 दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला पेंशन कार्यालय नरसिंहपुर में 9 से 11 सितम्बर तक तीन दिवसीय विशेष पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को तीन दिवसीय पेंशन शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला पेंशन अधिकारी नरसिंहपुर ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि वे इस शिविर में अपने विभाग के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

# व्यवसायिक मात्रा में गांजा तस्करी करने वालों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

न्यायालय विशेष न्यायाधीश (वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985) नरसिंहपुर श्री नीतिराज सिंह सिसौदिया के न्यायालय द्वारा मादक पदार्थ गांजा की तश्करी करने वाले आरोपीगण सर्वेश कुमार जाटव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रानीखेडा पोस्ट मसीद थाना बघौली जिला हरदोई उ.प्र. को स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 08 सहपठित धारा 20(बी)(द्वद्व)(सी) के तहत दोषसिद्ध पाते हुये दस वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये का अर्थदंड, ममता लोधी उम्र 34 वर्ष निवासी विकास नगर कालोनी नई बस्ती बाजना पुलिस के पास जिला मथुरा उ.प्र. को स?वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 08 सहपठित धारा 20(बी)(सी) के तहत दोषसिद्ध पाते हुये दस वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये का अर्थदंड एवं अंचल कुमार उर्फ भैयालाल जाटव उम्र 32 वर्ष निवासी आर.जे. 14 गली नंबर 1 ईट सागरपुर थाना सागरपुर दिल्ली वेस्ट न्यू दिल्ली को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 08 सहपठित धारा 20(बी)(द्वद्व)(सी) के तहत दोषसिद्ध पाते हुये दस वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि थाना स्टेशनगंज पर पदस्थ उप निरीक्षक विजय द्विवेदी को दिनांक 05.03.2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्तगण सर्वेश कुमार जाटव, ममता तथा अंचल कुमार उर्फ भैयालाल जाटव एक सिवर रंग की कार क्रमांक 13 /2160 में अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने के आशय से परिवहन कर सिवनी मुंगवानी की तरफ से दादा महाराज के पास दादा महाराज ढाबा में किसी ग्राहक को गांजा बेचने के आशय से आने वाले हैं। मुखबिर सूचना का पंचनामा बनाया गया। पंच साक्षीगण हीरालाल एवं सत्यम को तलब किया गया तथा उन्हें उक्त मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया। सर्च वारंट प्राप्त होने में विलंब की संभावना को देखते हुए सर्च वारंट प्राप्त होने में विलंब की संभावना को देखते हुए सर्च वारंट प्राप्त न कर सकने का पंचनामा बनाया गया तथा अधिनियम की धारा 42 के अधीन प्रतिवेदन एस.डी.ओ.पी. नरसिंहपुर को भेजा गया मुखबिर सूचना के आधार पर सहायक उप निरीक्षक विजय द्विवेदी पंच साक्षीगण एवं पुलिस बल तथा विवेचना सामग्री सहित मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान दादा महाराज ढाबा डोकरघाट पहुंचे। दादा महाराज मंदिर के पास निर्मित ओवरब्रिज से एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक 13 /2160 आते दिखाई दी जिसका ड्रायवर पुलिस को देखकर कार लेकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे शासकीय वाहन की मदद से रोका गया। उक?त कार के चालक ने अपना नाम सर्वेश कुमार जाटव उसके बाजू में बैठी महिला ने अपना नाम ममता लोधी तथा तथा कार में पीछे की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अंचल कुमार उर्फ भैयालाल होना बताया। तीनों अभियुक?तगण को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया तथा अधिनियम की धारा 50 के अधीन उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया गया।

इसके पश?चात पुलिस बल एवं गवाहों द्वारा अपनी तलाशी आरोपीगण को दी गई जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। उक्त कार की तलाशी लिए जाने पर कार के ड्रायवर सीट के पीछे वाली सीट पर एक प्लास्टिक के काले रंग की बोरी तथा कार के पीछे की डिक्की में छह काले रंक की प्लास्टि की बोरियां पाईं गईं जिनमें गांजे जैसा पदार्थ भरा हुआ था।

उक्त पदार्थ की पहचान गांजे के रूप में की गई। उक?त गांजे को समरस किया गया विवेचना किट के साथ लाई गई इलेक्ट्रिक तराजू का भौतिक सयापन किया गया तथा बरामद मादक पदार्थ की तौल किए जाने पर उसका कुल वजन 182 किलोग्राम होना पाया गया। मादक पदार्थ को मौके पर सीलबंद कर जप्त किया गया। अभियुक्तगण को उनकी गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराते हुए पंचनामे अनुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण को जप्तशुदा मुद्देमाल सहित थाना स्टेशनगंज पर लाया गया तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर एवं उप निदेशक अभियोजन श्री रामकुमार पटेल के निर्देशन में एडीपीओ श्री इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई।

अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत?पश?चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए यायालय द्वारा आरोपीगण सर्वेश कुमार जाटव, ममता लोधी और अंचल कुमार उर्फ भैयालाल जाटव को स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 08 सहपठित धारा 20(बी)(सी) के तहत दोषसिद्ध पाते हुये दस'-दस वर्ष का कठोर कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# जनसुनवाई में आये 124 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 124 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में जनसुनवाई के उन आवेदन पत्रों का निराकरण करना होगा। जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार और अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# नव पीढ़ी मां बाप सहित बुजुर्गो का सम्मान करे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पितर देवतुल्य हैं जो पितृ पक्ष सहित हमेशा हमें स्नेह और आशीर्वाद देते हैं।हमे पूर्ण श्रद्धा निष्ठा समर्पण और भक्ति भाव से पितृ पक्ष में तर्पण और श्राद्ध करना चाहिए।कोई भूखा प्यासा न रहे। दया सेवा सत्कार का सद्भाव हमेशा बना रहे। पितृपक्ष नव पीढ़ी को भी संदेश देता है कि हम बुजुर्गो का कहना माने ।उनसे मार्गदर्शन लें और सेवा करते हुए सदैव उनका सम्मान करें। उक्ताशय के विचार मुख्य वक्ता साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर में आयोजित सत्संग सभा में व्यक्त किये।गुरुवर त्रिपाठी ने राजा सगर दलीप अंशुमन और भगीरथ की उस कठिन कठोर तपस्या का भी स्मरण दिलाया जो अपने साठ हजार पुरखों के मोक्ष सहित जनमानस के कल्याण के लिए गंगा जी को प्रथ्वी पर लाये।आयोजन समिति से गुरुवर नारायण प्रसाद साहू ने कहा कि बुजुर्गो की सेवा से ही मेवा मिलता है।हम जितना मां बाप सहित बुजुर्गो को प्रसन्न रखेंगे।हम उतने ही प्रसन्न और सुखी रहेंगे।चोला वंदन पुजारी मनीष गिरदोनिया व आर के कौरव ने किया।कार्यक्रम में दिनेश श्रीवास्तव जे पी श्रीवास्तव महेश नेमा बी डी रूसिया श्रीमती भागवती रामायणी एस पी तिवारी सुभाष साहू गंगाराम साहू ओमप्रकाश पंड्या एड अजय साहू बबलू नेमा गिरीश पटेल सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे।

# झुन्झुनू राजस्थान में सम्मानित हुए सतीश और लखन



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** साहित्य जगत् के लिए गरिमामयी क्षण तब आया जब राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर (पंजीकृत) की मध्यप्रदेश जिला इकाई नरसिंहपुर के अध्यक्ष सतीश तिवारी %सरस% और प्रांतीय संगठन मंत्री लखन डेहरिया %शब्दाक्षरी% को राजस्थान के ऐतिहासिक नगर झुन्झुनू में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक साहित्योत्सव में सम्मानित किया गया।यह सम्मान समारोह संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.बुद्धिनाथ मिश्र और राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष डॉ.दयाशंकर जांगिड़ की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।सम्मान के दौरान दोनों साहित्यकारों को राजस्थान परम्परा के अनुसार पगड़ी पहनाकर,शॉल ओढ़ाकर,मोतियों की माला पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर दोनों साहित्यकारों ने काव्यपाठ भी किया जिसकी उपस्थित श्रोताओं ने काफी सराहना की।दोनों के सम्मानित होने पर इष्ट मित्रों व स्वजनों ने शुभकामनाएँ दीं।

# वैश्य महासम्मेलन की बैठक संपन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विगत दिवस महावीर भवन में तहसील वैश्य महा सम्मेलन महत्वपूर्ण बैठक संगठन के प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेंद्र डागा, संभागीय महामंत्री अनिल गुप्ता, तहसील प्रभारी राजीव जैन, तहसील नरसिंहपुर के अध्यक्ष केके सोनी, प्रतिष्ठित व्यापारी महेश मालपानी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुनील कोठारी ने समाज में संगठन, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, महिलाओं की जागरूकता पर जोर दिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिनेंद्र डागा ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन संगठन महत्वपूर्ण आयामो के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया कि वह लोग संगठन से जुड़े। ताकि संगठन को और अधिक मजबूती मिल सके।

संगठन के जिला अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि विश्व महासम्मेलन की संरचनात्मक गतिविधियां कैसे बढ़ाई जा सकती हैं।

संभागीय महामंत्री अनिल गुप्ता ने बताया कि यह महासम्मेलन सभी वैश्य समाज के घटकों को संगठित करने का काम करता है ताकि समाज को सुरक्षा और आत्मविश्वास मिल सके।

तहसील प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताएं कि वैसे महासम्मेलन में 368 विभिन्न जातियां शामिल है। प्रतिष्ठित व्यापारी महेश मालपानी ने संगठन के विस्तार, समाज की सहभागिता, युवाओं की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। इस अवसर पर नरसिंहपुर तहसील के अध्यक्ष के के सोनी ने भी संबोधित कर वैश्य महासम्मेलन की वर्तमान में उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संचालन करते हुए वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के जिला अध्यक्ष इंजीनियर आयुष कठल ने कहा की वैश्य को संगठन से जुड़ने के अनेक लाभ है। वैश्य महासम्मेलन राजनीतिक दलों के बाद सबसे बड़ा सामाजिक संगठन बन गया है।

तहसील अध्यक्ष राम मोलसरिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की उनके छोटे से अनुरोध पर पधारे सभी सदस्यों ने हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर तेंदूखेड़ा से जिला महामंत्री महिष मोदी, डॉ प्रकाश जैन, तेंदूखेड़ा तहसील प्रभारी पंकज स्वदेशी, संजय स्वदेशी, मुरली मालानी, अनिल मोहता, नरेंद्र राय, रूपक कठल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सुशासन का मिले सबको लाभ, यही हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



## अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये करें बेहतर प्रबंधन : अपनी दक्षता और क्षमता से नागरिकों को दिलायें सुशासन और योजनाओं का लाभ

### समाधान ऑनलाइन में नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध हुई कड़ी कार्रवाई

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक और जरूरतमंद को सुशासन का सीधा लाभ मिले, यही सरकार का मूल लक्ष्य है। इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें।

जिले में लंबित प्रकरणों पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। इस दौरान कटनी के कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिग कक्ष से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत व अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र वर्चुअली जुड़े थे। इसके अलावा एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, डीई एमपीईबी मुकेश महोबे, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मुख्यमंत्री के समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े थे। साथ ही समाधान ऑनलाईन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के संबंध में चयनित शिकायत के हितग्राही वार्ड 45 रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड निवासी जावेद अफ्तार पिता मोहम्मद हाशिम भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर्स सरकार की योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम की बेहतरी और मजबूती के लिये सतत् प्रयास करें। नागरिकों के काम समय पर हों और उन्हें अपनी छोटीछोटी जरूरतों के लिये यहांवहां भटकना न पड़े, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि आवेदकों की समस्याएं रूटीन कोर्स में जिला स्तर पर ही निराकृत हो जाएं, आवेदकों को सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने की स्थिति ही नहीं आनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का तय समय-सीमा में ही निराकरण किया जाये। यदि कोई मसला समाधान ऑनलाईन तक आ रहा है, तो यह गंभीर विषय है। सुशासन के तहत स्थानीय स्तर पर ही आवेदकों को उनकी समस्या का निदान मिल जायेए यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक अपने-अपने जिलों में नागरिकों को बेहतर प्रशासन एवं व्यवस्थाओं को जनहितैषी कस्टमर फ्रेंडली बनाकर उनका विश्वास हासिल करें।

### मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में की 12 जिलों के आवेदकों की सुनवाई

### समाधान ऑनलाइन में आये ये मामले

मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाईन में कटनी, बालाघाट, उमरिया, देवास, भिण्ड, पन्ना, शहडोल, मऊगंज, पांढुर्णा, टीकमगढ़, रायसेन एवं दमोह जिले के 12 प्रकरणों में सीधी सुनवाई की। कटनी जिले के आवेदक जावेद अफ्तार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत मकान न मिलने की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने आवेदक से चर्चा कर समस्या की जानकारी ली। अपर मुख्य सचिव नगरीयविकास ने बताया कि आवेदक को 26 अगस्त को ही उसके द्वारा चाहा गया मकान नंबर-45 दे दिया गया है।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

### पीपीपी मोड पर मेडिकल कालेज मंजूर नहीं, पत्रकारों से मिले जिला कांग्रेस शहर और ग्रामीण अध्यक्ष

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कांग्रेस की कमान संभालने के बाद पहली बार पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं सौरभ सिंह ने आम जनता की समस्याओं को लेकर वृहद स्तर पर आंदोलन की बात कही है। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि पूरा शहर समस्याओं के मकड़जाल में घिरा हुआ है। चाहे शिक्षा की बात हो या फिर स्वास्थ्य का मसला हो या फिर कानून व्यवस्था का सवाल हो हर मोर्चे पर सरकार और उसका पूरा प्रशासन तन्त्र फेल हो चुका है। जिसके परिणामस्वरूप आम जनताकई तरह की परेशानियों से जूझ रही है।

बरगवां रोड स्थित कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के तहत एक नई सोच के साथ कांग्रेस की नई टीम गठित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के काम है कि वो आम जनता की समस्याओं को लेकर मुखर रहना लेकिन कटनी की बात करें तो ऐसा लगता है कि यहां जनप्रतिनिधियों को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस आम जनता की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाने का काम करेगी। उन्होंने मेडिकल कालेज और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी अपनी बात रखी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कटनी शहर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

छोटे छोटे कामों को लेकर लोगों को भटकना पड़ता है। शहर में चल रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस मामले में जनप्रतिनिधियों ने भी चुप्पी साध रखी है। श्री शुक्ला ने स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोगों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। इसी कड़ी में आगामी 12 सितम्बर को बिजली दफ्तर का घेराव किया जाएगा। श्री शुक्ला ने कहा कि पिछले 20 सालो से प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन कटनी में कब तक मेडिकल कालेज नहीं बन सका है। विधानसभा चुनाव के पहले सरकारी मेडिकल कालेज की घोषणा की गई लेकिन बाद में इसे पीपीपी मोड में बदल दिया गया है।

इसको लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता को वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियदर्शन गौर, कटनी जिले के प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी ने भी संबोधित किया। पत्रकार वार्ता का संचालन पूर्व अध्यक्ष करन सिंह चौहान ने किया। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभसिंह, वरिष्ठ नेता प्रियदर्शन गौर, जिले के प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, महेंद्र जैन, गणेश राव, डॉ आनंद पटेल, प्रेम बत्रा, बी एम तिवारी, रामनरेश त्रिपाठी, अंशू मिश्रा उपस्थित रहे।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# जेपीवी डीएवी विद्यालय में विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रतिवर्ष विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाता है उसी तथ्य के आधार पर जमुना प्रसाद विश्वकर्मा में कक्षा नर्सरी से कक्षा छठी के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ यह परीक्षण मध्यप्रदेश क्षेत्रीय जोन के निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एसके सिन्हा की अध्यक्षता में पूर्ण हुआ। उन्होंने शहर के योग्य चिकित्सकों डॉक्टर प्रसंग बजाज एवं निधि बजाज के द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया चिकित्सकों ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह प्रदान की। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम संपत्ति हमारा शरीर होता है तथा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निर्माण होता है स्वस्थ शरीर के द्वारा ही हम सभी प्रकार के कार्यों को पूर्ण कर सकते है। अत: शरीर को स्वस्थ रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

# यूथ कटनी युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)।

यूथ कटनी युवा महोत्सव के अंतर्गत निरंतर प्रतिभा निखरने गए कार्यक्रमों की श्रृंखला लगातार चल रही है। संस्था के संचालक अनु शशांक श्रीवास्तव ने कार्य्रकम की जानकारी देते हुए बताया कि युवा महोत्सव के अंतर्गत स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में विगत दिवस मेहंदी, रंगोली, थाली सजाओ, दिया सजाओ, गणेश प्रतिमा मेकिंग, राखी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में कटनी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र कृष्णा साहनी ने प्रथम स्थान मुस्कान चक्रवर्ती ने द्वितीय स्थान गौरी सरावगी ने तृतीय स्थान एवं सेंट्रल पब्लिक एकेडमी के रौनक हल्दकार ने भी तृतीय स्थान प्राप्त किया। थाली सजाओ प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय की गौरी सरावगी को प्रथम स्थान एमानसी बर्मन को द्वितीय स्थान एवं कंअ एसीसी कैलोरीज स्कूल की दिशा साहू तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दिया सजाओ प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय की शुभ श्रीवास को प्रथम स्थान डीपीएस विद्यालय की उम्मीद गोस्वामी को द्वितीय स्थान एवं बार्डसले कन्या विद्यालय की खुशी मोहनानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय की वसुंधरा परोहा को प्रथम स्थान एवं रचना मोहनानी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ डीपीएस विद्यालय की हिमांशी सरावगी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बेस्ट आउट ऑफ्फ वेस्ट प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय के कान्हा निषाद को प्रथम स्थान अंश गोस्वामी को द्वितीय स्थान एवं बार्डस्ले विद्यालय की विभांशी खरे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय की खुशी नामदेव को प्रथम स्थान बार्डस्ले विद्यालय की खुशी मोटवानी को द्वितीय स्थान एवं



जेपीवी कंअ स्कूल की प्रिंसी पटेल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गणेश मेकिंग प्रतियोगिता में सरस्वती विद्यालय के कृष्णा साहनी को प्रथम स्थान मुस्कान चक्रवर्ती को द्वितीय स्थान एवं रुचि निषाद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में आकांक्षा बर्मन को प्रथम स्थान आरुषि गुप्ता को द्वितीय स्थान और शिविका वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में लता बजाज जय मित्तल एवं अनुराधा दीक्षित निर्णायक रही। मेहंदी प्रतियोगिता में संगीता बजाज, दीपाली गुप्ता एवं दीपिका शर्मा निर्णायक रहे दिया सजाओ प्रतियोगिता में ललिता गट्टानी एवं प्रभा साहू निर्णायक रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में अर्चना पुरवार एवं दीप्ति अग्रवाल निर्णायक रहे। गणेश मेकिंग प्रतियोगिता में अनुराधा सराओगी, माधवी शर्मा एवं ममता पटेल निर्णायक रहे। थाली सजाओ प्रतियोगिता में नीलिमा असोदिया, सर्जन कांदेले बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में पायल तराणी, शांभवी श्रीवास्तव एवं रजनी वर्मा निर्णायक रहे राखी मेकिंग प्रतियोगिता में मंजू बगड़िया एवं पूनम बसरानी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कार्यक्रम में शिल्पी गुप्ता, शोभा राय एवं आरती शिवहरे एवं तनु गुप्ता का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन शालिनी सोनी एवं रजनी वर्मा ने किया। इन सभी कार्यक्रमों के आयोजक ग्रुप में आशा तरणी, शालिनी जैन, रश्मि कुदरहा, नीना मैनी, लक्ष्मी गुप्ता डीआर श्रद्धा गुप्ता स्मिता चौदह, शिल्पी कुशवाहा, साधना जैन, ज्योति जैन, उमा भगोरिया, मोहनी सेठिया, दीप शिखा शिवहरे सारिका त्रिसुलिया, नीलम गुप्ता, शिल्पा जैन, आरती राय, सविता सोनी, स्वाति सेक्सेरिया संगीता मेघानी, योगीता त्रिसुलिया की भूमिका अत्यंत सराहनीये रही। पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व महापौर एवं संरक्षक शशांक श्रीवास्तव मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के व्यवस्थापक अशोक भागेरिया विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री पुरूषोत्तम माली ने की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सरस्वती शिशु मंदिर की आचार्य शक्ति तिवारी एवं अन्य शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा। कन्या महाविद्यालय की डॉ. श्रद्धा गुप्ता उपस्थित उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रमों की आगामी श्रृंखला में 16 सितंबर को स्थानीय स्वामी विवेकानंद सभागार ऑडिटोरियम बस स्टैंड कटनी में गायन और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इसमें सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह है की अपनी प्रतिभा निखारने के लिए इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संपर्क करें।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# ग्रामीणों की एक पुकार में विधायक ने लगवा दिया ट्रांसफार्मर

### गुडेहा मे संजू भैया की जय जय कार से गुंजमान हुआ विजयराघवगढ़ विधानसभा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुडेहा केवट मुहल्ले मे वोल्टेज की भारी समस्या बनी रहती थी गुडेहा के लोगों ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक से कुछ दिन पूर्व नया ट्रांसफार्मर की मांग की विधायक श्री पाठक ने तुरंत नये ट्रांसफार्मर लगाने के आदेश दिए जिसके उपरांत विधुत मंडल की टीम व विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की व्यक्तिगत टिम ने नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की कार्यवाही पूर्ण करते हुए 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों को खुशी प्रदान की अत्यधिक खुशी के साथ ग्रामीणों ने विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की जय जय कार की तथा बताया की दिपंचद रजक के द्वारा विधायक तक ग्रामीणों की समस्या पहुचाई गयी जिसका निराकरण करते हुए विधायक ने हम सब की तकलीफों को देखते हुए केवट मुहल्ले मे नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित कराया गया। अब बोलटेज की कमी नही रहेगी बच्चों को पढाई मे परेशानी नही होगी। सभी ग्रामीणो ने विधायक संजय सत्येंद्र पाठक का आभार व्यक्त करते हुए कहा की ऐसे विधायक न कही है न होगे एक आवाज मे हमारी समस्या का निराकरण कर दिए हमे कभी तकलीफ नही होने देते उनतक जानकारी पहुची और निराकरण तुरंत होता है।

### आभार प्रकट किया

इस दौरान संजीत सिंह, दीपचंद रजक, कैलाश सिंह, अनुज सिंह, डाक्टर नसीर खान, कैलाश साहू, कोदूराम साहू, रामचंद्र रजक, अनोज केवट, श्याम लाल केवट, मारू केवट, रामशरण साहू, आनंद साहू, रामू केवट, सुजीत केवट, सोनू केवट, नंदकुमार केवट आदि ने आभार प्रकट कर जय जय कार की विधायक की।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# विभागीय परीक्षा की खबरों को लेकर शिक्षक परेशान न हों : राकेश दुबे



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अभी दो-तीन दिन से ग्रुपों में माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और शिक्षकों की परीक्षा को लेकर मध्यप्रदेश के शिक्षकों में बड़ी हलचल मची हुई है। और ये सभी शिक्षकों की परीक्षा को लेकर बहुत परेशान हैं और उसके विरोध में तरह तरह के तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। इस मुद्दे पर शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने मध्यप्रदेश के सभी शिक्षकों से अपील की है कि इसके संबंध में अभी बेवजह तनाव लेने और मीडिया में हाय तौबा मचाने की आवश्यकता नहीं है। प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के अनुसार नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की नियुक्ति की चार व्यवस्थाएं रही हैं। 1998 व 99 के शिक्षाकर्मी, ये माननीय न्यायालय के निर्देश पर बनाई गई व्यवस्था के तहत नियुक्त हुए थे और उनकी पूर्व की सेवाएं अधिकतम 25 अंक देकर समाप्त कर दी गई थीं, वर्ष 2001 व 2003 में भर्ती हुए संविदा शाला शिक्षक जिनकी भर्ती प्रक्रिया को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मान्यता दी है, गुरुजी से संविदा शाला शिक्षक बने साथीएवे परीक्षा पास करके बने हैं, वर्ष 2005 में पात्रता परीक्षा प्रारंभ हो चुकी थी। अत: आप सभी को सलाह है कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में अभिव्यक्ति के समय अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें, ये सभी बातें ज्यादा नकारात्मक होने पर प्राणघातक भी हो सकती हैं हम कमलनाथ सरकार के समय की परीक्षा, उसके परिणाम और जनहानि को अभी नही भूले हैं। और एक बात का ध्यान अवश्य रखें कि न तो प्रत्येक व्यक्ति का, प्रत्येक समय, प्रत्येक मुद्दे पर बोलना उचित होता है और न ही प्रत्येक प्रयास का सफल होने के पूर्व ढिंढोरा पीटना। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे, प्रांतीय उपाध्यक्ष जगत पटेल, संगठन मंत्री मनीष सिंह गौतम, शालिनी तिवारी, अनिता यादव, माधुरी तिवारी, देवेंद्र तिवारी, रजनीश तिवारी, अरूण सिंह परिहार, अनिल परौहा, शैलेंद्र खम्परिया, हरीश दुबे, संदीप मिश्रा, मनरमन पांडे, राकेश रंजन परौहा, चंद्रशेखर जैसवाल, बालमुकुंद त्रिपाठी, राजा सोनकर, आशीष चौरसिया, अरुण दुबे, गंगाराम पटेल, अनूप तिवारी सहित समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिक्षक साथियों से अपील है कि हमारे संवर्ग को अभी बेवजह मानसिक तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मध्यप्रदेश में हमारे संवर्ग की जो भी भर्ती हुई है वह पूर्णत: संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुई है। आप लोग न तो निराश हों और न ही तनाव में आकर ठगे जाएं, शासकीय शिक्षक संगठन इस मुद्दे के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

### जीएसटी सहायक आयुक्त ने जबलपुर से कटनी आए दो परचून वाहनों को पकड़ा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मंगलवार सुबह जीएसटी की टीम ने अभियान के तहत जबलपुर से कटनी पहुंचे दो परचून वाहनों को मिशन चौक पर पकड़ा और कोतवाली थाना में खड़ा कराया है और वाहनों में लोड समान की जांच शुरू कि तो जीएसटी टीम को सुपाड़ी, ग्रिसलीन सहित अन्य समान बिना बिल का मिला जबकि कुछ सामान में ई वे बिल मिला है। सुबह से दोपहर तक जीएसटी टीम ने एक एक समान की जांच की और बिलों का मिलान किया। जीएसटी सहायक आयुक्त चंद्र कुंवर सिंह ने बताया कि इन दिनों लगातार अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट वाहनों की जांच की जा रही है इसी कड़ी में मंगलवार सुबह जीएसटी टीम ने मिशन चौक पर दो वाहन एक ट्रक और एक 407 वाहन को पकड़कर पूंछताछ की गई चालक ने समाधान कारक जवाब नहीं दिया जांच में सुपाड़ी और ग्रिसलीन जो आई है वह बगैर ई वे बिल के थी। संबंधित को सूचना देकर दस्तावेजों की जांच की जा रही है।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/1858/लो.नि.वि./2025 — कटनी, दिनांक 03.09.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतू केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है, म. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 23(7) के अनाधिकृत कालोनियों में नागरिक अधोसरंचना उपलब्ध कर के अंतर्गत एवं विकास शुल्क जमा होने पर कार्यों का भुगतान किये जाने के तहत् कराये जाने वाले कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https:/mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रुपए में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ... | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD 449262_1 | रफी अहमद किदवई वार्ड 16 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 दिन 2936844/- | 5000/- 22026/- | 04.10.2025 |
| 2. | 2025_UAD 449262_2 | इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 04 के कुठला क्षेत्र में विभिन्न गलियों में सी.सी. रोड का पुनः निर्माण | 60 दिन 744214/- | 2000/- 7442/- | 04.10.2025 |
| 3. | 2025_UAD 449262_3 | इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 04 सूर्या होटल से लेकर अनूप नायक के घर तक सी.सी. रोड | 90 दिन 1729818/- | 2000/- 12974/- | 04.10.2025 |
| 4. | 2025_UAD 449262_4 | इंदिरा गांधी वार्ड शिवाजी नगर विनोद असाटी के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 60 दिन 1141041/- | 2000/- 8558/- | 04.10.2025 |
| 5. | 2025_UAD 449262_5 | वार्ड क्रं. 04 में नाली निर्माण कार्य मनोज असाटी के घर से नायक जी से पटेल मेडिकल एवं चंद्रभान पांडे तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 90 दिन 1775011/- | 2000/- 13313/- | 04.10.2025 |
| 6. | 2025_UAD 449262_6 | इंदिरा गांधी वार्ड गली नं. 6 में पांडे जी के घर से तोमर जी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 90 दिन 2425550/- | 5000/- 18222/- | 04.10.2025 |
| 7. | 2025_UAD 449262_7 | वार्ड क्र. 04 शिवाजी नगर की विभिन्न गलियों में डब्ल्यू बी. एम. रोड निर्माण कार्य | 60 दिन 1356731/- | 2000/- 10173/- | 04.10.2025 |
| 8. | 2025_UAD 449262_8 | इंदिरा गांधी वार्ड क्रं. 04 गली नंबर की विभिन्न गलियों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 90 दिन 2355197/- | 5000/- 17664/- | 04.10.2025 |
| 9. | 2025_UAD 449262_9 | राममनोहर लोहिया वार्ड क्रं. 05 में स्थित गिरीश गुप्ता जी के मकान से काली मंदिर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 60 दिन 1332427/- | 2000/- 9993/- | 04.10.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किय जाएगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगरपालिक निगम, कटनी**

# मैदान पर एग्रेशन के बिना काम नहीं चल सकता : सूर्यकुमार

## एशिया कप में आज यूएई से भिड़ेगा भारत, पाकिस्तान से मुकाबला 14 सितंबर को

नई दिल्ली।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले एशिया कप के मुकाबले में एग्रेशन पर कंट्रोल नहीं करेगी। टीम आज बुधवार को रात 8 बजे से यूएई के खिलाफ ग्रुप-ए का पहला मैच खेलेगी। उसके बाद रविवार 14 सितंबर को उसका सामना सबसे बड़ी राइवल टीम पाकिस्तान से होगा। सूर्यकुमार मंगलवार को एशिया कप कैप्टन्स मीट में शामिल हुए। उनसे जब पूछा गया था कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में क्या खिलाड़ी आक्रामकता कम करेंगे। उन्होंने कहा मैदान पर आक्रामकता हमेशा रहती है। अगर आपको जीतना है, तो इसके बिना काम नहीं चल सकता।

इसी सवाल पर पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा अगर कोई आक्रामक होना चाहता है तो यह उसका




फैसला है। जहां तक मेरी टीम का सवाल है, तो मैं कोई दिशा निर्देश किसी को नहीं देता। प्लेइंग-11 के सवाल पर उन्होंने कहा आप संजू की चिंता मत करो, हम उनका ख्याल रख लेंगे। हम कल मैच में सही फैसला करेंगे। सूर्यकुमार ने आगे कहा हमने कुछ अच्छे प्रैक्टिस सेशन किए हैं। अच्छा लग रहा है। एशिया कप की बेस्ट टीमों से खेलना अच्छी चुनौती होगी। यूएई टीम के बारे में उन्होंने कहा वे शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और हाल ही में ट्राई में कुछ करीबी मुकाबले खेले हैं। उम्मीद है कि वे एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### भारत का पहला मैच आज

भारतीय क्रिकेट टीम आज बुधवार को एशिया कप क्रिकेट टूर्नोमेंट के पहले ही मैच में संयुक्त अरब अमीरात ;युएईद्ध के खिलाफ बड़ी जीत से शुरुआत करना चाहेगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम इस मैच में एक से अधिक ऑलराउंडरों के साथ उतर सकती है। यहां की पिच से स्पिनरों को सहायता की उम्मीद को देखते हुए दो से तीन स्पिनर उतार सकती है। मुख्य कोच गौतम गंभीर के आने के बाद से ही बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो को ही मजबूत करने के लिए ऑलराउंडरों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# भारतीय फुटबॉल टीम ने ओमान को पेनाल्टी में हराया

### ब्रॉन्ज मेडल जीता, कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू ने बचाया गोल



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ने पहली बार खेले गए सीएएफए नेशंस कप में ओमान को 3-2 से पेनाल्टी शूटआउट में हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। फुटबॉल रैंकिंग में जहां ओमान 79वें नंबर पर है, वहीं भारत 133वें पायदान पर है। ताजिकिस्तान के हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेले गए तीसरे स्थान के प्लेऑफमें मुकाबला 1-1 से बराबरी पर खत्म हुआ था।

**दोनों टीमों ने हाफ टाइम के बाद 1-1 गोल किए** - मैच के 55वें मिनट में जमीअल अल यहमादी ने ओमान के लिए गोल दागा, लेकिन उदांता सिंह ने 80वें मिनट में शानदार हेडर से बराबरी का गोल किया। इसके बाद मुकाबला अतिरिक्त समय में चला गया। 96वें मिनट में ओमान के अली अल बुसेदी को रेड कार्ड मिला और टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। बावजूद इसके भारत देर तक दबदबा बनाने के बाद भी विजयी गोल नहीं कर पाया और मैच का फैसला पेनाल्टी से हुआ।

पेनाल्टी शूटआउट में भारत के लिए लालियानजुआला छांगते, राहुल भेके और जितिन एमएस ने गोल किए। वहींए अनवर अली का शॉट बचा लिया गया और उदांता चूक गए। ओमान की ओर से केवल थानी अल रुशैदी और मुहसन अल घस्सानी गोल कर पाए। भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने अल यहमादी का शॉट रोककर भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

**पहली बार भारत ने ओमान को हराया** - भारतीय टीम ने इसी के साथ किसी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच में ओमान को पहली बार हराया है। दोनों टीम अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहीं थी जिससे उन्हें तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलने का मौका मिला। भारत ने साल 2000 से ओमान के खिलाफनौ मैच में से छह गंवाए हैं। दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला मार्च 2021 में खेला गया था जो 1-1 से ड्रॉ रहा था।

## विराट भूषण और सुवीर खुल्लर दिल्ली हाफ मैराथन के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के नए लॉन्च किए गए वीडीएचएम स्टार्स क्लब के सबसे बड़े सितारे विराट भूषण और सुवीर खुल्लर वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के ऐतिहासिक 20वें संस्करण के लिए तैयार हैं। यह एक प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस है जिसे वे दोनों अपने जीवन के पिछले 20 वर्षों में कभी नहीं चूके हैं। पिछले महीने लॉन्च किया गया वीडीएचएम स्टार्स क्लबए वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के सबसे समर्पित धावकों को सम्मानित करता है . जिन्होंने हाफ मैराथन (21.097 किमी)) दौड़ श्रेणी को 15 या उससे अधिक बार पूरा किया है। विराट और सुवीर इसके सबसे कुशल सदस्य हैं, जो 2005 से इस वार्षिक आयोजन के हर संस्करण का हिस्सा रहे हैं। 40 सदस्यों वाले इस विशिष्ट क्लब में जोशीले और निरंतर धावक शामिल हैं, जो लंबी दूरी की दौड़ की सच्ची भावना को साकार करते हैं और सक्रिय जीवनशैली के प्रतीक बन गए हैं, बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं और व्यापक धावक समुदाय को प्रेरित करते हैं। विराट और सुवीर सबसे सक्रिय सदस्य हैं, जिन्होंने सभी 19 दिल्ली हाफमैराथन में भाग लिया है। रश्मि मोहंती और श्रुति सक्सेना सबसे सम्मानित महिला धावक हैं क्योंकि वे दोनों 12 अक्टूबर को अपना 15वां वीडीएचएम दौड़ेंगी।

## रोहित को अस्पताल में देखकर प्रशंसक हुए चिंतित

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सोमवार देर रात यहां के कोकिलाबन अस्पताल पहुंचे जिसके बाद से ही प्रशंसक चिंतित को गये हालांकि रोहित के अस्पताल पहुंचने का कारण अभी पता नहीं चला है। इसका एक वीडिया भी सामने आया है। इसमें रोहित टी शर्ट पहने और कैप लगाये अस्पताल के अंदर प्रवेश करते हुए दिखे। वीडियो के सामने आने के बाद प्रशंसकों ने उनके अस्पताल आने के कारणों का पता लगाने का काफी प्रयास किस पर कुछ पता नहीं चला। प्रशंसकों ने हालांकि उनके प्रति समर्थन और शुभकामनाएं जतायीं। गौरतलब है कि रोहित के प्रशंसक उनकी काफी समय से खेल में वापसी की राह देख रहे हैं। रोहित ने पहले ही टेस्ट और टी20 को अलविदा कह दिया था और अब वह केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं। आईपीएल 2025 और चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही वह खेल के मैदान से दूर हैं। हाल ही मेंए रोहित बीसीसीआई के सेंटर ऑफएक्सीलेंस में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु गए थे।

## पंजाब किंग्स टीम में मेरा अपमान हुआ: गेल

जमैका।

वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज और क्रिस गेल ने काफी समय तक भारत में इंडियन प्रीमियर लीग में खेला है। गेल का करार साल 2021 में पंजाब किंग्स से टूट गया था। उसके बाद से ही वह आईपीएल से बाहर है। गेल ने पहले कहा था कि उन्होंने आराम करने के लिए पंजाब किंग्स को छोड़ा था पर अब उन्होंने कहा है कि टीम में उनका अपमान हुआ था। इसी कारण उन्होंने उसे छोड़ा था। गेल ने कहाए मेरा आईपीएल करियर समय से पहले ही समाप्त हो गया। इसका कारण था कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी होने के बाद भी मेरे साथ ठीक से व्यवहार नहीं



हुआ था। साथ ही कहा कि लीग के लिए इतना कुछ करने के बाद भी मेरी उपेक्षा हुई। यह मेरे जीवन में पहली बार था जब मैंने अवसाद की स्थिति महसूस की। इसलिए जब लोग अवसाद के बारे में बात करते हैं तो मुझे इसका थोड़ा सा आभास हो जाता है और यह मेरे लिए नहीं था।

गेल ने याद करते हुए कहाए माना जाता है कि खेलने के लिए पैसा मिल रहा है पर आपका मानसिक स्वास्थ्य पैसे से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैंने कोच रहे अनिल कुंबले से भी बात की थी और कहा कि मैं जा रहा हूं क्योंकि उसी समय मेरे सामने विश्व कप भी था। आईपीएल में गेल के नाम सबसे ज्यादा टी20 शतक और सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से 14,562 रन बनाए हैं जिनमें 22 शतक और 88 अर्धशतक शामिल हैं। उनके पूर्व साथी पोलार्ड और इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ;भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं।

## अफगानिस्तान ने हांगकांग को दिया 189 रनों का लक्ष्य

**अबू धाबी।** सेदिकुल्लाह अटल (नाबाद 73 ) और अजमतउल्लाह ओमरजई (52) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की दम पर अफगानिस्तान ने मंगलवार को एशिया कप ग्रुप बी पहले मैच में हांगकांग को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य दिया।आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 26 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (आठ) और इब्राहिम जदरान (एक) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोहम्मद नबी ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में किंचित शाह ने मोहम्मद नबी (33) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद गुलबदीन नईब पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये। करीम जनत दो रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान सेदिकुल्लाह अटल एक छोर थामे रन बनाते रहे।

## साउथ जोन ने स्मरण और सिद्धार्थ को किया शामिल

**चेन्नई।** साउथ जोन की टीम ने 11 सितंबर से होने वाले दिलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए नारायण जगदीसन और देवदत्त पडिक्कल की जगह पर कर्नाटक के आर स्मरण और तमिलनाडु के आंद्रे सिद्धार्थ को टीम में शामिल किया। जगदीसन और पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए टीम में शामिल किया गया है, इस कारण ये दोनो ही दिलीप ट्रॉफी फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं हैं। दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल 11 सितंबर से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर खेला जाएगा। जगदीशन और पडिक्कल ने दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था । ऐसे में इन दोनो के नहीं होने से साउथ जोन को



झटका लगा है। जगदीशन ने नॉर्थ जोन के खिलाफ पहली पारी में 197 रनों की शानदार पारी खेली थी जबकि पडिक्कल ने भी दोनों पारियों में 57 और नाबाद 16 रन बनाये थे।

## पीजीटीआई नेक्सजेन के पहले राउंड में उमेद कुमार ने मारी बाजी

लखनऊ।

हरियाणा के चंडीमंदिर के उमेद कुमार ने लखनऊ गोल्फ क्लब में खेले जा रहे पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन के सातवें इवेंट के पहले राउंड में तीन अंडर 67 का स्कोर बनाकर बढ़त बना ली। लखनऊ के स्थानीय खिलाड़ी संजीव कुमार ने दो अंडर 68 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। लखनऊ गोल्फ क्लब एक पार.70 नौ.होल कोर्स है जहां एक राउंड बनाने के लिए नौ होल दो बार खेले जाते हैं। कई होल पर अलग-अलग टीज का इस्तेमाल किया जाता है और आगे के नौ और पीछे के नौ होल के लिए अलग-अलग स्थान होते हैं। इस सीजन में पीजीटीआई नेक्सजेन के विजेता उमेद कुमार ने मंगलवार को एक त्रुटि-रहित राउंड खेला।

उन्होंने पहले 12 होल में पार बनाए, जिसमें 12वें होल पर बंकर से एक शानदार बचाव भी शामिल है।24 वर्षीय उमेद ने अपने राउंड की शुरुआत पार-3 के 13वें होल पर सटीक टी शॉट से की, जिससे उन्हें बर्डी के लिए चार फुट का शॉट मिला। इसके बाद उन्होंने 16वें और 18वें होल पर छह से 10 फुट की दूरी से बर्डी के लिए कुछ मुश्किल पट लगाए।

पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में वर्तमान में आठवें स्थान पर काबिज उमेद ने कहा आज सब कुछ मेरी चिपिंग का कमाल था। मेरी चिपिंग ने मुझे हर बार मुश्किल से निकाला क्योंकि मैं आज कई ग्रीन्स से चूक गया। मेरे चिप शॉट लगातार झंडे से कुछ फुट की दूरी पर ही लग रहे थे। मैं अपने हालिया प्रदर्शन से काफी आत्मविश्वास से भरा हुआ हूँ क्योंकि पिछले हफ्ते के नेक्सजेन इवेंट में मैं चौथे स्थान पर रहा था।

# 22 सितंबर से बिस्किट, टूथपेस्ट जैसे प्रोडक्ट्स मिलेंगे सस्ते

## सरकार ने कंपनियों को पुराने स्टॉक की एमआरपी बदलने की इजाजत दी

नई दिल्ली।

22 सितंबर से लागू हो रहीं नई ळैज् दरों से पहले सरकार ने कंपनियों को अपने पुराने बचे हुए माल की मैक्सिमम रिटेल प्राइज ;डत्च्द्ध बदलने की इजाजत दे दी है। मैन्युफैक्चरर्स, पैकर्स और इम्पोर्टर्स अब पुराने स्टॉक पर नई कीमतें स्टैंप, स्टिकर या ऑनलाइन प्रिंटिंग से डाल सकेंगे। भारत के कंज्यूमर अफेयर डिपार्टमेंट ने मंगलवार को आदेश जारी कर कहा कि ये अनुमति 31 दिसंबर



2025 तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक लागू रहेगी। नई कीमतों के साथ कंपनियों को पुराना एमआरपी दिखना जरूरी होगा।

3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने कई सामानों पर टैक्स रेट्स घटाने का ऐलान किया था, जिससे कंपनियों को कीमतें कम करने का मौका मिला है। लेकिन पुराने स्टॉक पर प्रिंटेड एमआरपी को बदलना कंपनियों के सामने चुनौती थी। अब सरकार के इस समस्या का हल निकालने के बाद ग्राहकों को 22 सितंबर से ही चॉकलेट, बिस्किट, कॉफी, शैंपू और टूथपेस्ट जैसे सामान कम कीमत पर मिल सकते हैं।

# चावल के दामों में आई गिरावट

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम घट गये, जबकि गेहूं में मजबूती देखी गयी। खाद्य तेलों और चीनी की कीमतों में नरमी रही। दालों के भाव में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सात रिंगिट टूटकर 4,481 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 प्रतिशत फिसलकर 51.25 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत



कीमत करीब चार रुपये उतरकर 3,830.06 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,853.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।आटा भी दो रुपये की मजबूती के साथ 3,308.38 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।खाद्य तेलों में नरमी रही।सरसों तेल औसतन 39 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 50 रुपये और वनस्पति में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।सोया तेल में तीन रुपये, पाम ऑयल 26 रुपये और सूरजमुखी तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।दाल.दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल कम हो गयी। चना दाल 14 रुपये और उड़द दाल 22 रपुये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं मूंग दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की मजबूती रही। मसूर दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। मीठे के बाजार में आज मंदी का रुख रहा।गुड़ की औसत कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

# सोने का भाव 1,09,000 प्रति 10 ग्राम



## चांदी के दामों में भी आई चामक

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर सोने ने 1,09,000 रुपए प्रति 10 ग्राम का रिकॉर्ड स्तर छू लिया। वहीं चांदी भी 1,26,730 प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुकी है। एमसीएक्स पर अक्टूबर वायदा सोना 429 रुपए की तेजी के साथ 1,08,947 रुपए पर खुलाए जबकि पिछला बंद भाव 1,08,518 रुपए था। दिन के कारोबार के दौरान इसने 1,09,000 का उच्च और 1,08,600 रुपए का निम्न स्तर छुआ। इस समय सोना 275 की तेजी के साथ 1,08,793 रुपए पर कारोबार कर रहा है। चांदी की शुरुआत थोड़ी सुस्त रही। दिसंबर वायदा चांदी 108 की गिरावट के साथ 1,25,463 रुपए पर खुलीए लेकिन जल्द ही रफ्तार पकड़ ली। यह कॉन्ट्रैक्ट 168 रुपए की तेजी के साथ 1,25,739 रुपए पर कारोबार करता देखा गया। दिन का उच्च 1,25,750 रुपए और न्यूनतम 1,24,462 रुपए रहा।


इस महीने चांदी 1,26,730 रुपए के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों धातुओं में तेजी रही। सोना 3,676.60 डॉलर पर खुलकर 3,686.10 रुपए पर कारोबार कर रहा था। वहींए चांदी 41.94 रुपए प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी।

## श्रीनिवास इंजेती एनएसई के अधिशासी बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

**नयी दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने श्रीयुत श्रीनिवास इंजेती को अपने शासी बोर्ड में अध्यक्ष नियुक्त किया है।एनएसई की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्री इंजेती एनएसई के निवेशक मंडल में जनहित निदेशक थे।एक्सचेंज ने उनकी नियुक्ति बाजार विनियामक प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ;सेबीद्ध की स्वीकृति के बाद की है और यह आज से प्रभावी हो गयी है।सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी 1983 बैच श्री इंजेती के पास कॉर्पोरेट विनियमनए वित्तीय सेवाओंए शासन और सार्वजनिक नीति में चार दशकों से अधिक का नेतृत्व अनुभव है।

## एपल आज लॉन्च करेगा आईफोन 17 सीरीज

**नई दिल्ली।** एपल आज अपने सालाना इवेंट में सबसे पतला आईफोन लॉन्च करेगी। ये आईफोन प्लस की जगह लेगा। इवेंट में आईफोन 17 सीरीज में कुल 4 मॉडल्स पेश किए जाएंगे। एपल एयरपॉड्स प्रो 3 भी लॉन्च किए जाएंगे। इसमें हार्ट रेट मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ ट्रैकिंग फीचर्स मिल सकते हैं। यह फीचर पहले एपल के बीट्स पावरबीट्स प्रो 2 में पेश किया गया था, लेकिन ये ऑप्टिकल सेंसर का उपयोग करता है।



इसके अलावा एपल वॉच सीरीज 11 को लॉन्च किया जा सकता है। सभी डिवाइस अपडेट के साथ आएंगे, जिसमें लिक्विड ग्लास इंटरफेस मिलेगा। लॉन्च इवेंट का नाम श्ऑव ड्रॉपिंगश् रखा गया है। कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो में एपल पार्क में भारतीय समय अनुसार रात 10:30 बजे से इवेंट शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो भारत में स्टैंडर्ड आईफोन 17 की कीमत 79,900 रुपए से शुरू हो सकती है, जो इसके टॉप मॉडल प्रो मैक्स के लिए 1,64,900 रुपए तक जा सकती है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 314, निफ्टी 95 अंक ऊपर आया




**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 314.02 अंक बढ़कर 81,101.32 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.45 अंक ऊपर आकर 24,868.60 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.76 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा निफ्टी फार्मा 0.86 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.58 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.13 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर 0.77 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक 0.14 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.30 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.12 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.19 फीसदी गिरावट पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टीसीएसए सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही जबकि एसबीआई, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, टाइटन, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, एमएंडएम के शेयर सबसे अधिक गिरे। लार्जकैप के साथ ही आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 103.20 अंक करीब 0.18 फीसदी की तेजी के साथ 57,464.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59.95 अंक या 0.34 फीसदी की तेजी के साथ 17,744.30 पर था।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 333 अंकों की बढ़त के साथ 81,121 पर पहुंच गयाए जबकि निफ्टी50 81 अंकों की तेजी के साथ 24,855 पर ट्रेड करता नजर आया। वैश्विक बाजारों में भी मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.9 फीसदी की बढ़त के साथ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका में टेक शेयरों की अगुवाई में नैस्डैक ने नया रिकॉर्ड बनाया। निवेशकों को उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व आगामी बैठक में ब्याज दरों में कमी कर सकता है।

# संबल योजना सच्चे अर्थों में श्रमिक भाई बहनों का सहारा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 7,953 हितग्राहियों के खातों में 175 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से की अंतरित

भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति में मान्यता है कि परहित सरिस धर्म नहिं भाई यानी दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और संबल योजना दूसरों की सेवा करने की इसी भावना को चरितार्थ करने का मार्ग है। राज्य सरकार की इस पहल का ही परिणाम है कि संबल योजना सच्चे अर्थों में श्रमिक भाई.बहनों का सहारा बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव मंगलवार को मंत्रालय से संबल योजना के 7 हजार 953 हितग्राहियों के खातों में 175 करोड़ रुपये अंतरित कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि यह राशि श्रमिक भाई.बहनों के लिए बड़ी मदद साबित होगी। प्रदेश में 1 करोड़ 77 लाख से अधिक श्रमिक इस योजना में पंजीकृत हैं। पंजीयन की प्रक्रिया लगातार जारी है। इस अवसर पर पंचायत और ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम से सभी जिले वर्चुअली रूप से जुड़े।

***श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रीपहल को मंजूरी***– मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि संबल योजना की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई थी, तब से अब तक कुल 7 लाख 60 हजार 886 प्रकरणों में 7 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि हितग्राहियों को वितरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी देखी है, इसलिए वे गरीबों का दुख और उनकी जरूरतें समझते हैं। संबल योजना उसी मुश्किल वक्त के साथी का नाम है। इसी क्रम में श्रमिकों के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में मदद के लिए को श्रीपहल को मंजूरी प्रदान की गई है। इसका एक और उद्देश्य श्रमिकों के जीवन स्तर को उन्नत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

***श्रमिकों की नई श्रेणी बनाकर संबल योजना में किया शामिल***– मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ और सबका विकास की राह पर अग्रसर है। मार्च 2024 से घर.घर जाकर सामान और सेवायें देने वाले गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों की नई श्रेणी बनाकर संबल योजना में शामिल किया गया है। अब ये श्रमिक भाई–बहन अधिकाधिक संख्या में संबल योजना में रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं और सभी आर्थिक हितलाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में पत्थर तोड़ने वाले, ईंट बनाने वाले, पापड़–अचार बनाने वालेए खाना बनाने वालेए घरों में काम करने वाले मजदूर या तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले सभी श्रमिक और उनके परिवार इस योजना से जुड़कर आर्थिक मदद पा रहे हैं। संबल योजना के जरिए श्रमिक भाई.बहनों और उनके परिवार के जीवन को आसान और बेहतर बनाने तथा उनका बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।



# सरकार त्रिस्तरीय पंचायतों और सरपंचों के अधिकार करे वापस

## 3 नवंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी

## सरपंचों से आंदोलन के लिए मांगा समर्थन

भोपाल।

राजधानी भोपाल के नाइन मसाला रेस्टोरेंट में मध्यप्रदेश राज्य पंचायत परिषद भोपाल संबद्ध अखिल भारतीय पंचायत परिषद दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर के अध्यक्षता में प्रदेश से आए त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिधियों के साथ 55 जिलों के सरपंच गणों किबैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 3 नम्बर 2025 को प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। और सरकार को मजबूर किया जाएगा कि सरपंचों के हक अधिकार सरकार वापस करे। इसके अलावा अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा कि गई है। जैसे सरपंचों के सुरक्षा, फर्जी 181 के विरुद्ध कार्यवाही, मानदेय बढ़ाए जाने, धारा 40 कि कार्यवाही स्थगित किए जाने, पीडब्ल्यूडी कि तरह सीएसआर 2025 का लागू किए जानेए पंचायत अधीनस्थ कर्मचारियों का सीआर लिखने का अधिकार, पंचायतों के लंबित भुगतान तत्काल किए जाने, सरपंचों के बिना हस्ताक्षर के आन लाइन फीडिंग अमान्य किए जाने, पंचायत कोश कि स्थापना किए जाने, खनिज रॉयल्टी में छूट किए जानेए पांचवे वित्त से राशि खर्च का प्रतिबंध हटाया जाने के अलावा सुदूर सड़क पर से प्रतिबंध हटाए जाने कि मांग सरकार से की गई है। बैठक में मुख्य मुद्दा उठा की सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त 73 संशोधन के पूर्ण अधिकार वापस किया जाय, जिसका निर्णय सर्वसम्मति से पास किया गया। और सरकार को चेतावनी दी गई कि प्रदेश सरकार सभी मांगों पर तत्काल निर्णय ले नहीं तो 3 नवंबर 2025 को प्रदेश के त्रिस्तरीय पंचायतों के जनप्रतिनिधि द्वारा इतिहासिक आंदोलन करने को मजबूर होगे। जिसके लिए पूर्ण रूप से सरकार जिम्मेदार होगी।

# एक दिन में 15 जिलों के एसपी बदले

## आधी रात में 30 और आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर

भोपाल

मध्यप्रदेश में सोमवार को आधी रात के बाद 30 और आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए। गृह विभाग से जारी इस आदेश में 13 जिलों के एसपी बदले हैं। इससे पहले सोमवार शाम को जारी आदेश में 20 आईपीएस अफसरों को इधर से उधर किया था। इस सूची में 2 जिलों के एसपी बदले गए थे। इस तरह सोमवार को दो आदेश में सरकार ने कुल मिलाकर 50 आईपीएस अफसरों के थोकबंद तबादले किए हैं। जिसमें कुल 15 जिलों के एसपी बदले हैं। शैलेंद्र सिंह चौहान कमांडेंट 13वीं बटालियन ग्वालियर को रीवा जिले का एसपी बनाया। शिवदयाल 14वीं बटालियन ग्वालियर को झाबुआ जिले का एसपी बनाया। रघुवंश कुमार सिंह 5वीं बटालियन मुरैना को आलीराजपुर जिले का एसपी बनाया।

विजय भागवानी, एआईजी पीएचक्यू को उमरिया जिले का एसपी बनाया। संतोष कोरी, एसपी रेल इंदौर को सीधी जिले का एसपी बनाया। सांई कृष्ण एस थोटा, एसपी पन्ना को नर्मदापुरम जिले का एसपी बनाया। हंसराज सिंह, पुलिस उपायुक्त इंदौर को सतना जिले का एसपी बनाया। निवेदिता नायडू, एसपी उमरिया को पन्ना जिले का एसपी बनाया गया। वीरेंद्र जैन, एसपी श्योपुर को बैतूल जिले का एसपी बनाया। सुधीर कुमार अग्रवाल, एसपी मैहर को श्योपुर जिले का एसपी बनाया। अवधेश प्रताप सिंह, कमांडेंट 36वीं बटालियन बालाघाट को मैहर जिले का एसपी बनाया। रवीन्द्र वर्मा, एसपी सीधी को खरगोन जिले का एसपी बनाया। शशांक, पुलिस उपायुक्त भोपाल को हरदा जिले का एसपी बनाया। अशोकनगर में राजीव कुमार मिश्रा को एसपी बनाया गया। धार में मयंक अवस्थी नए पुलिस अधीक्षक होंगे।

### पुलिस उपायुक्त बदले

रियाद इकबाल, पुलिस उपायुक्त भोपाल को एसएसपी रेडियो बनाया। इनकी जगह रीवा एसपी विवेक सिंह को भोपाल पुलिस उपायुक्त (जोन–2) बनाया गया है। अभिनव चौकसे, एसपी हरदा को भी भोपाल में पुलिस उपायुक्त (जोन–3) बनाया गया है। आशुतोष, एसपी सतना को पुलिस उपायुक्त भोपाल (जोन–1) बनाया गया है। कुमार प्रतीक, कमांडेंट 23वीं बटालियन भोपाल को पुलिस उपायुक्त (जोन–2) इंदौर बनाया गया है।

## जल स्त्रोतों में गम्बूसिया मछली का किया गया संचयन

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठ्या के निर्देशन में मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू/मलेरिया के नियंत्रण हेतु कार्ययोजना बनाकर सम्पूर्ण जिले में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 सितम्बर को हिण्डोरिया ब्लॉक के समन्ना, भदौली, करैया हजारी, हिण्डोरिया, गुंजी, बांदकपुर, केवलारी, रंजरा, अभाना, राजापटना, भूरी, मारूताल एवं अन्य ग्रामों के स्थाई एवं अस्थाई जल स्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया। सीएमएचओ डॉ अठ्या ने बताया किए विगत वर्षो के डेंगू/मलेरिया प्रभावित ग्रामों में कार्ययोजना बनाकर गम्बूसिया मछली का संचयन किया जा रहा है ताकि आगामी समय में डेगू/मलेरिया नियंत्रण व मच्छरों की रोकथाम में सहायता मिल सके।

# पीएम जनमन योजना में सरकार के साथ समाज भी जुड़े: राज्यपाल

## राजभवन में पीएम जनमन योजना की समीक्षा बैठक हुई

भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पीएम जनमन योजना जनजातीय वर्ग के कल्याण की अभूतपूर्व योजना है और यह समाज के वंचित वर्गों के उत्थान का प्रयास है। समरस समाज के निर्माण की इस पहल में सरकार के साथ समाज को भी सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। राज्यपाल ने आहवान किया कि पीएम जनमन आवास योजना के आवासों को और अधिक बेहतर बनाने के लिये समाज के समृद्ध वर्ग का सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल पीएम जनमन योजना की प्रगति की मंगलवार को राजभवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि प्रशासनिक स्तर पर निर्माण कार्य की मजबूती के लिए सामग्री की गुणवत्ता के साथ निर्माण की देख–रेख के प्रयासों में मैदानी सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण सामग्री की लागत को कम करने, कीमतों में समन्वय, स्थानीय और हरित निर्माण सामग्री के उपयोग की संभावनाओं को तलाशा जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आवास की मजबूती से कोई समझौता नहीं हो। राज्यपाल ने कहा कि पीएम जनमन योजना जनजातीय समुदाय को समग्रता में लाभान्वित करने की योजना है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से सबसे गरीब को सबसे पहले प्राथमिकता देना चाहिए और आवास मजबूत और सुविधा जनक हो। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आवास निर्माण स्थल का निरीक्षण निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सहयोग की दृष्टि से किया जाना चाहिए। स्थल चयनए आकार और निर्माण के दौरान लगने वाली सामग्री की उपलब्धता और गुणवत्ता संबंधी विभिन्न पहलुओं पर हितग्राहियों को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए।

# फार्मर रजिस्ट्री में दमोह तहसील अव्वल

## अब तक 1 लाख 86 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

दमोह



दमोह जिले में पिछले दिनों से लगातार ही फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी आई है और फार्मर रजिस्ट्री के साथ ही जिले में अब तक एक लाख 86 हजार 400 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। यह लक्ष्य 90.63 फीसदी है। जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले सभी 2 लाख 5 हजार 670 किसाने की फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया लगभग 8 माह पहले शुरू हुई थी जिसमें अभी तक 1 लाख 86 हजार 400 किसानों ने रजिस्ट्री कराई है। अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे ने बताया कि जिले में लगातार ही फार्मर रजिस्ट्री के पंजीयन का कार्य जारी है। जिले में वर्तमान में दमोह तहसील अव्वल स्थान पर है। दमोह तहसील में अब तक 94.66 प्रतिशत किसाने की फार्मर रजिस्ट्री की जा चुकी है। वहीं पथरिया तहसील में 94.66 प्रतिशत किसाने की फॉर्मर रजिस्ट्री के साथ दूसरे और हटा तहसील 92.29 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री के साथ प्रतिशत के आधार पर तीसरे स्थान पर है।

***अलग–अलग तहसीलों का रिकार्ड***– जिले की दमोह तहसील में 34033 किसानों में से अभी तक 32217 किसान, जबेरा तहसील में 33484 किसानों में से 29789, पथरिया तहसील में 30232 में से 28525, बटियागढ़ में 26879 में से 24379, हटा में 25072 में से 23139, पटेरा में 25755 में से 22939, तेंदूखेड़ा में 27243 में से 22768 तथा दमयतीं नगर में 2972 में से 2644 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे ने बताया कि कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है।

## 2 अक्टूबर से चलाया जायेगा सम्पूर्णता अभियान 2.0

**दमोह।** मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 5 सितम्बर में लिए गये निर्णय अनुसार सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ दमोह जिले में आगामी 2 अक्टूबर से किया जायेगा। यह अभियान 31 दिसम्बर तक जिले भर में संचालित होगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी आदेश अनुसार जिले के सभी विकासखंड में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

# सनातन को बचाना है तो गाय को बचाएं



दमोह

गाय सनातन की जड़ है अगर सनातन को बचाना है तो गाय की रक्षा का संकल्प एक–एक सनातनी व्यक्ति को लेना होगा दमोह एवं मीडिया के लोग संकल्प लें की दमोह में बूचड़खाना कभी नहीं खुलने देंगे। गौशाला में गाय की सेवा कर रहे लोगों से अपील की गई कि गाय की सेवा में आने वाले सरकारी पैसे के भ्रष्टाचार से बचें यह विचार बूंदाबहू मंदिर मानस भवन में गौ महिमा भागवत कथा कर रहे वृंदावन से आये मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास महाराज के कृपा पात्र प्रसिद्ध कथा वाचक गुरूदेव रसराजदास महाराज धाम वृन्दावन द्वारा व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लोगों के हृदय से दया समाप्त होती जा रही। यही कारण है कि लोग अपने घरों से अपने खेतों से गाय को बाहर करते जा रहे हैं। गाय बाजारों एवं कचरा घरों में अपनी भूख मिटाने के लिए सड़े गले भोजन के साथ प्लास्टिक की पन्नी खा जाती है, जब ऑपरेशन होते हैं तो उनके पेट से 10–20 किलो पन्नी निकलती है। उन्होंने गाय की रक्षा कर रहे गौ सेवकों की प्रशंसा की और कहां की वह एक बेहतर कार्य कर रहे हैं।


**CHANGE OF NAME**

I WAS KNOWN AS RAHUL KUMAR I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I SHALL BE KNOWN AS RAHUL KUMAR PATEL S/O RAM NARAYAN RESIDENT OF SALAIYA, PADWAR, JABALPUR (M. P ) 483001.

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रसुन जैन पिता श्री प्रमोद कुमार जैन के स्वामित्व की संपत्ति मौजा लक्ष्मीपुर, पुराना चेरीताल वार्ड, नया महाराजा अग्रसेन वार्ड, प्लाट नं. 57. डायवर्शन प्लाट नं0 225, खसरा नं. 226 नामांतरण पश्चात् खसरा नं. 226/1/32/1/1/1, रकवा 2400 वर्गफुट नं. बं. 643, प.ह.नं. 25. नया नं. 31. तहसील अधारताल, जिला जबलपुर स्थित संपत्ति के मालिक स्वामी है तथा उक्त संपत्ति को श्री प्रसुन जैन ने विक्रेता श्रीमती सीमा कुशवाहा पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह कुशवारा से विक्रय पत्र दिनांक 25/01/2024 दस्तावेज क्रमांक एमपी 182552024ए 1097979 के द्वारा क्रय किया था एवं श्रीमती सीमा कुशवाहा ने उक्त संपत्ति को छोटेलाल पिता मोतीबदल गुप्ता द्वारा मुख्त्यारआम राजेन्द्र सिंह कुशवाहा से विक्रय पत्र दिनांक 25/05/2000 दस्तावेज क्रमांक 454 के द्वारा क्रय किया था तथा छोटेलाल ने उक्त संपत्ति के संबंध में एक मुख्त्यारआम श्री राजेन्द्र सिंह कुशवाहा के पक्ष में दिनांक 21/05/1986 दस्तावेज क्रमांक 100 को निष्पादित किया था तथा छोटेलाल पिता मोतीबदल गुप्ता ने उक्त संपत्ति को नारायण दास श्रीवास्तव पिता स्व. शिवनंदन लाल श्रीवास्तव से विक्रय पत्र दिनांक 03/08/1971 दस्तावेज क्रमांक 4389 के द्वारा क्रय किया था तथा उक्त श्री नारायणदास श्रीवास्तव ने उक्त संपत्ति को रामसनेही बडेरिया पिता मोहनलाल बडेरिया से विक्रय पत्र दिनांक 01/03/1969 दस्तावेज क्रमांक 1044 के द्वारा क्रय किया था तथा उक्त विक्रय पत्र दिनांक 01/03/1969 दस्तावेज क्रमांक 1044 की मूल प्रति गुम गई है तथा काफी खोजने के बाद भी आज दिनांक तक अप्राप्त है एवं अब श्री प्रसुन जैन पिता श्री प्रमोद कुमार जैन द्वारा उक्त संपत्ति को बैंक से ऋण प्राप्त कर बैंक में ऋण की प्रतिभूति के तौर पर बंधक किया जाना प्रस्तावित है । अतः जिस किसी भी वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई व्यक्ति जो उक्त संपत्ति पर अपना दखल रखता हो या किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अंदर निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों सहित पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें अन्यथा समय सीमा उपरांत उक्त संपत्ति को श्री प्रसुन जैन बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य तथा श्री प्रसुन जैन एवं बैंक पर बंधनकारी नहीं होगी ।

भवदीय
**महेन्द्र सपकाल**
**एडवोकेट**
भीमनगर ग्वारीघाट रोड, जबलपुर, म.प्र.
मो. 9300405041

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्र./0362/अ-6/2025-26

आवेदक श्री वशिष्ठ शर्मा पिता स्व. चन्द्रमा शर्मा निवासी पावर हाउस के पीछे कुऐ के पास अधारताल द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र क्रं./दानपत्र क्रमांक/वसीयत क्रं./फौत दि./ दिनांक क्रं. माध्यम से मौजा/ नजूल ब्लाक प.ह.नं. 22/25 स्थित भूमि खसरा नं./ प्लांट नं. 287/7/1/28 रकबा 900 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता/फौत/दानकर्ता (रजिस्ट्री सुदा) (1) अनिल कुमार चन्पुरिया (2) जगदीश प्रसाद चन्पूरिया से क्रय गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रयपत्र/दानपत्र एवं फार्म पी-II खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अत: उपरोक्त नामातरंण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक को इश्तहार जारी किया गया।
जारी दिनांक :- 08/09/2025
पेशी दिनांक :- 22/09/2025

सील

नायब तहसीलदार
तहसील अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी ज्योति पति श्री धीरज कुमार सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 89 नर्मदा चैतन्य सिटी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000382691 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1125 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री राजेश पौनिकर पिता श्री दत्तात्रय पौनिकर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शोभिता पाण्डेय पति स्व. सिद्धार्थ पाण्डेय श्री समरजीत पाण्डे पिता श्री सिद्धार्थ पाण्डेय ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक खसरा नं. 20/2/1 प्रथम रेसीडेंसी संपत्ति के पिन क्रमांक 1004509087 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा व.फु. पर निर्मित भूतल 800 व.फु. आरसीसी, प्रथम तल 800 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री सिद्धार्थ पाण्डेय पिता श्री श्रवण कुमार पाण्डेय का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश कुमार मिश्रा पिता श्री शम्भूनाथ मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्बी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 166 नमामि वैली कटियाघाट संपत्ति के पिन क्रमांक 9000015807 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1181 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विजय कुमार मिश्रा पति श्री लघु कोमदी मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 8/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीतू देवी पति श्री जय किशुन दास ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक खसरा नं. 149/4 का भाग प्राइवेट प्लाट नं. 21 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000376775 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल रकवा 1200 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती कनिका सरीन पति अनिल कुमार सरीन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/117 दिनांक 9/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभय कुमार मिश्रा पिता श्री मोहन लाल मिश्रा ने मकान नं. 313/GF/D-05 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 172 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/118 दिनांक 9/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हेमन्त कटारिया पिता स्व. श्री धरम दास कटारिया ने मकान नं. डी-404 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती चतुर्थ तल 820 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय**
**नगर निगम जबलपुर**

# प्रमोशन में आरक्षण मामले पर मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

## सरकार ने हाईकोर्ट में जवाब पेश कर पॉलिसी में बताया अंतर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को फिर सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने जबाव पेश करते हुए नई और पुरानी पॉलिसी में अंतर बताया। इस दौरान याचिकाकर्ता ने आरोप लगाते हुए कोर्ट को बताया कि सरकार क्रीमी लेयर, क्वांटिफायबल डेटा पर जवाब नहीं दे रही है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि कोर्ट के समक्ष पेश किया गया कि जबाव अधूरा है। लिहाजा, हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान अगली तारीख एक सप्ताह बाद 16 सितंबर की तय की है। इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार ने यह कहते हुए समय मांगा था कि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं सीएस वैद्यनाथन और तुषार मेहता को हाईकोर्ट में बहस के लिए नियुक्त किया गया है।

### लागू नहीं होगी नई पॉलिसी

राज्य सरकार ने नई प्रमोशन पॉलिसी को लागू करने के लिए अंतरिम राहत मांगी थी, जिसे मानते हुए कोर्ट ने 16 सितंबर की तारीख तय की है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से एक अंडरटेकिंग भी ली है, जिसके तहत सरकार ने नई प्रमोशन पॉलिसी को तब तक लागू नहीं करने का वादा किया है। जब तक कोर्ट इस मामले में अंतिम फैसला नहीं दे देता। मतलब यह है कि फिलहाल नई पॉलिसी को लागू नहीं किया जाएगा। सरकार की नई प्रमोशन पॉलिसी में कुछ बदलाव किए गए हैं, जो कर्मचारी वर्ग में आरक्षण के नियमों को प्रभावित कर सकते हैं। सरकार का कहना है कि यह पॉलिसी कर्मचारियों के हित में है और इसके लागू होने से सभी वर्गों को उचित मौका मिलेगा. वहीं, याचिकाकर्ता इस पॉलिसी के खिलाफ हैं और उन्हें लगता है कि इससे कुछ वर्गों का नुकसान हो सकता है।



### मांगा गया समय

इस मामले में भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने दलील देते हुए बताया कि मप्र हाईकोर्ट पहले ही साल 2002 के प्रमोशन नियमों को आरबी राय केस में रद्द कर चुका है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने नए सिरे से वही नीति लागू कर दी जबकि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एड सीएस वैधनाथन उपस्थित हुए और कोर्ट को कहा कि केस की सुनवाई को इसलिए आगे बढ़ाया जाए क्योंकि सरकार की तरफ से जो ओरल अंडरटेकिंग दी गई है, जिसकी वजह से प्रमोशन नहीं हो पा रहा है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान यह पाया कि सरकार को जबाव पहले पेश करना था, वो सोमवार की शाम को फाइल किया है, जिस पर याचिकाकर्ताओं की तरफ से कोर्ट से समय मांगा गया, ताकि सरकार की रिप्लाई का अध्ययन कर दलील रख सकें।

### यथास्थिति का ऑर्डर फिर भी प्रमोशन

कोर्ट में अधिवक्ता अमोल श्रीवास्तव ने बताया कि यह गौर करने वाली बात है कि सरकार की तरफ जो जवाब पेश किया है, उसमें बहुत सारे मुद्दे याचिकाकर्ताओं ने उठाए है, उस विषय में कोई भी जबाव नहीं दिया गया है, जिसमें क्रीमीलेयर का प्रावधान, बैकलॉग वैकेंसी के लिए टाइम लिमिट कर दिया गया। आरबी राय के केस में जिन पदोन्नतियों को असवैंधानिक ठहराई गई थी, जो कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, ऐसे में यथास्थिति का आर्डर होते हुए भी कैसे प्रमोशन कर सकते हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बैंच ने याचिकाकर्ता की और से मांगा गया समय को ध्यान में रखते हुए अगली सुनवाई 16 तारीख को होगी, जिसमें अंतरिम राहत पर बहस होगी।

## मकान के विवाद पर लगाई फांसी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढा थाने में कविता पटेल उम्र 45 वर्ष निवसी बिजौरी मोहल्ला गढा ने सूचना देकर बताया था कि शाम को वह अपने बेटे के साथ इलाज कराने डॉक्टर के पास गयी थी, पति घर में थे। वह अपने बेटे के साथ घर पहुंची तो देखा कि उसके पति मदन पटेल ने पहली मंजिल की सीढियों के पास छत की राफ्ट से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी । जिन्हें फांसी से उतारकर मेडकल कालेज लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने चैक कर उसके पति मदन पटेल उम्र 57 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि मदन पटेल का मनोज पटेल से मकान सम्बंधी विवाद चल रहा था । मदन पटेल को मनोज पटेल मकान नहीं बनाने दे रहा था। ,मनोज पटेल द्वारा कई महीनों से दी जा रही मानसिक प्रताडना से तंग आकर मदन पटेल ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अनुशासन, नैतिकता और सेवा भाव का संस्कार सिखाते हैं शिक्षक

### हितकारिणी लॉ कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शिक्षक दिवस के अवसर पर हितकारिणी लॉ कॉलेज में छात्रों द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के मार्गदर्शन और योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करना रहा। समारोह में प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह, उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा, सहायक प्राध्यापक मोनिका सिंह, यामिनी मिश्रा, जॉली जैन, अभिषेक नेमा, राजेश सेन, शिवांगी गोलछा, स्वाती यादव, लोकेन्द्र सिंह, अश्विनी दोशी, प्रशांत वर्मा, देवेन्द्र पांडे, कीर्ति कोरी सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं शेक्षण गैरशिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। प्राचार्य डॉ. विकाश सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की आधारशिला हैं। वे केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता और सेवा भाव का संस्कार भी विकसित करते हैं।

उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक और छात्र का संबंध गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित है। यह संबंध केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि जीवन के हर चरण में विद्द्यार्थियों को दिशा और प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सदैव गुरुजनों का आदर करें और उनके बताए मार्ग पर चलें।

**अंधकार में मार्ग दिखाते हैं शिक्षक-** जत्रों द्वारा अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षकों की बदौलत ही विद्यार्थी जीवन में प्रगति कर सकते हैं। शिक्षक ही वह दीपक हैं जो अंधकार में मार्ग दिखाते हैं। गुरुजनों का स्नेह और मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। आज का यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम कभी भी अपने शिक्षकों के उपकार को नहीं भूल सकते। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें उत्कृष्ट भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# कार से रैकी कर पिकअप से ले जाते थे चोरी का माल

## बेलखाडु पुलिस ने चोर गिरोह के सात सदस्यों को दबोचा

जबलपुर

कटंगी के बेलखाड़ू चौकी पुलिस ने एक चोर गिरोह को बेनकाब किया है। पुलिस ने इस गिरोह के सात शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दल अन्य फरार दो आरोपियों की पतासाजी में लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी कार से रैकी करते थे और मौका मिलते चोरी करके माल पिकअप से ढो लेते थे। कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर बेलखाड़ू चौकी प्रभारी राजेश धुर्वे ने गैस गोदाम से सिलेंडर चोरी करने के मामले में छानबीन शुरू की थी। पुलिस ने मामले में संतोष यादव, साहिल बर्मन, दीपक साहू, राहुल चौधरी, नरेंद्र रजक, सोनू कुशवाहा और मोनू कुशवाहा को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रसोई गैस के भरे 60 सिलेंडर सहित लग्जरी कार और पिकअप वाहन जब्त किया है।

# गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने दबोचा

### कटंगी थाने का मामला, 60 सिलेंडर सहित 2 वाहन जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कटंगी पुलिस ने एक बड़े और शातिर गैस सिलेंडर चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 60 गैस सिलेंडर, 30,000 नकद और चोरी में इस्तेमाल किए गए दो वाहन जब्त किए हैं। यह कार्रवाई कटंगी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब बेलखेड़ा स्थित एचपी गैस एजेंसी के मालिक रामलाल घुर्रक ने 2 मई से 7 मई 2025 के बीच अपने गोदाम से 160 सिलेंडर 120 भरे और 40 खाली चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू कर दी।



पुलिस ने कई दिनों तक लगातार तलाशी अभियान चलाया और गुप्त सूचनाओं के आधार पर गिरोह के सरगना संतोष यादव और उसके साले साहिल बर्मन को दबोच लिया। उनसे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गिरोह के बाकी पांच सदस्यों में दीपक साहू, राहुल चौधरी, नरेंद्र रजक, सोनू कुशवाहा और मोनू कुशवाहा को भी गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि यह गिरोह बेहद ही शातिर तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पूछताछ में आरोपियों ने शहर और आसपास के कई इलाकों में की गई अन्य चोरियों की वारदातें भी कबूल की हैं। आरोपियों के पास से चोरी के 60 गैस सिलेंडर और 30,000 नकद बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, चोरी में इस्तेमाल की गई एक इनोवा कार और एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## साक्षरता समन्वयकों का हुआ सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पंद्रह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु प्रदेश में चलाये जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सेमिनार का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये इस सेमिनार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला साक्षरता सह समन्वयकए विकास खण्ड साक्षरता सह समन्वयक संकुल साक्षरता सह समन्वयक एवं अक्षर साथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में प्राचार्य डाइट अजय दुबेए जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, सुनील शर्मा एवं प्राध्यापक डाइट योगेश नन्दन द्विवेदी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी अंजनी सेलट द्वारा साक्षरता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# नवागत इंजीनियरों को एमडी ने बताये श्रेष्ठता के मूलमंत्र



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में 46 नवनियुक्त कार्मिकों ने कंपनी में अपनी औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें 7 महिला जूनियर इंजीनियर और कंपनी के इतिहास में पहली बार नियुक्त की गई एक महिला सिविल अटेंडेंट भी शामिल हैं। इन सभी कार्मिकों को पिछले दिनों भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने इन नये कार्मिकों का अभिनंदन और स्वागत करते हुये उनसे परिचय प्राप्त किया। प्रबंध संचालक ने नवागत जूनियर इंजीनियरों को संबोधित करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) देश की सर्वश्रेष्ठ पावर कंपनियों में से एक है, जिसका एक मुख्य कारण यहां कार्य करने का एक सकारात्मक वातावरण है। अत: सभी के सामने इस श्रेष्ठता को कायम रखने की चुनौती रहेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जूनियर इंजीनियर का दायित्व किसी भी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नही है, बल्कि उनके पास नवीनतम टेक्नालॉजी के साथ एम.पी. ट्रांसको के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहेगा।

## बीएचयू एल्युम्नाई ने लगाई दुर्लभ रत्नों की प्रदर्शनी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बीएचयू एल्यूमनाई जबलपुर द्वारा ट्रिपल आईटीडीएम में 09 सितंबर को एक प्रदर्शनी लगाई गई । इस प्रदर्शनी में साईबेरिया के खदानों से प्राप्त रेयर मैंटल मिनरल्स और रेयर अर्थ जेम्स (दुर्लभ रत्न) प्रदर्शित किए गए। 9 सितंबर को सुबह 11 बजे से 5 बजे तक आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित मिनरल्स और रत्न सुप्रसिद्ध भूगर्भशास्त्री डॉ. ए.एन.सिंह द्वारा साइबेरिया की रेयर मेंटल मिनरल्स एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम के तहत खोजे गए थे । प्रदर्शनी का उद्घाटन जबलपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने किया । बतौर मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने इस दुर्लभ प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी के गर्भ में एक से बढ़कर एक बहुमूल्य रत्न संरक्षित हैं जिनकी निरंतर खोज में भूगर्भशास्त्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका है । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रिपल आई टी डी एम के निदेशक डॉ. भारतेंदु कुमार रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं व्हीएफजे के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार भोला उपस्थित रहे।

## शताब्दी यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को सर्किट हाउस में नौवे गुरू तेगबहादुर साहिबजी का 350वें शहादत दिवस पर शताब्दीज यात्रा के संबंध में सिक्खा समुदाय व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सिक्खे समुंदाय के द्वारा बताया गया कि भोपाल से निकलने वाली यह यात्रा 15 सितम्बसर की शाम 7 बजे भेड़ाघाट रिंगरोड पर पहुंचेगी, जहां शताब्दी यात्रा का भव्य स्वागत किया जायेगा और यात्रा गुरूद्वारा प्रेमनगर पहुंचेगी, जहां कीर्तन व गुरू का लंगर होगा। 16 सितम्बर की सुबह 7 बजे से 9 बजे तक कीर्तन दीवान एवं लंगर गुरूद्वारा मदन महल में किया जायेगा। वहां से यात्रा दश्मेश द्वार से छोटी लाईन, शास्त्री ब्रिज, बस स्टेंड होते हुए मढ़ाताल गुरूद्वारा में समापन होगा। मंत्री श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शताब्दी यात्रा के दौरान साफ सफाई, सुरक्षा व अन्यि आवश्य क व्यवस्थादएं सुनिश्चित की जाये।

# छात्र संगठनों के बीच हुआ खूनी संघर्ष, कई घायल

### ओमती थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ बवाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पॉलिटेक्निक कॉलेज में मंगलवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और मप्र स्टूडेंट यूनियन के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। झगड़े में कई छात्र बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची ओमती पुलिस ने छात्रों को कॉलेज परिसर से बाहर किया और जांच शुरू की। जानकारी के मुताबिक कॉलेज में सदस्यता अभियान के दौरान दोनों संगठनों के बीच बहस शुरू हुई, जो देखते-देखते हाथापाई में बदल गई। बताया जा रहा है कि कुछ छात्र बेसबॉल स्टिक लेकर पहुंचे थे। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश महामंत्री माखन शर्मा का आरोप है कि तथाकथित विद्यार्थी संगठन कॉलेज में पढ़ाई करने आने वाले छात्रों को गांजा सप्लाई करते थे। यह जानकारी एक सप्ताह से लगातार मिल रही थी। मंगलवार को जब परिषद के छात्र पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे और छात्रों से बात की, तो विवाद बढ़ गया। माखन शर्मा का कहना है कि छात्रों की जान से खिलवाड़ करने वाले संगठन को ना सिर्फ जबलपुर बल्कि मध्य प्रदेश से हटाया जाएगा।





***पुलिस ने दर्ज किया मामला-*** वहीं मध्य प्रदेश स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष अभिषेक पांडे का आरोप है कि हमारे संगठन के छात्रों पर दबाव बनाकर अपने संगठन में शामिल कर रहे थे। जिसका हमने विरोध किया तो 50 से 60 लड़के आए और बेसबॉल से हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ज्वाईन कराना चाहता है कि मध्य प्रदेश में सिर्फ उनका संगठन चले और जब हमने इसका विरोध किया तो हम पर प्राणघातक हमला किया गया है। विवाद के बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता ओमती थाने पहुंचे और हमला करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले को लेकर ओमती टीआई राजपाल सिंह बघेल का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच की जा रही है, घायलों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।

## सुनसान जगह ले जाकर किया प्राणघातक हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढा थाने में यूमन सिंह दाहिया उम्र 31 वर्ष निवासी जीरो पहाडी तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह साथी आशीष के साथ कार से रामपुर गया था । लौटते वक्त कुछ लडके हाथ में चाकू एवं अन्य हथियार लेकर आये एवं गाली गलौज कर कहने लगे मारो इसे यही है, सभी एक दूसरे के नाम दीपू, डबलू, बम्बू रोहित टकलू, शाकाल, तरूण, विशाल सुक्खा, छिंगा एवं राजा नाम ले रहे थे। दीपू ने कहा यहॉं से चलो यहां भीड है, तो बम्बू, शाकाल एवं रोहित टकलू हमारी कार मे बैठ गये और उसे जबरदस्ती कार के अंदर बैठाकर रामनगर देवताल ले गये, कार दीपू चला रहा था, तथा अन्य सभी लोग मोटर सायकिलों से पीछे पीछे रामनगर देवताल पहुंचे। सभी ने मारपीट की और कार में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| BAAGHI 4 (HINDI) | 1:30 PM, 4:30 PM, 7:30 PM & 10:30 PM |
| THE CONJURING: LAST RITES (HINDI/ENG) | ENGLISH - 9:00 AM; RUBY 1:40 PM, 4:15 PM, 6:50 PM; RUBY 9:20 PM; HINDI - 11:45 AM, 2:30 PM, 5:10 PM, 7:50 PM & 10:25 PM |
| THE BENGAL FILES (HINDI) | 10:00 AM, 2:00 PM, 6:00 PM & 10:00 PM |
| PARAM SUNDARI (HINDI) | 10:45 AM; RUBY 12:50 PM, 3:25 PM, 6:20 PM; RUBY 8:55 PM |

@moviemagic_jbp | MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पीटल श्री विचक्षण जैन हॉस्पीटल 24/7

क्रिटीकल केयर एवं किडनी डायलिसिस सेंटर (प्युरिटी सर्विसेस नागपुर द्वारा संचालित)

भारतीय स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निम्नलिखित ऑपरेशन रियायती दरों में नागपुर के विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।

मात्र 20000/- सुविधाएं ही सुविधाएं

- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- हार्निया का ऑपरेशन
- पाईल्स
- प्रसव(डलेवरी)
- अपेंडिक्स
- फिश्चुला/मगंदर
- फिशर
- सिस्ट
- हायड्रोसिल
- सर्जन
- अनेस्थिशिया
- ओटी चार्जेस
- बेड चार्जेस
- दवाईयॉं
- खुन की जॉच

नोटः- यह सारी सुविधाएं दि. 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। कृपया ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वास्थ्य का लाभ उठायें।

वार्ड नं. 32, मोती नगर, बालाघाट (म.प्र.)-401001, सम्पर्क करें:- 8959193333, 9685612023, 07632-243906,243907

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**